www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 20 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -286 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



'एक राष्ट्र एक चुनाव' की सोच संविधान की भावना ... 02

■ दिल्ली नगर निगम ने 13 सफाई कर्मचारियों को...
■ डी-सीलिंग पर वसूली करना चाहती है आप सरकार... 03

■ गुटेरेस ने की ईरान-पाकिस्तान तनाव कम करने...
■ कांगो में बाढ़ के कारण 23 की मौत 07

'कर्मा कॉलिंग' में अपनी भूमिका की तैयारी के ... 10

बिलकिस बानो के गुनाहगारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# दोषियों को करना होगा आत्मसमर्पण

■ अदालत ने सरेंडर के लिए वक्त दिए जाने की मांग वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से गैंगरेप और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में सरेंडर करने के लिए समय बढ़ाने के अनुरोध संबंधी 11 दोषियों की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि दोषियों की ओर से बताए गए कारणों में कोई दम नहीं है। बेंच ने कहा, 'हमने आवेदकों के वरिष्ठ अधिवक्ता और वकील, गैर-आवेदकों के वकील की दलीलों को भी सुना है।

आवेदकों द्वारा आत्मसमर्पण के लिए और वक्त दिए जाने के लिए बताए गए कारणों में कोई दम नहीं है क्योंकि ये कारण किसी भी तरह से उन्हें हमारे निर्देशों का पालन करने से नहीं रोकते हैं। इसलिए ये याचिकाएं खारिज की जाती हैं।' उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को 8 जनवरी को रद्द कर दिया था। इसने दोषियों को 21 जनवरी तक जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने को कहा था। बाद में दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर आत्मसमर्पण के लिए और ज्यादा वक्त दिए जाने की गुजारिश की थी। इसके लिए उन्होंने खराब स्वास्थ्य, सर्जरी की जरूरत, बेटे की शादी और पकी फसल की कटाई जैसी वजहों को गिनाया था।





**दोषियों की ओर से बताए गए कारणों में कोई दम नहीं : सुप्रीम कोर्ट**

### गुजरात सरकार ने किया था रिहा

समय से पहले रिहा किए गए 11 दोषियों में बकाभाई वोहानिया, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, गोविंद नाई, जसवन्त नाई, मितेश भट्ट, प्रदीप मोरधिया, राधेश्याम शाह, राजूभाई सोनी, रमेश चांदना और शैलेश भट्ट शामिल हैं। गैंगरेप के आरोपियों को 2004 में गिरफ्तार किया गया था। जनवरी 2008 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपियों की सजा को बरकरार रखा था। आरोपियों को पहले मुंबई की आर्थर रोड जेल और इसके बाद नासिक जेल में रखा गया था। करीब 9 साल बाद सभी को गोधरा की सबजेल में भेज दिया गया था। बता दें कि घटना के वक्त बिलकीस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान बानो के साथ दुष्कर्म किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान बानो के साथ गैंगरेप किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के 7 सदस्यों में उनकी 3 साल की बेटी भी शामिल थी।

### कल खत्म हो रही है आत्मसमर्पण की तारीख

दरअसल, बिलकिस बानो के दोषियों के आत्मसमर्पण करने की समय सीमा 21 जनवरी को समाप्त हो रही है। दोषी नाई ने अपनी याचिका में कहा था, 'प्रतिवादी स्वयं एक बूढ़ा व्यक्ति है, जो अस्थमा से पीड़ित है और उसका स्वास्थ्य वास्तव में खराब है। प्रतिवादी का हाल ही में ऑपरेशन किया गया था और उसे एंजियोग्राफी से गुजरना पड़ा था। यह भी अवगत कराया जाता है कि प्रतिवादी को बवासीर के इलाज के लिए अभी एक और ऑपरेशन कराना है उसने राहत पाने के लिए बिस्तर पर पड़े अपने 88 वर्षीय पिता के खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया।

## राहुल गांधी की सांसदी बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ-साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज (जुर्माने की तरह) में वह एक लाख रुपए जमा करा दें। पीठ ने पांडे की याचिका को तुच्छ बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है।

# शादी से पहले धर्म परिवर्तन के लिए देना होगा हलफनामा

■ दिल्ली हाईकोर्ट ने नए दिशा-निर्देश किए जारी

■ शादी के मकसद से किए गए धर्म परिवर्तन को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। शादी के लिए धर्म बदलने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नई गाइड लाइन जारी की हैं। खबरों के मुताबिक, धर्म बदलने के लिए अब पहले हलफनाना देना होगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने केवल शादी के मकसद से या कानून से बचने के लिए किए गए धर्म परिवर्तन को लेकर चिंता जताई है। बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे पुरुषों और ऐसे मामलों में पालन किए जाने वाले कई दिशा-निर्देश जारी किए गए। हाईकोर्ट ने कहा कि दूसरे धर्म को अपनाने के इच्छुक व्यक्ति की सूचित सहमति होनी चाहिए और इस तरह के महत्वपूर्ण जीवन विकल्प में निहित बहुमुखी निहितार्थों से पूरी तरह परिचित होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि धर्म और उससे जुड़े प्रभावों की विस्तृत समझ प्रदान करके, व्यक्ति को धर्मांतरण के बाद उसकी कानूनी स्थिति में संभावित बदलावों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बिना जानकारी के किसी दूसरे धर्म में धर्मांतरण करने से व्यक्ति तैयार नहीं हो सकता है, जिसके परिणाम स्वरूप वे अब अपने धर्म का पालन नहीं कर पाएंगे, यदि जिस धर्म में वे धर्मांतरण कर रहे हैं, वह इसकी अनुमति नहीं देता है। जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने कहा, यह उस स्थिति में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब उनके अपने धर्म में वापस लौटने पर कानूनी, वैवाहिक, उत्तराधिकार और हिरासत से संबंधित परिणाम सामने आ सकते हैं।




हाईकोर्ट का फैसला बलात्कार और आपराधिक धमकी के अपराध के लिए एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को इस आधार पर रद्द करने से इनकार करते हुए आया कि उसने और कथित पीड़िता ने समझौता कर लिया है और एक-दूसरे से शादी कर ली है।

यह अदालत केवल ऐसी स्थितियों से चिंतित है। ये स्थितियां किसी भी धर्म में परिवर्तन से उत्पन्न हो सकती हैं।

## सार संक्षेप

### बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रति द्रौपदी मुर्मू असाधारण उपलब्धि प्राप्त करने वाले 19 बच्चों को 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2024 से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश के सभी क्षेत्रों से चुने गए 19 बच्चों को कला और संस्कृति, वीरता, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्यगिकी, समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए प्रदान किया जा रहा है। पुरस्कार विजेताओं में दो आकांक्षी जिलों सहित 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से नौ लड़के और 10 लड़कियां हैं।

### आंध्र प्रदेश में जातिगत जनगणना शुरू



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने सभी जातियों की गणना के लिए अपनी व्यापक जातिगत जनगणना शुरू कर दी है। सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सी.श्रीनिवास वेणुगोपाल कृष्ण ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 19 जनवरी से 10 दिनों के लिए निर्धारित किया गया है। जातीय जनगणना के एक चरण में केवल दस दिनों के लिए ही आयोजित होगी। जरूरत पड़ने पर इसे चार से पांच दिनों के लिए आगे बढ़ाया भी जा सकता है। जनगणना के लिए वॉलंटियर प्रत्येक घर में जाएंगे। बिहार के बाद आंध्र प्रदेश जातीय जनगणना करने वाला दूसरा राज्य है।

### मप्र के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** मप्र में ग्वालियर चंबल क्षेत्र के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मुरैना से विधायक रहे राकेश मावई व शिवपुरी के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पारम सिंह रावत ने राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सिंधिया से मुलाकात की।

### मालवाहक विमान सी-295 पहली बार फ्लाईपास्ट में लेगा हिस्सा



**नई दिल्ली।** वायु सेना का सी-295 मालवाहक विमान पहली बार गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर अपने जौहर दिखाएगा। देश में ही बनाया जाने वाला सी-295 मालवाहक विमान गणतंत्र दिवस पर होने वाले फ्लाइपास्ट में पहली बार हिस्सा लेगा। परेड में तीनों सेनाओं की महिला अग्निवीरों को दस्ता भी शामिल होगा जिसमें वायु सेना की 48 महिला अग्निवीर शामिल होंगी। वायु सेना के दस्ते का नेतृत्व स्क्वैड्रन लीडर रश्मि ठाकुर करेंगी। उनके साथ स्कवैड्रन लीडर सुमिता यादव, प्रतिति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी।

# रामलला की अचल मूर्ति के हुए दिव्य दर्शन

■ प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले सामने आई तस्वीर

■ 4.5 फीट की प्रतिमा पर विष्णु के दस अवतार ऊं, स्वास्तिक, शंख-चक्र भी मौजूद



**अयोध्या,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले रामलला की अचल मूर्ति की पूरी तस्वीर शुक्रवार को सामने आई। श्याम शिला से बनी रामलला की अचल मूर्ति बेमिसाल व अद्भुत है। दुनिया में यह रामलला का एक मात्र विग्रह होगा जिसमें श्रीहरि के दस अवतारों के एक साथ दर्शन होंगे। 4.5 फीट की प्रतिमा पर विष्णु के दस अवतार ऊं, स्वास्तिक, शंख-चक्र भी मौजूद। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी आंखों से कपड़े को हटाएंगे। फिर सोने की सलाई से काजल लगाएंगे। इसके बाद रामलला को शीशा दिखाएंगे।

इस मूर्ति को कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। बाल स्वरूप रामलला के अचल विग्रह के पीछे आभामंडल बनाया गया है। एक ही विग्रह में श्रीहरि के दस अवतारों का दर्शन भक्तों को प्राप्त होगा। मूर्ति की ऊंचाई 4. 24 फीट व चौड़ाई तीन फीट है। अचल मूर्ति को राम जन्मभूमि के नवनिर्मित गर्भगृह में 3.4 फीट ऊंचे संगमरमर के सिंहासन पर विराजित किया गया है।

### अब 23 जनवरी को मिलेंगे दर्शन

रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को शनिवार से तीन दिनों तक रामलला के दर्शन नहीं हो सकेंगे। 20 व 21 को अस्थायी राममंदिर में दर्शन बंद रहेगा। जबकि 22 जनवरी को नए मंदिर में रामलला की अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इस दिन केवल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद अतिथियों को ही दर्शन मिलेगा। आम श्रद्धालु 23 जनवरी को नए मंदिर में रामलला के दर्शन कर पाएंगे।

असम के माजुली में आदिवासियों से बोले राहुल गांधी

# जंगलों तक सीमित रखना चाहती है भाजपा

■ छठे दिन असम के माजुली पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

■ भाजपा पर आदिवासियों को शिक्षा व अन्य सुविधाओं से दूर रखने का लगाया आरोप

**गुवाहाटी,19 जनवरी (एजेंसियां)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को जंगल तक सीमित रखना चाहती है और आदिवासियों को शिक्षा और अन्य सुविधाओं से दूर रखना चाहती है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में अपनी पहली जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिए और मूल निवासी होने के नाते संसाधनों पर उन्हें पहला अधिकार दिया। राहुल गांधी ने शुक्रवार को नाव से ब्रह्मपुत्र नदी पार की। उन्होंने जोरहाट के निमाती घाट से माजुली तक की दूरी तय की। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि हम आपको आदिवासी कहते हैं, इसका मतलब है कि मूल निवासी। भाजपा आपको वनवासी कहती है, मतलब जो लोग जंगलों में रहते हैं। कांग्रेस नेता ने राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा, आदिवासियों को वनों तक ही सीमित करना चाहती है और उनके बच्चों को स्कूल तथा विश्वविद्यालय जा कर शिक्षा ग्रहण करने, अंग्रेजी सीखने एवं कारोबार करने के अवसरों से वंचित करना चाहती है। राहुल गांधी ने असम के द्वीपीय जिले माजुली में आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा हम चाहते हैं कि जो आपका है, वो आपको लौटाया जाए। आपका जल, भूमि, वन आपका ही रहना चाहिए।



**कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिए व मूल निवासी होने के नाते संसाधनों पर पहला अधिकार दिया : राहुल गांधी**



असम के मुख्यमंत्री बौखलाए हुए हैं, भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमने कोई नियम नहीं तोड़ा। सरमा पूरी कोशिश कर रहे हैं कि लोग सड़क पर न आएं और राहुल गांधी को न देख पाएं। उन्हें जो कुछ करना है, करने दीजिए। हमें जो कुछ करना है, वो हम करेंगे : **जयराम रमेश**

# उत्तर भारत में फिलहाल अभी सर्दी से राहत नहीं

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में अगले पांच दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा जिससे लोगों को ठंड से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को 23 जनवरी तक उत्तर भारत में घना कोहरो छाए रहने की भविष्यवाणी की है। देश के कई राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में शुक्रवार रेड अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के भटिंडा में आज घने कोहरे के कारण जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई। अमृतसर और पटियाला में 25 मीटर विजिबिलिटी रही। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कई हिस्सों में शनिवार सुबह के दौरान तथा और कुछ हिस्सों में अगले चार दिनों तक कोहरा रहेगा। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी राजस्थान, बिहार, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम त्रिपुरा , ओडिशा, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल सिक्किम, उत्तरी मध्य प्रदेश, झारखंड और गांगेय पश्चिम बंगाल में कुछ हिस्सों में काहरा छाया रह सकता है। इन इलाकों में कड़ी ठंड भी पड़ सकती है। उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों में शीत लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है।



■ अगले पांच दिनों तक कोहरे व शीत लहर का रहेगा सितम जारी


### दिल्ली में 22 ट्रेनें कोहरे से प्रभावित

दिल्ली में कोहरे के कारण 22 ट्रेनें एक से छह घंटे तक लेट रहीं। कई फ्लाइट्स भी लेट चल रही हैं। पालम स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सुबह साढ़े पांच बजे विजिबिलिटी रेंज 50 मीटर दर्ज की गई। आईएमडी ने मप्र और राजस्थान में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों पर बर्फबारी से मध्य प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति है।

# वडोदरा नाव हादसे की जांच को एसआईटी गठित

■ 16 की क्षमता वाली नाव में 31 बैठाए

■ मामले में 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज




**वडोदरा,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा में बोट हादसे की घटना में लेक का मेंटेनेंस करने वाले 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। हरणी लेक का मुख्य ठेकेदार परेश शाह फरार है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर ने हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसमें 7 पुलिस अधिकारी शामिल हैं। मामले में वडोदरा कॉर्पोरेशन में कार्यकारी अभियंता राजेश चौहान ने मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के प्रबंधकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवाई है।

शिकायत में कहा गया है कि हरणी लेक जोन में काम का वर्क ऑर्डर 2017 से मेसर्स कोटिया प्रोजेक्ट के पास है। प्रोजेक्ट में लेक में बोटिंग से लेकर भोजन-पेय, बैंक्वेट हॉल जैसी सभी सुविधाओं की जिम्मेदारी मेसर्स कोटिया के जिम्मे थी।

### पुलिस की लापरवाही भी सामने आई

उधर, एफआईआर को लेकर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। एफआईआर में लेक का मेंटेनेंस करने वाले कोटिया प्रोजेक्ट्स के प्रबंधक बीनीत कोटिया और हितेश कोटिया का नाम दर्ज है। लेकिन एफआईआर में पुलिस ने इनके बंगले का एड्रेस गलत लिखा है।

# महुआ मोइत्रा ने खाली किया सरकारी बंगला



**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। संपदा निदेशालय की नोटिस और जबरन बंगला खाली कराने की चेतावनी के बाद टीएमसी नेता व पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने आखिरकार सरकारी आवास खाली कर दिया। शुक्रवार को बंगला खाली कराने के लिए संपदा निदेशालय की एक टीम दिल्ली के टेलीग्राफ लेन स्थित मकान नम्बर 9 बी पर पहुंची, जो बतौर सांसद महुआ को आबंटित किया गया था। महुआ को तीन बार मिल चुका था नोटिस। टीम के पहुंचने से पहले ही आवास खाली कर दिया गया था। महुआ के वकील शादान फरासत ने कहा कि सुबह 10 बजे तक आवास को पूरी तरह खाली कर दिया गया, इसके बाद संपदा निदेशालय की टीम आवास पर पहुंची।

**तीन बार मिल चुका था नोटिस**

सफलता — चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पथ-प्रदर्शक की तरह काम कर रहा लैंडर

# चंद्रयान-3 मिशन की एक और सफलता, लैंडर अभी भी मददगार

**बेंगलुरु,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के चंद्रयान-3 मिशन को एक और सफलता मिली है। दरअसल चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पथ प्रदर्शक की तरह काम करना शुरू कर दिया है। इसरो ने एक बयान जारी कर बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत चांद की जमीन पर उतरे लैंडर के साथ एक लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे (एलआरए) भी चांद पर भेजा गया था।

अब इस उपकरण की मदद से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के एलआरओ (लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर) ने लेजर रेंज का मापन कर लिया है। बताया गया किया

■ लैंडर में लगा लेजर उपकरण दशकों तक रहेगा सक्रिय

लैंडर में लगा लेजर उपकरण दशकों तक सक्रिय रहेगा। यह जानकारी भारतीय स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो)ने शुक्रवार को दी। चंद्रयान-3 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया गया था। इसमें तीन हिस्से थे-प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान। प्रोपल्शन मॉड्यूल को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया गया था। लैंडर और रोवर ने 23 अगस्त को चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंडिंग की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर ने 12 दिसम्बर 2023 को विक्रम लैंडर के एलआरए के जरिए रिफलेक्ट किए गए सिग्नल्स को कैच किया था।



### चांद पर जाने वाले मिशनों को मिलेगा बड़ा फायदा

एलआरओ, नासा का ऑर्बिटर है, जो चांद की कक्षा में चक्कर लगा रहा है। इस एलआरओ ने ही चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे एलआरए से मिले सिग्नल लेकर लेजर रेंज का मापन किया। मापन का काम 12 दिसम्बर 2023 को किया गया था। एलआरओ ने रात के समय यह मापन किया, जब वह चंद्रयान-3 के लैंडर वाली जगह से पूर्व की तरफ बढ़ रहा था। अब इस मापन की मदद चांद पर भेजे जाने वाले मिशनों को काफी फायदा होगा। चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगे लेजर रेट्रोरिफ्लेक्टर एरे को नासा ने विकसित किया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग के तहत चंद्रयान-3 के साथ चांद पर भेजा गया था।

# देश

**उवाच**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कभी नहीं कहा है कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे बंद हैं, प्रस्ताव आएगा तो विचार किया जाएगा, लेकिन, उनके पास प्रस्ताव लेकर कौन जा रहा है? हम लोगों ने कोई प्रस्ताव नहीं दिया है:-**अशोक चौधरी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 18.6 | 06.6 |
| मुंबई | 29.0 | 17.5 |
| कोलकाता | 19.1 | 14.5 |
| चेन्नई | 29.1 | 20.1 |

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की सोच संविधान की भावना के खिलाफ : कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 19 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को साफ कर दिया कि वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के खिलाफ है और भारत जैसे विशाल देश में इसकी कोई जरूरत नहीं है तथा उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज इस मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति को पत्र लिखकर कहा कि 'एक चुनाव एक राष्ट्र' की व्यवस्था की देश कोई कोई जरूरत नहीं है और यह सोच हमारे संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, यह विचार ही मूल रूप से भारतीय संविधान की व्यवस्था के विरुद्ध है। भारत जैसे एक मजबूत लोकतंत्र में इस तरह का विचार आना ही गलत है क्योंकि हमारे यहां सभी चुनाव एक साथ नहीं कराए जा सकते हैं। उन्होंने समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति से आग्रह किया कि वह देश की संवैधानिक व्यवस्था को नष्ट करने वाली समिति के अध्यक्ष के तौर पर तथा पूर्व राष्ट्रपति के पद की गरिमा का दुरुपयोग न होनें दें।

**'एक चुनाव एक राष्ट्र' की व्यवस्था की देश कोई कोई जरूरत नहीं है और यह सोच हमारे संविधान के खिलाफ है:-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**



कांग्रेस नेता ने मामले में गठित उच्च स्तरीय समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे पत्र में कहा है कि इस संबंध में समिति का गठन ही संघीय ढांचे के विरुद्ध है। इस तरह का प्रारूप संविधान की संघवाद की गारंटी वाली व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने इस विचार को संविधान की मूल संरचना के खिलाफ करार दिया और कहा कि यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की जरूरत होगी।

श्री खड़गे ने समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के गत 18 अक्तूबर के पत्र के जवाब में पार्टी का रुख साफ करते हुए समिति को भेजे पत्र में उनसे मांगे गये सुझाव के मद्देनजर 17 बिंदुओं में अपने सुझाव भी दिए हैं। उनका कहना था सरकार ने शुरु से ही इस मुद्दे पर ईमानदारी नहीं बरती और इस मामले में समिति का गठन करके संविधान की मूल संरचना के खिलाफ काम किया है। उन्होंने श्री कोविंद से भी अनुरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विचार का कड़ा विरोध करके और इसके लिए बनी समिति को भंग करने की मांग करती है।

## केरल सीएम के 'चलो जंतर मंतर' विरोध में शामिल होने से कांग्रेस का इनकार

तिरुवनंतपुरम। केंद्र के खिलाफ 8 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा धरना में कांग्रेस नहीं जाएगी। पार्टी ने निमंत्रण को ठुकरा दिया है। विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने शुक्रवार को यूडीएफ में चर्चा के बाद कहा कि यूडीएफ में शामिल कोई भी दल दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में विजयन और उनकी टीम के साथ शामिल होने के पक्ष में नहीं है। वीडी सतीसन ने कहा, 'हमने विजयन और उनकी टीम के विरोध में शामिल होने के अनुरोध पर चर्चा की, लेकिन कोई भी सहयोगी इसके पक्ष में नहीं था, इसलिए मैं जल्द ही विजयन को एक पत्र देकर उनके साथ शामिल होने में असमर्थता व्यक्त करूंगा।' सीएम विजयन और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने सभी मोर्चों पर केरल के साथ किए गए केंद्र सरकार के 'घटिया' व्यवहार के खिलाफ विरोध करने का फैसला किया है। विशेष रूप से ऐसे समय में राज्य के लिए धन की निकासी नहीं करने पर, जब राज्य अपने सबसे खराब वित्तीय संकट से गुजर रहा है।

## राम, सीता और लक्ष्मण संविधान के अभिन्न अंग: धनखड़

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भगवान राम, सीता और लक्ष्मण को भारतीय संविधान का अंग बताते हुए शुक्रवार को कहा कि संविधान की मूल प्रति में दिए गए चित्र भारत की 5000 साल पुरानी सभ्यता के लोकाचार की झलक पेश करते हैं। उपराष्ट्रपति आज गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के 72 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों के खंड में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण का चित्रण संविधान का अभिन्न अंग है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा, ऐसे प्रमुख खंड प्रसारित संस्करणों से बाहर हैं। ये चित्र हमारे संविधान का एक अभिन्न अंग हैं। उन्होंने युवाओं को नवाचार में संलग्न होने और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उद्योगों को अनुसंधान और विकास के मामले में शैक्षणिक संस्थानों को संभालना चाहिए ताकि युवा प्रौद्योगिकियों के सकारात्मक पहलुओं का उपयोग करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि युवा राजनीतिक तंत्र के रूप में अशांति और विघटन को हथियार बनाने वालों को जवाबदेह बनाएं। उन्होंने संविधान सभा के सदस्यों द्वारा निर्धारित मूल्यों के प्रति सचेत रहने के लिए जन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी पर जोर दिया। गुजरात को महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों का एकीकरण श्री पटेल की भागीदारी से हुआ था।

# राबड़ी आवास पहुंची ईडी की टीम ने लालू-तेजस्वी को दिया समन, पूछताछ के लिए बुलाया

**पटना,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के मामले में ईडी ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को तीसरा समन जारी किया है। ईडी के अधिकारी शुक्रवार की दोपहर अचानक राबड़ी आवास पहुंचे और लालू-तेजस्वी को समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने आगामी 29 और 30 जनवरी को दोनों पूछताछ के लिए बुलाया है। दरअसल, लैंड फॉर जॉब स्कैम में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके डिप्टी सीएम बेटे तेजस्वी यादव को पहली बार समन जारी कर 22 दिसंबर और 27 दिसंबर को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया था। ईडी के समन के बावजूद न तो तेजस्वी यादव दिल्ली पहुंचे और ना ही लालू प्रसाद ही पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष हाजिर हुए।

इसके बाद इडी ने लालू-तेजस्वी को दूसरा समन जारी किया लेकिन ईडी के दूसरे समन के बाद भी दोनों बाप-बेटा दिल्ली नहीं पहुंचे। जिसके बाद शुक्रवार को ईडी की टीम अचानक राबड़ी आवास पहुंच गई और खुद अपने हाथों से लालू-तेजस्वी को समन सौंपा। थोड़ी देर रूकने के बाद ईडी की टीम राबड़ी आवास से रवाना हो गई। ईडी ने 29 और 30 जनवरी को दोनों को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया है।

ईडी का दावा है कि रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में नये तथ्य सामने आये हैं। जिसके आधार पर तेजस्वी और लालू प्रसाद से पूछताछ जरूरी है। लिहाजा दोनों को पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। 11 नवंबर को ईडी की गिरफ्त में आए इस केस की अहम कड़ी कारोबारी अमित कात्याल से पूछताछ के बाद ईडी को कुछ नई जानकारियां मिली थी। उसी आधार पर ईडी तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव से पूछताछ करने वाली है।

बता दें कि इस मामले ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की है जबकि सीबीआई 3 चार्जशीट फाइल कर चुकी है। पिछले दिनों ईडी ने इस मामले में कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। अमित कात्याल से पूछताछ के दौरान ईडी को कई नई जानकारियां मिली हैं। जिसके बाद ईडी ने लालू और तेजस्वी को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। आरोप है लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराई थी।

इसी मामले में मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पिछले दिनों पहली चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें ईडी ने कारोबारी अमित कात्याल समेत 7 लोगों को आरोपी बनाया था। इस चार्जशीट में ईडी ने लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव और हृदयानंद चौधरी को भी आरोपी बनाया है। इसके अलावा दो कंपनियों को भी इस मामले का आरोपी बनाया गया है। ईडी की पहली चार्जशीट पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रखा है। आगामी 20 जनवरी को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा।

**सार संक्षेप**

### मध्य प्रदेश के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश में ग्वालियर चंबल क्षेत्र के दो वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। मुरैना से विधायक रहे राकेश मावई और शिवपुरी के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पारम सिंह रावत ने आज यहाँ राजीव गांधी भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में श्री सिंधिया से मुलाकात की। श्री सिंधिया ने उन्हें भाजपा के अंगवस्त्र पहनाये और सदस्यता की औपचारिकताएं पूरी करायीं। श्री मावई और श्री रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, श्री सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की और भाजपा में शामिल किये जाने के लिए आभार प्रकट किया।

### गुजरात कांग्रेस विधायक चावड़ा ने दिया इस्तीफा, बीजेपी में हो सकते हैं शामिल

अहमदाबाद। गुजरात में कांग्रेस को झटका देते हुए उसके वरिष्ठ सदस्य और विजापुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक सी.जे. चावड़ा ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। इस कदम को चावड़ा के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के रूप में देखा जा रहा है। उनका इस्तीफा औपचारिक रूप से गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को गांधीनगर में उनके आधिकारिक आवास पर सौंपा गया। उनका पार्टी छोड़ना गुजरात विधानसभा में कांग्रेस के प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय कमी का प्रतीक है, जो अब 182 सीटों वाली विधायिका में 15 रह गई है। इससे पहले पूर्व कांग्रेस विधायक चिराग पटेल ने भी पार्टी छोड़ दी थी। वो भी जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। चावड़ा, जो दो बार विधानसभा के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं, कांग्रेस पार्टी में एक अनुभवी नेता थे। उन्होंने पहले गांधीनगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में मुख्य सचेतक की भूमिका निभाई थी।

### प्राथमिकता के साथ पूर्वोत्तर का विकास कर रही है केन्द्र सरकार: शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सरकार 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फर्स्ट' के तीन मंत्रों के साथ पूर्वोत्तर में प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को गति दे रही है। श्री शाह ने शुक्रवार को शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद के 71वें पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 75 वर्षों में से पिछले 10 वर्ष पूर्वोत्तर के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में ढांचागत सुविधाओं के निर्माण से पूर्वोत्तर और दिल्ली तथा शेष भारत के बीच की दूरी कम हुई है, साथ ही मन का अंतर भी कम हुआ है।

# भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र असीमित आवश्यकता पूरा कर रहा है: मांडविया

**नई दिल्ली**, 19 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा समय में भारत का स्वास्थ्य देखभाल तंत्र अत्याधुनिक नवाचार और सुलभता के साथ गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं की असीमित आवश्यकता को पूरा कर रहा है। श्री मांडविया ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित प्रथम वैश्विक मल्टी-स्पेशियलिटी रोबोटिक्स सर्जिकल सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा, हम एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां एक दशक पहले, भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नवाचार के साथ-साथ पहुंच और सामर्थ्य के संदर्भ में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन भारत ने सामूहिक प्रयास और अटूट संकल्प से उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व में हम स्वास्थ्य सेवा क्रांति में सबसे आगे खड़े हैं। एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफ़ेस, डिजिटल स्वास्थ्य आदि जैसी देखभाल की अकल्पनीय प्रक्रियायें वास्तविक बन गई हैं।



सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी के बारे में एक साझा दृष्टिकोण साझा तैयार किया जाना चाहिए और भविष्य के लिए एक स्पष्ट योजना तैयारी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जाति की भलाई के लिए और देश में सर्जिकल स्वास्थ्य सेवा में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रौद्योगिकी में मौजूद अपार संभावनाओं और अनंत संभावनाओं का प्रस्तुतिकरण होना चाहिए।

सम्मेलन का उद्देश्य रोबोटिक सर्जरी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। रोबोटिक सर्जरी के भविष्य पर चर्चा करने के लिए दुनिया भर से 150 से अधिक प्रसिद्ध विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन दो दिन चलेगा। देश का पहला और एकमात्र घरेलू सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम 'एसएसआई मंत्र' के निर्माता एसएस इनोवेशन ने इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में 'एसएसआई मंत्रा' के साथ प्रसिद्ध रोबोटिक सर्जनों की लाइव सर्जरी की गयी है।

एसएस इनोवेशन के संस्थापक, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के साथ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य के लिए मंच तैयार करेगा और रोबोटिक सर्जरी का भविष्य तय करेगा।

## 30 जनवरी को बिहार पहुंचेंगे जेपी नड्डा बड़ी जनसभा को करेंगे संबोधित

पटना। बिहार में सियासी गहमागहमी और नीतीश कुमार के पलटी मारने की अटकलों के बीच बीच बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार दौरे पर आ रहे हैं। आगामी 30 जनवरी को जेपी नड्डा बिहार पहुंचेंगे और कटिहार में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। नड्डा का यह दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मिशन 2024 के तहत बिहार पहुंच रहे हैं। 30 जनवरी को नड्डा सीमांचल में मतदाताओं को साधने के लिए कटिहार में बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही साथ नड्डा पार्टी के नेताओं के साथ ताजा सियासी हालात को लेकर बैठक करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं को टास्ट देंगे। नीतीश कुमार के पलटी मारने के कयासों के बीच नड्डा के दौरे को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे पहले पिछले साल पांच अक्टूबर को पटना पहुंचे थे और कैलाशपति मित्र की 100वीं जयंती के मौके पर बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस बीच पूरे रास्ते में नड्डा के स्वागत के लिए बीजेपी ने भव्य तैयारी की थी। 11 जगहों पर बीजेपी कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागतकिया था।

## छत्तीसगढ़ के विधायकों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आज ओम बिरला करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम का समापन रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के भाषण के साथ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा के विधायक, लोकसभा के महासचिव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्य 20 एवं 21 जनवरी 2024 को आयोजित किए जा रहे इस दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के अलावा उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया सहित वरिष्ठ विधायक और विषय विशेषज्ञ - संसद/विधानमंडलों में बजटीय प्रक्रियाएं और वित्तीय कार्य, संसदीय विशेषाधिकार और आचार, प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व की सूचनाओं का महत्व और उपयोग और संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली सहित विधायी महत्व के अन्य कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।



# इंडिया गठबंधन के गढ़ पश्चिम यूपी को मोदी के सहारे भेदेगी भाजपा

नई दिल्ली, 19 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के जरिए अवध और पूर्वांचल राममय हो चला है। लेकिन पश्चिम यूपी में अगर इंडिया गठबंधन पूरे तालमेल के साथ उतरता है तो लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ चुनौती बड़ी हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए पार्टी ने पश्चिम यूपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खासतौर पर उतारने की तैयारी की है। इसके तहत प्रधानमंत्री 25 जनवरी को कई चुनावी सौगात लेकर बुलंदशहर में राममंदिर के उद्घाटन के बाद पहली चुनावी रैली करेंगे। हालांकि पहले उनका यह आगाज अलीगढ से होना था,लेकिन बाद में इसे बदलकर बुलंदशहर कर दिया गया।(बतादें कि प्रधानमंत्री ने 2014 में बुलंदशहर और 2019 में मेरठ से चुनावी शंखनाद किया था। इस बार 2024 में फिर से वे बुलंदशहर से चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। माना जा रहा है कि भाजपा बुलंदशहर के जरिए पश्चिम यूपी की 14 लोकसभा सीटों को साधने की रणनीति बनाई है। जिसके चलते सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों से लोगो को रैली में लाने की तैयारी हो रही है। मालूम हो कि 2919 में भाजपा को सबसे ज्यादा झटका पश्चिमी उत्तरप्रदेश से ही लगा था। यहां लोकसभा 14 सीटों में से भाजपा को 6 सीटों पर हार का सामना करना पडा था। उसे सहारनपुर, बिजनौर,नगीना, संभल, अमरोहा और मुरादाबाद लोकसभा सीटों पर मात मिली थी। लेकिन इस बार पार्टी यूपी की सभी 80 सीटों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। ऐसे में प्रधनमंत्री की पहली रैली बुलंदशहर में होने से संकेत मिल रहे हैं कि इस बार पश्चिम यूपी पर उनकी खास नजर है। इसके अलावा उनकी दूसरी रैली आजमगढ और तीसरी रैली लखनऊ में होगी।




# मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2024 में 1 ट्रिलियन-डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल करने के संकल्प को दोहराया

**दावोस,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2024 डब्ल्यूईएफ की अपनी यात्रा का समापन किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने राज्य में बड़ी मात्रा में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान शिंदे के साथ उद्योग मंत्री उदय सामंत भी थे, और उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 19 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए और महाराष्ट्र को अपनी 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेजी से विकास पर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

यह यात्रा वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक आम बैठक की सफलताओं पर आधारित है और इस वैश्विक विश्वास को और मजबूत करती है कि मैग्नेटिक महाराष्ट्र भारत के लिए एक स्थायी और भरोसेमंद प्रवेश द्वार है।

ब्रिंगिंग कॉन्फिडेंस ड्यूरिंग ए चेंजिंग वल्ड थीम के तहत महाराष्ट्र को प्रमुख निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए श्री शिंदे ने वैश्विक राजनीतिक नेताओं, उद्योग जगत की अग्रणी और दिग्गज हस्तियों और नीति निर्माताओं के साथ कई बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न कीं और 3,53,675 करोड़ लगभग 44.2 बिलियन डॉलर के समझौता ज्ञापनों को औपचारिक रूप दिया। इसके साथ ही अतिरिक्त 1 लाख करोड़ के निवेश को लेकर भी निवेशकों ने अपनी दिलचस्पी जताई, जिससे कुल 4.5 लाख करोड़ 56.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश आकर्षित हुआ। इसमें महत्वपूर्ण एफडीआई घटक भी शामिल है। निवेश संबंधी इन प्रस्तावों के अमल में आने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, आईटीईएस, डेटासेंटर, रत्न और आभूषण, कृषि, ऑटो और नवीकरणीय सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के लगभग 2 लाख अवसर उपलब्ध होने की संभावना है।



मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड इकोनॉमिक के दौरान आयोजित एक बहुपक्षीय बैठक में भी भाग लिया, जिसमें विकास के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी और साझा समृद्धि पर केंद्रित चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समृद्ध, टिकाऊ और न्यायसंगत भविष्य के लिए स्थान-आधारित इनोवेशन के महत्व पर जोर दिया। पूरे महाराष्ट्र की विभिन्न सफलताओं के आधार पर, उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समावेशी समाधान के रूप में स्थान-आधारित इनोवेशन की क्षमता पर भी चर्चा की और इस क्षमता को बढ़ाने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर अपने विचार साझा किए। गोलमेज सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रमुख वक्ता और डेलॉइट, सेल्सफोर्स और सिटीग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए।

### इंटरनेशनल बार्डर पर मिली सुरंग का दूसरा मुहाना नहीं मिला तो पाक से संबंध नहीं जुड़ पाया

# जम्मू सीमा को नहीं मिली मुक्ति पाकी सुरंगों से

**जम्मू,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। जम्मू सेक्टर के सांबा के राजपुरा गांव में इंटरनेशनल बार्डर पर जो 15 फुट लंबी सुरंग कल मिली थी उसका दूसरा मुहाना न मिलने के कारण उसका संबंध फिलहाल पाकिस्तान से होने वाली घुसपैठ से नहीं जुड़ पाया है पर सुरक्षाधिकारी कहते थे कि इस सुरंग को उस पार से होने वाली घुसपैठ करवाने या आने वाले हथियार व गोला बारूद को छुपाने के लिए इस्तेमाल किया जाना था। फिलहाल जांच जारी है।

पर इतना जरूर था कि जम्मू सीमा अर्थात इंटरनेशनल बार्डर पर पाकिस्तान और उसक पिट्ठुओं द्वारा कितनी सुरंगें खोदी गई हैं फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। इतना जरूर है कि पिछले 12 सालों में 14 ऐसी सुरंगों का पर्दाफाश बीएसएफ कर चुकी है। अब यह सवाल उठने लगा है कि आखिर जम्मू सीमा को ना'पाक सुरंगों से मुक्ति कब मिलेगी। और कल मिली सुरंग के बाद बीएसएफ परेशान हो गई है क्योंकि वर्ष 2012 के बाद इंटरनेशनल बार्डर पर मिलने वाली सुरंगों में इसका क्रम 14वां है। इतना जरूर था कि इंटरनेशनल बार्डर पर 2012 से अब तक 14 सुरंगों का पता लगाया जा चुका है। वर्ष 2012 और 2014 में अखनूर सेक्टर में दो सुरंगों का पता लगाया गया था। इसके अलावा, 2013 में सांबा सेक्टर में एक सुरंग मिली थी। वर्ष 2016 में दो और 2017 में भी दो सुरंगें मिली थीं।



जानकारी के लिए वर्ष 2016 में ही मार्च में भी बीएसएफ ने आरएसपुरा सेक्टर में एक सुरंग का पता लगाकर पाकिस्तान की साजिश को नाकाम कर दिया था। अखनूर सेक्टर में भी यही हुआ था। आरएस पुरा सेक्टर में मिली सुरंग 22 फीट लंबी थी। इसे बनाने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद बीएसएफ ने कहा था कि बिना पाकिस्तानी रेंजर्स की मदद के इस तरह की टनल बनाना नामुमकिन है। बीएसएफ ने तब पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ मीटिंग में इस हरकत को लेकर विरोध दर्ज कराया था।

**■ 12 सालों में 14 सुरंगें आई हैं सामने, और न जाने कितनी हैं धरती में**

वर्ष 2016 के दिसंबर महीने में भी बीएसएफ को जम्मू के चमलियाल में 80 मीटर लंबी और 2 गुणा 2 फीट की एक सुरंग मिली थी। तब बीएसएफ ने कहा था कि सांबा सेक्टर में मारे गए तीन आतंकियों ने इसी का इस्तेमाल किया था। फरवरी 2017 में भी रामगढ़ सेक्टर में एक सुरंग का पता लगाया गया था। उसका एक सिरा भारत और दूसरा पाकिस्तान में था। अक्टूबर 2017 में अरनिया सेक्टर में भी एक सुरंग मिली थी। सुरंगें मिलने वाले स्थान से जम्मू-पठानकोट राजमार्ग करीब 10 किमी की दूरी पर है और रेल लाइन 3 से 4 किमी की दूरी पर है।

वर्ष 2022 में सीमा सुरक्षा बल ने 23 जनवरी के दिन जम्मू कश्मीर में हीरानगर के पनसर में एक सुरंग का पता लगाया था। इसकी लंबाई 150 मीटर और गहराई 30 फीट थी। इसका निर्माण पाकिस्तानी खुफिया विभाग ने आतंकियों को भारत में घुसपैठ कराने के लिए किया था। जबकि इससे पहले वर्ष 2020 में 4-5 नवम्बर की रात को अरनिया सेक्टर के पिंडी चाढ़का गांव में मिलने वाली सुरंग के मात्र दो महीनों के बाद मिली है। अरनिया में मिली सुरंग के बाद बीएसएफ ने केंद्र सरकार तथा गृह मंत्रालय से अन्य संभावित सुरंगों का पता लगाने के लिए मदद मांगी थी पर वह अभी तक नहीं मिली पाई है।

उल्टा पुल्टा

डाकू : हम घर लूटने आए हैं,
मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं
मिंकू : कोई बात नहीं,
आप लोग शरीफ आदमी लगते हो,
आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।

# कैपिटल ज़ोन

## दिल्ली नगर निगम ने 13 सफाई कर्मचारियों को किया निलंबित

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम ने एक ही राशि के लिए एक से अधिक बार कोर्ट जाकर बकाया राशि प्राप्त करने के लिए नरेला क्षेत्र एवं सदर पहाड़गंज क्षेत्र में कार्यरत 13 सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार एक ही राशि का एक से अधिक बार भुगतान होने के कारण निगम को वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। एक ही राशि का एक से अधिक बार भुगतान विभाग को धोखा देने की कोशिश समझा जा सकता है इसलिए कर्मचारी इस प्रकार के कदम न उठाएं।

दिल्ली नगर निगम के संज्ञान में आया है कि कुछ सफाई कर्मचारी अपना बकाया भुगतान लेने के बाद भी लेबर कोर्ट का रुख कर लेते हैं। लेबर कोर्ट से भुगतान संबंधी आदेश पारित होने के बाद बैंक निगम के खाते से बकाया राशि डेबिट कर सफाई कर्मचारी के खाते में डाल देता है। इस प्रकार सफाई कर्मचारी एक ही बकाया राशि के



लिए कोर्ट से आदेश पारित करा कर एक से अधिक बार भुगतान प्राप्त कर लेते हैं,जिसकी वजह से निगम को वित्तीय हानि उठानी पड़ती है। दिल्ली नगर निगम द्वारा प्रारंभिक जांच करने के पश्चात नरेला एवं सदर पहाड़गंज क्षेत्र से ऐसे कुछ मामलों का पता चला है जिसके चलते उन सभी सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली नगर निगम कर्मचारियों को चेतावनी देता है कि एक ही राशि के लिए बार बार कोर्ट का रुख न करें अन्यथा निगम द्वारा कठोर दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### स्वयं के अधिकार लेना संवैधानिक अधिकार : संजय

इस बाबत दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि अपने स्वयं के अधिकार लेना कानूनसम्मत संवैधानिक अधिकार है इसे रोकना कर्मचारियों पर कुठाराघात है। कर्मचारियों को निलंबित करना इस समस्या का हल नही। हमारा कर्मचारी कम पढा लिखा है और कुछ तो बिल्कुल अनपढ़ है लिहाजा कोर्ट और प्रशासन की लड़ाई में पिस रहा है। कर्मचारियों को जो पैसा मिल रहा है बाकायदा कोर्ट के आदेश से मिल रहा है। प्रशासन को चाहिए कि कोर्ट में दखलंदाजी करें न कि कर्मचारियों का निलंबन। चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि इस मसले निगम अधिकारियों की नियमानुसार हियरिंग करके इस मामले को निपटाया जाएगा और कर्मचारियों को बहाल करवाया जाएगा बशर्ते कर्मचारी भी सावधानी बरतें।

## एमएसटी अनन्या सिलाई सेंटर महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। एमएसटी अनन्या सिलाई सेंटर दिल्ली के छतरपुर इलाके के फ़तेहपुर बेरी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है! सिलाई सेंटर के मार्फ़त जहाँ महिलाओं को आत्मनिंभर बनाने का प्रसास किया जा रहा है वही छह माह का कोर्स करा कर उन्हें स्वावलम्बी भी बनाया जा रहा है। इस सेन्टर से मुफ्त में सिलाई सीखकर आज घर का गुजारा करने वाली कई गरीब लडकियों इलाके में नाम कमा रही है। संस्था की प्रमुख सुनीता तंवर और मनीष तंवर और साथी इंदु सोदी का कहना है कि उन्होने %अपना जीवन गरीबी में बिताया हैं! गरीबी के दौर से गुजर रहे लडकी आगे बढ़? यही हमारी जीत होगी। गरीबी और बेरोजगारी से निकालने का यह प्रयास हमारी संस्था की तरफ़ से हो रहा है। इलाके के सामाजिक गतिविधियों में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता ॠषि पाल महाशय ने कहा कि हर व्यक्ति को उम्र भर कपड़ो की जरूरत होती है, और कपड़े बनाने के लिए सिलाई की जरूरत होती है। सिलाइ कला का उपयोग हर घर में किया जाता है! मैं इसकी बारीकी से अध्ययन करने के बाद यह कह सकते हैं इस कला को जो सीखेगी तो आने वाले समय में अपने समाज में लड़कियाँ एवं महिलायो आत्मनिर्भर बनेंगी। यह कोर्स लड़कियों एवं महिलाओ को स्वरोजगार के लिए प्रेरित एवं शिक्षित के उद्देश्य से बनाया गया है। इस कोर्स के माध्यम से सिलाई की कला का उपयोग क्रियात्मक रूप से करने की कुशलता आएगी! फैशन की दुनिया में विचार को साकार करने का सम्य मिलेंगा। संस्था की प्रमुख सुनीता तंवर और मनीष तंवर कहते हैं कि मेरा यही उदेश्य है कि मेरे देश में कोई बेरोजगार न रहे!



## डी-सीलिंग पर वसूली करना चाहती है आप सरकार : इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दुकानों की डी-सीलिंग पर आम आदमी पार्टी और निगम अधिकारियों की मिली भगत है। आप सरकार जब से निगम की सत्ता में आई है तब से निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है। आप सरकार डी-सीलिंग के मामले में बाहरी तौर पर व्यापारियों के साथ होने का दिखावा कर रही है जबकि दोनों वह चाहती नहीं कि दिल्ली में दुकानों की डी-सील खुले। उन्होंने कहा कि मानिटरिंग कमेटी के आदेश पर हुई सीलिंग को खुलवाने के लिए भाजपा की केंद्र सरकार ने मास्टर प्लान में संशोधन किया था। साथ ही फ्लोर एरिया रेश्यों भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि चाहे दिल्ली शासित आप सरकार और या फिर निगम में शासित आप सरकार हो दोनों ही सरकार विपत्ति में दिल्ली वासियों को छोड़कर भाग जाती है। दिल्ली वासियों ने देखा बाढ़ की स्थिति दिल्ली वासियों के साथ आप सरकार खड़ी नहीं हो सकी। इसी प्रकार कोरोना में भी आप सरकार और उसके मंत्री विधायक घर से बाहर तक नहीं निकले थे। ऐसे ही सीलिंग के मुद्दे पर समाधान की बजाय आप सरकार राजनीति करने में लगी हुई है। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप के मंत्रियों का यह कहना है कि निगमायुक्त उनकी नहीं सुन रहे हैं यह पूरी तरह हास्यस्पद है क्योंकि आप के विधायक, निगम प्रभारी से लेकर पार्षद अपने दफ्तरों में निगम अधिकारियों को बुलाते हैं और उनसे वसूली करने का दवाब डालते हैं। निगम मुख्यालय में भी आप सरकार के विधायक और पार्षद अधिकारियों के दफ्तर में बैठे रहते हैं।



■ स्थायी समाधान की बजाय राजनीति कर रही है आप सरकार

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार डी-सीलिंग के नाम पर चुनाव से पहले व्यापारियों से पैसा इकट्ठा करने की फिराक में है। जबकि भीतरखाने अधिकारियों से मिलकर वह इस मामले को समाधान तक ही नहीं ले जाना चाहते। अगर, आप सरकार की नीयत साफ होती तो 23 दिसंबर को हुई निगम सदन की बैठक में वह डी-सीलिंग के लिए प्राइवेट मेंबर बिल नहीं लाते जबकि अधिकारियों को आदेश देते कि इस संबंध में विभाग प्रस्ताव लेकर आए। उन्होंने कहा कि निगम में प्राइवेट मेंबर बिल की वैधता जब तक नहीं होती है तब कि वह कानूनी रूप से मजबूत नहीं होता है।

## सार संक्षेप

### राममय माहौल में विशेष रामलीला कराएगी केजरीवाल सरकार, तीन दिन होगा मंचन

**नई दिल्ली।** अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में राममय माहौल है। हर जगह राम भजन बज रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में कई वीवीआईपी लोग शामिल होंगे। इस बीच अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में विशेष रामलीला का आयोजन कराएगी। शनिवार यानी 20 जनवरी से लेकर सोमवार 22 जनवरी तक हर रोज शाम को 3 घंटे होगा रामलीला का मंचन होगा। खास बात है कि राममय माहौल के बीच आम आदमी पार्टी हर महीने के पहले मंगलवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 16 जनवरी (मंगलवार) को रोहिणी के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन में पहुंचे। उस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद थी।

### ब्रिक्स-सीसीआई वार्षिक मान्यता पुरस्कार 2024 का आयोजन

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, इंडिया चैप्टर ने शुक्रवार को ले मेरिडियन होटल , नई दिल्ली में ब्रिक्स-सीसीआई वार्षिक मान्यता पुरस्कार 2024 बीएआरए की मेजबानी की। बीएआरए ब्रिक्स ब्लॉक की ताकत का प्रतिनिधित्व करता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. राम नाथ कोविंद इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि आज प्रस्तुत किए जा रहे बीएआरए पुरस्कार न केवल उत्कृष्टता को दर्शाते हैं बल्कि उत्तरदायी व्यावसायिक को भी पहचानते हैं। यह दृष्टिकोण सतत विकास और भविष्य की पीढ़ियों की भलाई के अनुरूप है। पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि थे राज्य सभा के पूर्व सदस्य, महाराजा डॉ कर्ण सिंह सांस्कृतिक विरासत और राजनेता के रूप में, डॉ. सिंह ने न केवल इस कार्यक्रम को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक प्रतिध्वनि से समृद्ध किया, बल्कि एक स्थायी और परस्पर जुड़े भविष्य के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ इस अवसर पर चार चांद लगाए। ब्रिक्स सीसीआई के महानिदेशक डॉ. बी. बी. एल. मधुकर ने युवा उद्यमियों, नवप्रवर्तकों, परिवर्तन निर्माताओं और सामाजिक विकास नेताओं की आवाज के रूप में ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के दृष्टिकोण को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, हमारा दूरंदेशी एजेंडा स्थिरता, जलवायु, ऊर्जा सुरक्षा, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि-व्यवसाय पर केंद्रित है।

## प्रगति-विकास के लिए बड़ा सोचना चाहिए : भट्ट

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। प्रगति और विकास के लिए, हमें बड़ा सोचना चाहिए और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। इसलिए, भारत आज बड़ा सोचो, बड़ा सपना देखो, बड़ा करो के सिद्धांत को अपनाकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह कहना है रक्षा और और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ईईपीसी इंडिया ने वित्त वर्ष 2018-2019 के लिए अपने सदस्य निर्यातकों के शानदार प्रदर्शन के लिए 84 विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 112 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, और भारतीय इंजीनियरिंग ने मार्च 2023 तक 128 बिलियन अमेरिकी डॉलर हासिल करने का लक्ष्य रखा है। ईईपीसी इंडिया एक्सपोर्ट पुरस्कारों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति की सराहना करते हुए, उन्होंने ब्रांड भारतीय इंजीनियरिंग के लिए वैश्विक पहचान हासिल करने में इस पुरस्कार द्वारा निभाई गई भूमिका को मान्य किया। भट्ट ने कहा कि कहा कि हाल के वर्षों में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका निभाने और भारतीय उद्योग को आत्मनिर्भर और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार सहयोग की दिशा में संबंधों को सुविधाजनक बनाने और निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने बाहरी मुद्दों के बीच वैश्विक बाधाओं पर विजय प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल करने के लिए विजेताओं को बधाई दी।




## एम्यूजमेंट इंडस्ट्री में हैं विकास की अपार संभावनाएं : श्रीकांत

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। इंडियन एसोसिएशन ऑफ एम्यूजमेंट पार्क्स एंड इंडस्ट्रीज आईएएपीआई की 25वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पैनल चर्चा और मोटिवेशनल सेशन में इस उद्योग की संभावनाओं पर विमर्श हुआ।

इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विविध सत्र आयोजित किए गए। आईआईएम इंदौर के ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रोफेसर रंजीत नंबूदरी ने अगले 25 साल में एम्यूजमेंट इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने के कदमों पर अपने विचार रखे। उनके वक्तव्य से इस इंडस्ट्री को समझने और इसमें विकास की संभावनाओं को जानने में मदद मिली। इन महत्वपूर्ण सत्रों के बाद आईएएपीआई की 25वीं वर्षगांठ का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीकांत गोयन्का, अध्यक्ष आईएएपीआई ने कहा, पूरा देश या यूं कहें कि पूरा विश्व एक एक्पीरिंशियल टूरिज्म की तरफ जा रहा है। जिसमें हम हर चीज का अनुभव लेकर उसका आनन्द उठाना चाहते हैं। आईएएपीआई में हमारे पास 500 सदस्य हैं, जो एम्यूजमेंट, लेजर सेक्टर से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि हमारी वार्षिक टर्न-ओवर 11,500 करोड़ के मुकाम पर पहुंची है और हम उम्मीद करते हैं कि 2030 तक यह 25000 करोड़ तक पहुंच जाये या उससे पहले ही हम इस आंकड़े को प्राप्त कर पायेंगे। भारत में लगभग 300 एम्यूजमेंट पार्क हैं और 2500 इंडोर एम्यूजमेंट सेंटर हैं। अनुमानतः यह उद्योग 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जिससे रोजगार में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## मेयर को करावल नगर में मिली गंदगी, अधिकारियों को 3 दिन के भीतर प्रत्येक वार्ड का दौरा करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबरॉय और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने करावल नगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने बताया कि दिल्ली होगी साफ अभियान के छठे दिन करावल नगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा संतोषजनक नहीं रहा। यहां पर जगह-जगह कूड़ा और गंदगी देखने को मिली। क्षेत्र में बीजेपी के पार्षद क्षेत्र को साफ रखने के लिए कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। लोगों से बात कि बीजेपी के पार्षद ग्राउंड लेवल पर ना आते हैं और ना ही साफ सफाई के प्रति संवेदनशील है।उन्होंने कहा कि बीजेपी पार्षदों को हमारे साथ आकर सफाई व्यवस्था का जायज़ा लेना चाहिए था। इससे वह क्षेत्र की कमियों से अवगत कराते



और मिलकर जनता की समस्याओं का समाधान निकालते। हर पार्षद का दायित्व होता है कि वह क्षेत्र की साफ - सफाई पर समुचित ध्यान दे।

बीजेपी के पार्षद राजनीति ना करें और ग्राउंड ज़ीरो पर आकर अपनी उपस्थिति में सफाई करवाएं। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि क्षेत्र कि बदहाल सफाई व्यवस्था को देखते हुए और क्षेत्र के लोगो की सफाई व्यवस्था के प्रति शिकायतों को देखते हुए शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त को निर्देश दिये गए हैं कि अगले 3 दिनों में प्रत्येक वार्ड का दौरा करें और हर गली और हर सड़क पर अतिरिक्त सफाई कर्मचारी और संसाधन लगाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें। मेयर ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हम दिल्ली की सफाई व्यवस्था बेहतर करेंगे। अब हमारा नारा है कि दिल्ली हो रही है साफ और दिल्ली को रखना है साफ। यह अभियान मार्च 15 तक चलेगा और इस दौरान हम 250 वार्ड में जायेंगे और दिल्ली को चमकाएंगे। अधिकारियों को 311 ऐप पर दर्ज की गई शिकायतों का 24 घण्टे के भीतर समाधान करने के निर्देश दिये गए हैं।

## विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस पुरस्कार 2024 की घोषणा

■ प्रोफेसर मुहम्मद अख्तर सिद्दीकी, डॉ. एयू आज़मी लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए चुने गए

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. मुश्ताक अहमद ने बधाई देते हुए विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस पुरस्कार समिति की सिफारिशों के आधार पर यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में बहुमूल्य सेवाएँ प्रदान करने वाले यूनानी डॉक्टरों के नामों का ऐलान किया।उन्होंने कहा कि हम देश के निजी तिब्बिया कॉलेजों के संचालकों के आभारी हैं कि वे आज की विपरीत परिस्थितियों में भी तिब्बिया कॉलेज चला रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि जो लोग वर्तमान में यूनानी चिकित्सा के विकास और इस के लिए काम कर रहे हैं, तिब्बी कांग्रेस उनकी सेवाओं को स्वीकार करती है। इनमें सबसे शीर्ष नाम प्रोफेसर मुहम्मद अख्तर सिद्दीकी का है, जिन्हें डॉ. एयू आज़मी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। साथ में प्रोफेसर डॉ. सैयद मुहम्मद आरिफ जैदी,प्रोफेसर मुहम्मद अहसान फारूकी,डॉ. मुहम्मद मोहसिन, हकीम एमए राज़ीक कुरैशी कासमी,डॉ. यूनिस इफ्तिखार मुंशी, डॉ. नीलम कुदुसी, डॉ. अब्दुल्ला, प्रो. अब्दुल नासिर अंसारी, डॉ. नसीम अख्तर खान, डॉ. उज़्मा बानो, डॉ. पवन बोस, प्रो. नफासत अली अंसारी, डॉ. नाज़िश एहतशाम आज़्मी, डॉ. ओसामा अकरम, डॉ. मिन्हाजुद्दीन खान, डॉ. नियाज़ अहमद आज़्मी, डॉ. शफीक अहमद, प्रो. अलीमुद्दीन क़मरी, डॉ. नियाजुद्दीन सिद्दीकी,डॉ. सैयद मंसूर अली,के नाम उल्लेखनीय है।ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने एक बयान में कहा कि इस अवसर पर देशभर के यूनानी डॉक्टरों को हकीम अजमल खान स्टार अवार्ड से भी सम्मानित किया जाता है तथा इस सूची में डॉ. क़रात ज़ैदी, डॉ. अनीसुर रहमान, डॉ. शऊर अहमद खान, डॉ. मुर्शिद इमाम, डॉ. असलम अली, डॉ. एसएम याकूब, डॉ. लईक अली खान, डॉ. शकील अहमद मेरठी, डॉ. सैयद अरशद अली, डॉ. एहसान अहमद सिद्दीकी, डॉ. फैजान अहमद सिद्दीकी, डॉ. अतहर महमूद, डॉ. शमसुद्दीन आजाद, डॉ. मिर्जा आसिफ बेग अमरोहवी, डॉ. इशरत कफील, डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी, डॉ. सुलेमान खान, हकीम मंजर सादिक , डॉ. रजीउद्दीन, डॉ. मुशीर अहमद खान, डॉ. अब्दुल हसीब, डॉ. मुहम्मद सदफ मकबूल, डॉ. अबरार रूल हक, डॉ. मुहम्मद कामिल, डॉ. शाहनवाज हनीफ, डॉ. मुजाहिद रजा खान, हकीम याह्या खान, हकीम इरशाद अहमद,मुहम्मद हसन, हकीम नईम रजा आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

**निविदा संख्या.** 45-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 18.01.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग-सीः "डीएलआई डिवीजन पर गैर-विद्युतीकृत साइडिंग/डीजल शेडों के विद्युतीकरण" के संबंध में एएनडीआई, पीएनपी और बीएचडी स्टेशनों पर गैर-विद्युतीकृत साइडिंग/डीजल शेडों के विद्युतीकरण के लिए 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। पहले से ही विद्युतीकृत खंडों में"। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू. 63,98,208.27/- |
| 3 | बयाना राशि | रू. 1,28,000/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 06.02.2024 (00.00 बजे) से 20.02.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 20.02.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in | |

228/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूजखेडा में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 629/एस0टी0-एस0डी0एम0/2013, दिनांक 13.08.2013 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1437/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 19.12.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक काश्तकार का नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मुॅजखेडा | 591म | स्व0 यादराम पुत्र सूका व रतनपाल पुत्र स्व0 यादराम व विजयपाल पुत्र स्व0 रतनपाल नि0 ग्राम बिरौडी चकसेनपुर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमती करतारी | 63 | पत्नी रतनपाल |
| | | | श्रीमती कालू उर्फ हरेन्द्र | 40 | पुत्र रतनपाल |
| | | | श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व0 विजयपाल | 50 | पुत्रवधू रतनपाल |
| | | | श्री राहुल कुमार पुत्र स्व0 विजयपाल | 29 | पौत्र रतनपाल |
| | | | श्री जयवीर पुत्र स्व0 विजयपाल | 28 | पौत्र रतनपाल |
| | | | श्रीमती कुसुम देवी | 39 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती इन्द्रेश | 39 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती सुरेश देवी | 43 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती पूजा पुत्री स्व0 विजयपाल | 31 | पौत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती बसन्ती | 63 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती जगवती | 60 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती छोटी | 58 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती मुनेश | 56 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती पीतो | 50 | पुत्री विवाहित यादराम |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

**सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शाए गए विवरणानुसार निरस्त रहेंगी:**

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 04469 रेवाड़ी जं. - दिल्ली जं. डीएमयू एमईएक्स विशेष | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 04461 दिल्ली जं. - रोहतक जं. डीएमयू एमईएक्स विशेष | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 19701 जयपुर जं. - दिल्ली छावनी सैनिक एक्सप्रेस | 20.01.2024, 27.01.2024 |
| 19702 दिल्ली छावनी - जयपुर जं. सैनिक एक्सप्रेस | 22.01.2024, 29.01.2024 |
| 20409 दिल्ली छावनी - बठिण्डा जं. सुपरफास्ट | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 20410 बठिण्डा जं. - दिल्ली छावनी सुपरफास्ट | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14727 श्रीगंगा नगर जं. - तिलक ब्रिज एक्सप्रेस | 20.01.2024, 27.01.2024 |
| 14737 भिवानी जं. - तिलक ब्रिज एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14738 तिलक ब्रिज - भिवानी जं. एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |
| 14728 तिलक ब्रिज - श्रीगंगा नगर जं. एक्सप्रेस | 21.01.2024, 28.01.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

'एक स्टेशन एक उत्पाद'
योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने
हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

ग) **स्टॉलः** कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, समालखा, गनौर, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ एंड पलवल स्टेशन पर।

घ) **ट्राली :** शामली, आनंद विहार टर्मिनल, बादली, जाखल, नरवाना, टोहना, जीन्द, मानसा, फरीदाबाद, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, टपरी, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग स्टेशनों पर।

- कुरुक्षेत्र, सोनीपत, समालखा, गनौर, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ एंड पलवल स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (कुरुक्षेत्र, गनौर और बहादुरगढ़), NSG 5 (शामली, दिल्ली सफदरजंग, तिलक ब्रिज, जाखल, नरवाना, टोहाना शिवाजी ब्रिज, जीन्द, मानसा, बादली, टपरी, देवबंद) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:-

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।

ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।

ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।

घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।

ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 24.01.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।

236/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

एक फरवरी को एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों को पेट के कीड़े निकालने की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में पांच फरवरी को गोली खिलाई जाएगी। जनपद में 8.07 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी और स्कूलों में बच्चों एल्बेंडाजोल दी जाएगी।

**डॉ. सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

## जिम से लौट रहे युवक को मारी गोली, मौके पर ही मौत

- **हत्या की वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस ने चार टीमों का किया गठन**
- **एयर इंडिया में क्रू मैंबर**

**नोएडा,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-104 में जिम करने गए एक व्यक्ति को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। उसे सामने और पीछे से पांच गोली मारी गई। जिस समय युवक को गोली मारी गई वो ड्राइविंग सीट पर था और कार को पार्किंग से निकाल रहा था। मृतक की पहचान सुरजभान हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। दिनदहाड़े इस मर्डर ने पूरे शहर में हड़कंप का माहौल है। बताया गया कि तीन बदमाश बाइक से आए थे जिन्होंने गोली मारी। थाना सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे घटना क्रम में नौ राउंड फायर किया गया। जिसमें पांच गोली सूरजभान को लगी। बाकी हवाई फायर किया गया। जिसके खोका पुलिस को सड़क और कार से बरामद किए गए। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि दोपहर बाद सूरजभान नोएडा के



सेक्टर-104 में एनी टाइम फिटनेस जिम सेंटर से वहां से जिम करके लौट रहा था। जैसे ही ये अपनी कार में बैठा। बदमाशों ने इस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसके पांच गोली लगी है। सूरजभान की मौके पर ही मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। परिजनों से बातचीत की जा रही है। साथ ही जिम में इसके साथियों से भी पूछताछ की जाएगी। मृतक का मोबाइल पुलिस के पास है। इसे भी काफी साक्ष्य मिलेंगे। डीसीपी ने बताया कि जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या किन वजहों से की गई। इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है। बदमशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

### गैंगवार या रंजिश की ओर इशारा करता नोएडा मर्डर

आदमी को सबसे ज्यादा दुख और दर्द तब होता है, जब उसके किसी करीबी की मौत होती है। दबदबे और वर्चस्व की जंग में गैंगस्टर्स अपने विरोधियों को इसी दुख में डूबते और दर्द में कराहते देखना चाहते हैं। ये गैंगस्टर का पुराना शगल रहा है। इस पागलपन में अपराध की दुनिया पर राज कर रहे बदमाशों के परिजन, रिश्तेदार और करीबी बेकसूर बेमौत मारे जा चुके हैं। शायद इसी का शिकार नोएडा निवासी सूरजमान हुआ। सूरजमान को सेक्टर-104 में पांच गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह जिम करके घर वापस जाने के लिए कार में बैठा था। इसी दौरान पांच बदमाश दो बाइक से आए और नौ राउंड फायर किया। इसमें पांच गोली उसके सिर, पेट और गर्दन में लगी।

### कार में बैठकर पी रहा था प्रोटीन शेक, वहीं मारी गोली

सुरजभान की उम्र करीब 32 साल बताई जा रही है। जिस समय युवक को गोली मारी गई उस समय कार में वो प्रोटीन शेक पी रहा था। इसी दौरान तीन बदमाशों ने उस पर फायर कर दिया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि तीन बदमाशों के अलावा एक बाइक और थी। जिस पर दो बदमाश और थे। गोली मारने के साथ ही दोनों बाइक एक साथ भागी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है।

### कई तरीके से कर रही जांच

पुलिस इस मामले में कई एंगल से जांच कर रही है। पहला लेनदेन बताया गया कि युवक प्रॉपर्टी से जुड़ा काम करता था संभवता लेनदेन को लेकर कोई मामला हो सकता है। इसको लेकर हत्या की गई हो। वहीं संबधों को लेकर आपसी रंजिश भी हो सकती है। फिलहाल पुलिस परिजनों के संपर्क में है।

### एयरइंडिया में था क्रू मैंबर

पुलिस ने बताया कि सूरजभान एयर इंडिया में क्रू मैंबर था। उसकी शादी हो चुकी है। चार साल की एक बेटी भी है। मूलरूप से दिल्ली का रहने वाला है। यहा सेक्टर-105 लोट्स पनाश में रहता था।

## प्राधिकरण पर किसानों का संपूर्ण लॉकडाउन

- **पहले किसानों की मांगों को पूरा किया जाए इसके बाद होने देंगे काम**
- **सिर्फ एक गेट खुला जिससे अधिकारी और कर्मी प्राधिकरण के अंदर पहुंचे**

**नोएडा,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण के तीन गेटों पर किसानों ने तालाबंदी कर दी। रिसेप्स्शन एरिया में तालाबंदी होने से किसी भी आगंतुक का पास नहीं बना। इससे प्राधिकरण आए लोगों को वापस जाना पड़ा। हालांकि पुलिस की निगरानी में एक गेट खोला गया। जिस पर भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस गेट से प्राधिकरण के कर्मियों को ही अंदर जाने दिया गया। इसके अलावा पब्लिक डीलिंग के लिए काई अंदर नहीं जा सका। किसानों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्राधिकरण पर संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा।



दरअसल पूर्व नियोजित कार्याक्रम के तहत 105 गांवों के किसानों ने गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे प्राधिकरण के गेट पर ताला लगा दिया था। इसके बाद देररात तक ताले की निगरानी की गई। सुबह होते ही सैकड़ों की संख्या में महिला किसान और युवाओं ने गेट को घेर लिया। महिला किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के रिसेप्शन गेट को बंद कर दिया। इसके बाद छोटे गेट को पुलिस ने बेरिकेड कर दिया और दो नंबर गेट पर किसानों ने पहले ही दिन ताला लगा दिया था। ऐसे में कोई भी बाहरी व्यक्ति यहां तक की नोएडा का आवंटी को भी प्राधिकरण के अंदर प्रवेश नहीं मिला। जिससे लोगों को काफी दिक्कत हुई। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि हमारी जमीन पर नोएडा बना हुआ है। हम नोएडा के मालिक है इसके बाद भी हम सड़क पर है। हमारी मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा प्राधिकरण में कोई काम नहीं होने दिया जाएगा।

### 5 सालों से किसानों के साथ प्राधिकरण कर रहा वादाखिलाफी , दूसरी बार तालाबंदी

5 सालों से किसान प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित है। ये वादाखिलाफी एक बार नहीं बल्कि 2019 से लगातार किसानों के साथ हो रही है। पहली बार 10 प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजे की मांग को लेकर 2019-20 में किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद हर साल कभी लगातार 4 तो कभी 6 महीने तक किसान प्राधिकरण की चौखट पर बैठे रहे। यही वजह थी सितम्बर 2021 में भारतीय किसान परिषद ने प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। उस तालाबंदी के समय प्राधिकरण में कई दिनों तक काम प्रभावित हुआ और रीजनल ऑफिस से काम किया गया।

## सार संक्षेप

### ब्रह्म समाज एकता समिति ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**नोएडा।** अयोध्या में नव निर्मित भव्य मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रत्येक मंदिर एवं घरों पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित करने के संबंध में तथा, 23, 01, 2024 को बुलंद शहर में मोदी के कार्यक्रम के सफलता के परिपेक्ष में ब्रह्म समाज एकता समिति के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव कुंवर अमित राज दीक्षित एवं वैश्य समाज के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर, सत्यदेव गुप्ता फोजी द्वारा अपने 2 दिवसीय मेरठ जोन के दौरे के अंतर्गत ब्रह्म समाज एकता समिति के मेरठ जोन कार्यालय सेक्टर 22,नोएडा में एक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी मेरठ जोन पंडित राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। मेरठ जोन के अंतर्गत प्रत्येक मंदिर पर पूजा अर्चना के विशेष कार्यक्रम रखे जाएं, एवं शाम को एक साथ प्रत्येक घर पर दीप प्रज्वलित करके भगवान राम की आराधना की जाए, जनपद के सभी पधाधिकारी अपने ज्यादा से ज्यादा साथियों के साथ उपस्थित होकर कार्य क्रम को सफल बने। इस अवसर पर पंडित राजेन्द्र शर्मा ने जोन अध्यक्ष मेरठ, एव मंडल अध्यक्ष मेरठ एवं सहारनपुर, सर्व राजनारायण शुक्ला, कमल शर्मा,आदि कार्यकर्ता एवं पधाधिकारी उपस्थित रहे।

### मंदिर से दानपात्र और मूर्तियां चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-25 स्थित शिव शक्ति मंदिर से चोरों ने दानपात्र और मूर्तियां चोरी कर लीं। दानपात्र में करीब आठ हजार रुपए थे। चोरों ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की। सेक्टर-20 पुलिस को दी शिकायत में एनसी शर्मा ने बताया कि गुरुवार रात को अज्ञात चोर मंदिर में दाखिल हुए और दानपात्र और मूर्ति समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें एक जगह दानपात्र और मूर्तियां पड़ी हुई दिखाई पड़ रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मंदिर के आसपास के किसी व्यक्ति की इसमें संलिप्तता बताई जा रही है।

### अलग-अलग स्थानों से कार और बाइक चोरी

**नोएडा।** शहर में वाहन चोरी होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलग-अलग स्थानों से कार और मोटरसाइकिल चोरी हुई है। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में सुनील दत्त देवलाल ने बताया कि उन्होंने अपनी कार सेक्टर 44 के बारात घर के पास खड़ी की थी और किसी काम से अंदर चले गए। थोड़ी देर बाद जब शिकायतकर्ता लौटा तो कार वहां से गायब थी। इसके अलावा सेक्टर-49 पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-93 निवासी अरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल सेक्टर 101 मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी की थी। वहां से बाइक चोरी हो गई। साथ ही सुधीर कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल बरौला गांव के पास खड़ी की थी। वहां से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है। वहीं राजकुमार की बाइक भी चोरों ने बरौला गांव के पास से चोरी कर ली।

## गौड़ सिटी मॉल्स में स्थापित होगी राम की प्रतिमा

**नोएडा,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी उत्साहित हैं। घरों से लेकर ऑफिस तक में एक ही भजन सुनाई दे रहा है राम आएंगे।



- **एनसीआर का होगा पहला मॉल, 14 फीट ऊंची होगी प्रतिमा, भव्य राम मंदिर का रखा जाएगा मॉडल**

इसी क्रम में 22 जनवरी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ सिटी मॉल में भी राम को प्रतिष्ठित किया जाएगा। इस मॉल में प्रभु श्रीराम की करीब 14 फीट ऊंची भव्य मूर्ति लगेगी। साथ ही यहां राम मंदिर का भव्य मॉडल भी रखा जाएगा। इसकी तैयारी हो रही है। मंदिर के मॉडल का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। बताया गया कि दिल्ली एनसीआर में ये पहला मॉल होगा जिसमें भस्व राम जी प्रतिमा लगाई जाएगी।

500 सालों के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार 22 जनवरी को रामलला अयोध्या के राम मंदिर में विराजेंगे। इस पल का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। जैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का ऐतिहासिक 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह शुरू होगा, गौड़ सिटी मॉल के केंद्रीय प्रांगण में राम महोत्सव मनाया जाएगा।

श्रद्धा के केन्द्र में 14 फीट ऊंची प्रभु श्री राम की एक भव्य मूर्ति स्थापना और अयोध्या राम मंदिर का एक आकर्षक केंद्र होगा। जो कि आध्यात्मिक महत्व और सांस्कृतिक समृद्धि का माहौल तैयार करेगा। इस खुशी के अवसर पर मॉल प्रबंधन ने पूरे कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की है। जिसके बाद प्रसाद स्वरूप मिठाई का वितरण किया जाएगा। गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने बताया कि अयोध्या में राम लला के अपने भव्य मंदिर में विराजने से पूरा देश उत्साह में है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत बनाने के लिए हमने एक कदम उठाया है। इस ऐतिहासिक दिन को मनाने का हमारा यही तरीका है, जिससे उन्हें भक्ति रस में डूब कर अद्भूत खुशी का एहसास करेंगे।

## एक फरवरी को 8.07 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवा

**नोएडा,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद में कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत एक फरवरी को एक से 19 साल तक बच्चों और किशोरों-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी। जनपद में स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर करीब 8.07 लाख बच्चों-किशोरों को एल्बेंडाजोल खिलायी जाएगी। बच्चों को दवा कैसे और कितनी दी जाएगी इसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाओं आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि एक फरवरी को एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों को पेट के कीड़े निकालने की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में पांच फरवरी को गोली खिलाई जाएगी। जनपद में 8.07 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी और स्कूलों में बच्चों एल्बेंडाजोल दी जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डीईआईसी मैनेजर रचना वर्मा ने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पानी से खिलाई जाती है जबकि दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली खिलाई जाती है। गोली खाली पेट नहीं खानी चाहिए। इसके अलावा यदि कोई बच्चा बीमार है तो उसे भी यह गोली नहीं देनी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशिक्षित शिक्षक और आंगनबाड़ी-आशा

- **पांच फरवरी को चलेगा मॉप अप राउंड, इसमें छूटे बच्चों को गोली खिलाई जाएगी**

कार्यकर्ता यह गोली खुद अपने सामने खिलाएंगी, अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग और समेकित बाल विकास विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। संबंधित विभागों को अभियान शुरू करने से पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोई बच्चा यदि सर्दी-खांसी या बुखार से पीड़ित है तो उसे यह गोली नहीं खिलानी है। छोटे बच्चों को गोली निगलने में परेशानी हो सकती है, इसलिए ऐसे बच्चों को गोली पीसकर खिलाई जाती है। शासन से निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को स्कूलों में दोपहर के भोजन के बाद यह गोली दी जाए, क्योंकि खाली पेट गोली खाने की मनाही है। यह गोली किसी भी प्रकार से बच्चों के लिए नुकसानदायक नहीं होती लेकिन फिर भी प्रशिक्षित की निगरानी में ही बच्चों को गोली खिलाई जाती है।

## भूड़गढ़ी में चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर शुक्रवार को भूड़गढ़ी इलाके में चला। जहां पर करीब 30 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही तीन अवैध कालोनियों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जीडीए टीम का विरोध किया मगर जीडीए अधिकारियों की सख्ती के आगे उनकी एक न चली और बैरंग लौटना पड़ा।





- **30 बीघा जमीन में विकसित की जा रही तीन कालोनियां ध्वस्त**

जीडीए सचिव राजेश कुमार ने बताया कि सहायक अभियंता योगेश कुमार व अवर अभियंता ज्ञान प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में जोन 5 का प्रवर्तन दल की टीम शुक्रवार को सबसे पहले भूड़गढ़ी पहुंची और वहां पर सचिन त्यागी द्वारा 20 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को तहस-नहस कर दिया। इसके बाद यह टीम पास में ही पहुंची और वहां पर फारूक मलिक व शकील चौधरी द्वारा विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। यह कॉलोनी 4 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही थी। उसके बाद यही टीम भूड़गढ़ी के नजदीक पहुंची जहां पर सुंदर यादव द्वारा बसाई जा रही छह बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को तहस नहस कर दिया गया।

## निगम ने खाली कराई 21 करोड़ रुपए की सात हजार वर्गमी जमीन



- **कब्जा मुक्त कराई गई जमीनों को जनहित योजनाओं में किया जाए इस्तेमाल : नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम संपत्ति विभाग ने मोहन नगर जोन के करेड़ा गांव में अभियान चलाते हुए सात हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। जिसकी कीमत लगभग 21 करोड़ बताई गई है। जमीन को जल निगम को सौंप दिया गया है। अभियान के दौरान गाजियाबाद नगर निगम संपत्ति विभाग से संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम टीम के साथ मौजूद रहे साथ में जल निगम से अधिशासी अभियंता व अन्य टीम भी उपस्थित रही।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि संपत्ति विभाग लगातार जमीन को कब्जा मुक्त कर रहा है जिसके क्रम में करहेड़ा गांव में खसरा नंबर 2635, 2630, (कुछ हिस्सा)2614, 2629 व 2625 को कब्जा मुक्त कराया गया। जमीन को जल निगम को सौंप दिया गया है। जल निगम द्वारा जमीन का चिन्हीकरण कर फेंसिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। जमीन पर जल निगम द्वारा मैन पंपिंग स्टेशन बनाया जाएगा जिससे जल शोधन कर एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को खाली कराई जा रही भूमि को जनहित की योजनाओं में उपयोग करने के लिए भी निर्देश दिए हैं, कब्जा मुक्त कराई जा रही भूमि पर तार फेंसिंग या बाउंड्री का कार्य भी समय से करने के लिए कहा गया है जिसमें निर्माण विभाग को भी निर्देश जारी किए गए हैं, अभियान के दौरान ई टी एफ टीम भी मौजूद रही।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत महापौर ने की पौधारोपण की शुरुआत

**गाजियाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत महापौर ने की पौधारोपण की शुरुआत की। शहर के पांचो जोनों में लगभग 17 हजार पौधे लगाए गए। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, निगम अधिकारी गण पार्षदों तथा जनप्रतिनिधि ने मिलकर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया, मंदिर परिसर पार्कों में मुख्य रूप से पौधे लगाए गए, 15 स्थान पर पौधे लगाए गए।

- **15 स्थानों पर लगाए गए 17 हजार पौधे**

महापौर सुनीता दयाल द स्वच्छ तीर्थ अभियान के अनुसार पौधारोपण की शुरुआत की कवि नगर जोन के अंतर्गत एम ब्लॉक शिव मंदिर परिसर में पौधे लगाकर शुरुआत की महापौर ने शहर वासियों से भी पौधे लगाने की अपील की। साथ ही जन-जन को चल रहे स्वच्छ तीर्थ कार्यक्रमों की शुभकामनाएं भी दी गई, पौधारोपण के समय अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज कुमार सिंह, एसबीएम टीम उपस्थित रही।



नगर आयुक्त ने बताया कि पौधारोपण में पूजनीय पौधों की संख्या को बढ़ाया गया है जिसमें आँवला, आम तथा कल्पवृक्ष को प्रमुखता से लगाया गया है। कल्पवृक्ष को महापौर महोदय के कर कमल द्वारा लगाया गया, शहर के अन्य स्थानों में भी पौधारोपण किया गया तथा मंदिर परिसरों को स्वच्छ व सुंदर बनाया गया, पौधारोपण कार्यक्रम जारी रहेगा जिसमें पौधों की संख्या को बढ़ते हुए जन-जन को जागरुक करते हुए पौधारोपण किया जाएगा।

## लाला बुद्धप्रकाश गर्ग ने दी थी गाजियाबाद में सबसे पहले गिरफ्तारी

**गाजियाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण होने के बाद 22 जनवरी को करोड़ों रामभक्तों का सपना साकार होगा। लेकिन अनेक रामभक्त ऐसे भी थे जो सपना देखते-देखते इस दुनिया से चले गए। लाला वेद प्रकाश गर्ग को हाल ही में उनके के स्थान पर सम्मानित किया गया। गाजियाबाद में भी ऐसे ही रामभक्त थे लाला बुद्धप्रकाश गर्ग। जो अब इस दुनिया को अलविदा कह चुके है, लेकिन वह ऐसे राम भक्त थे जो 23अक्टूबर 1990 को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल कृष्ण आडवाणी की बिहार में गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद सड़क पर उतर आए थे और गाजियाबाद में उन्होंने सबसे पहली गिरफ्तारी दी थी। शहर के लोग आज भी उनके नेतृत्व का लोहा मानते हैं। राम जन्म भूमि आंदोलन में दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बुद्ध प्रकाश गर्ग ने सबसे पहले गिरफ्तारी दी थी। उनके सुपुत्र लाला वेदप्रकाश गर्ग खादी वाले बताते







- **आडवाणी की गिरफ्तारी की खबर मिलते उतर गए थे सड़क पर, बाजार हो गए थे बंद**

हैं कि जैसे ही बिहार में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी की जानकारी लालाजी को मिली वह सड़क पर उतर आए। इसके बाद बाजार बंद करते हुए वह घंटाघर पहुंच गए। और वहां पर हजारों की संख्या में अन्य लोग भी इकट्ठे हो गए। मंजर यह था कि जिसको भी आडवाणी की गिरफ्तारी की खबर मिली वह अपनी दुकान बंद करके सीधा घंटा घर पहुंच गया हजारों की संख्या में वहां पर लोग एकत्र हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सबसे पहले लाल बुद्ध प्रकाश गर्ग के नेतृत्व में गिरफ्तारी दी गई। उनकी गिरफ्तारी तत्काल एसपी सिटी बीबी बक्शी व पुलिस क्षेत्र अधिकारी अजीत सिंह ने की। गिरफ्तार किए गए सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस लाइन ले जाया गया जहां से उन्हें सहारनपुर की सेंट्रल जेल में भेज दिया गया हालांकि बाद में करीब दो सप्ताह बाद सभी को रिहा कर दिया गया था लेकिन राम मंदिर राम मंदिर आंदोलन के चलते पूरा गाजियाबाद बंद हो गया था। आज इस दुनिया में लाल बुद्ध प्रकाश गर्ग नहीं है लेकिन उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। वह एक जुझारु व्यक्तित्व सेस्वामी थे। उस समय भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य थे। वर्ष 1998 में उनका देहांत हो गया था।

## राष्ट्रवादी जनसत्ता दल 5 फरवरी को पुलिस मुख्यालय का करेगा घेराव

**गाजियाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल लखनऊ में ब्राह्मण युवती के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी एएसपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राष्ट्रवादी जनसत्ता दाल पांच फरवरी को पुलिस मुख्यालय का घेराव करेगा। इससे पहले 28 जनवरी से पश्चिम के सभी जनपदों में अपनी समीक्षा बैठक करेगा। जिसमे पुलिस मुख्यालय घेराव करने का कार्यक्रम तैयारी की समीक्षा की जाएगी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ.बीपीएस त्यागी ने घोषणा की। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी अपने प्रत्याशी मैदान में उतरेगी। उन्होंने मीडिया को बताया कि प्रमुख पश्चिम के मेरठ हापुड़ मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, जिलों में अपनी कार्यकारिणी घोषित कर चुकी है। किसी क्रम में आगे बढ़ते हुए फरवरी तक पश्चिम के सभी जिलों में राष्ट्रवादी जनसत्ता दल अपने सभी कार्यकारिणी घोषित कर देगी और सदस्यता के माध्यम से सभी वर्गों के लोगों को राष्ट्रवादी विचारधाराओं से जोड़ा जाएगा। जल्द ही पार्टी अन्य प्रदेशों में भी अपना संगठन बनाएगी। सभी समाज के लोगों के साथ होने वाले अत्याचार का अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल मान्य राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी जी के नेतृत्व में करेगी। आने वाले 2024 के चुनाव में सभी लोकसभा सीटों पर राष्ट्रवादी जनसत्ता दल अपने प्रत्याशी उतारेगी। त्यागी भूमिहार और ब्राह्मण समाज की रक्षा करने का काम राष्ट्रवादी जनसत्ता दल करेगा। युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी एटीएस एएसपी राहुल श्रीवास्तव को अगर जल्दी गिरफ्तार नहीं किया गया तक राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के सभी कार्यकर्ता 5 फ़रवरी को लखनऊ कूंच करेंगे और पुलिस मुख्यालय का घेराव करेंगे। डॉ. बी पी त्यागी ने स्वास्थ्य पर किए गए वादो को पूरा न करने पर भी डबल इंजन की सरकार को घेरा।





**लोकसभा चुनाव में उतरेगा प्रत्याशी**

उवाच "

शादी का मतलब लड़कियों का अपने घर से दूसरों के घर जाना नहीं है, बल्कि ये दो परिवारों का मिलन होता है। इसलिए शादी के बाद भी एक लड़की अपने माता-पिता का ख्याल रख सकती है। इसके लिए बेटा होना ही जरूरी नहीं है।

एसीईओ मेधा रूपम

# कैपिटल ज़ोन

# नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली दूसरी एयरलाइंस बनी अकासा एयर

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कामर्शियल विमानों का उड़ान भरने के लिए देश की दूसरी एयरलाइंस आगे आयी है। अकासा एयर ने शुक्रवार को देश-विदेश के लिए नोएडा एयरपोर्ट से कामर्शियल विमान का उड़ान भरने के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ समझौता किया है। इससे पहले इंडिगो एयरलाइंस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ समझौता ज्ञापन कर चुकी है। नोएडा एयरपोर्ट से विमानों का ट्रायल फरवरी से शुरू हो जाएगा। इससे पहले कई अन्य एयरलाइंस नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिए आगे आ सकती है। दरअसल, अकासा एयर को लगता है कि भारत में एयर ट्रैफिक के लिहाज से उत्तर प्रदेश अहम मार्केट है। अकासा एयर के को-फाउंडर और चीफ कामर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने बताया, नॉर्थ इंडिया में एयर ट्रैवल की जबरदस्त संभावना है। अकासा एयर भारत में बन रहे नए एयरपोर्ट्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहता है।

यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि अकासा एयर के साथ






पार्टनरशिप को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट काफी उत्साहित है। हम नए एयरपोर्ट को चालू करने के करीब पहुंच रहे हैं और 2024 में कंस्ट्रक्शन तेजी से होने की उम्मीद है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के कंस्ट्रक्शन के तहत यहां 1.2 करोड़

- अकासा एयर ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ किया समझौता ज्ञापन
- इंडिगो नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिए पहले कर चुकी है समझौता ज्ञापन

मुसाफिरों की सर्विस का इंतजाम होगा।

एशिया का सबसे बड़ा सिविल एविएशन एग्जिबिशन 'विंग्स इंडिया 2024' शुक्रवार को हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट में शुरू हुआ। एग्जिबिशन का उद्घाटन नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वी. के. सिंह और तेलंगाना सरकार में मंत्री के. वेंकट रेड्डी ने किया। इस मौके पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

बता दें कि अकासा एयरलाइन की स्थापना 2022 में हुई थी। इसकी हिस्सेदारी घरेलू बाजार में लगभग चार प्रतिशत है। यह परिचालन के 17 महीनों के भीतर 200 से अधिक विमानों का ऑर्डर करने वाली पहली भारतीय एयरलाइन है।

## यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 29 जनवरी को

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 29 जनवरी को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। उम्मीद है कि इस बैठक में आगामी वित्त वर्ष का बजट भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक को लेकर प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई हैं।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड 29 जनवरी को होगी। बोर्ड बैठक को लेकर प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई है। इस बैठक में कई जरूरी प्रस्ताव रखे जाएंगे। इसमें यमुना एक्सप्रेस वे की टोल दरें बढ़ाने, आवंटन दरें बढ़ाने, किसानों और आवंटियों से संबंधित कई प्रस्ताव पास होने की उम्मीद है। प्राधिकरण किसानों और आवंटियों से संबंधित प्रस्ताव ले जाएगा। निर्माण के लिए समय में वृद्धि की जा सकती है। इसकी मांग आवंटी कर रहे हैं। किसानों को अतिरिक्त मुआवजे से संबंधित प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। जमीन अधिग्रहण को लेकर भी कई निर्णय हो सकते हैं। सेमी कंडक्टर समेत कई नीतियां भी रखी जाएंगी। इन नीतियों को प्राधिकरण अपना लेगा। बैठक को लेकर प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई हैं।

## महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए खुद ही लड़ना होगा : मेधा रूपम





- ग्रेनो प्राधिकरण में महिला सुरक्षा पर जागरुकता के लिए कार्यशाला का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए खुद ही लड़ना होगा। महिलाओं को खुद से जुड़े निर्णय करने का अधिकार किसी और को नहीं देना चाहिए। यह बात ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के प्रति अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक करने और संवेदनशील बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आयोजित कार्यशाला में कही। दरअसल, कार्यस्थलों पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिशेध एवं प्रतिरोध) अधिनियम के अंतर्गत अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए गठित समिति की तरफ से कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 19 जनवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में दोपहर 3.30 बजे भूतल स्थित सभागार में किया गया, जिसमें ह्यूमन टच फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ. उपासना सिंह ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने के लिए जानकारी दी गई। इसी कार्यशाला में शामिल एसीईओ मेधा रूपम ने लड़का-लड़की में हो रहे भेदभाव पर बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि शादी का मतलब लड़कियों का अपने घर से दूसरों के घर जाना नहीं है, बल्कि ये दो परिवारों का मिलन होता है। इसलिए शादी के बाद भी एक लड़की अपने माता-पिता का ख्याल रख सकती है। इसके लिए बेटा होना ही जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि बहू और बेटी में फर्क को भी खत्म करना होगा। लड़का-लड़की में भेदभाव को खत्म करने की शुरुआत घर से करनी होगी। एक लड़की को भी सभी तरह के गेम में हिस्सा लेने की छूट होनी चाहिए। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. ने कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ने के लिए कोई सीमा तय नहीं की जानी चाहिए। उन्हें भी पूरा अवसर मिलना चाहिए। इस कार्यशाला में प्राधिकरण की आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्षा अर्चना द्विवेदी, सदस्या रश्मि सिंह, ओएसडी सतीश कुशवाहा, ओएसडी जितेन्द्र गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक राजेष कुमार व चेतराम सिंह, प्रबंधक केएम चौधरी व नरोत्तम चौधरी प्राधिकरण के तमाम अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## गंगाजल आपूर्ति के लिए बने यूजीआर की सुरक्षा पर खर्च होंगे नौ करोड़

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। गंगाजल आपूर्ति के लिए बनाए गए यूजीआर की सुरक्षा बढ़ेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 18 यूजीआर की चारदीवारी समेत कई और काम कराएगा। इन कामों पर करीब नौ करोड़ रुपए खर्च होंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर को शुद्ध पेयजल देने के लिए 85 क्यूसेक क्षमता की गंगाजल परियोजना को मूर्त रूप दिया है। इस परियोजना में 25 यूजीआर बनाए गए हैं। इसमें से अधिकतर यूजीआर खुले हैं। उनकी चारदीवारी आदि नहीं हुई है। अब प्राधिकरण ने इनको सुरक्षित करने की कवायद तेज कर दी है। 18 यूजीआर की चारदीवारी नहीं है। अब इनकी चारदीवारी का काम किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस पर काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने इन यूजीआर की चारदीवारी और अन्य कामों के लिए एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है। इन कामों पर करीब नौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण का प्रयास है कि एजेंसी का चयन करके दो महीने में इनका काम शुरू करा दिया जाए। चारदीवारी बनने से इनकी सुरक्षा पुख्ता हो जाएगी। साथ ही यहां से जलापूर्ति के लिए किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माझी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। दादरी ब्लॉक के कठेहरा गांव में प्रताप सिंह क्रिकेट एकेडमी में प्रथम ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यातिथि बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी व दयाराम जाटव (प्रदेश अध्यक्ष) उत्तर प्रदेश हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, मनीष भाटी बी.डी.सी. शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान टीकम सिंह ने की व संचालन श्यामवीर प्रधान (कठेहरा) मैंनेजर मिहिर भोज पोस्ट ग्रेजुएट कालिज दादरी ने किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जितनी आज के आधुनिक युग में पढ़ाई जरूरी है उतना ही खेल बेहद जरूरी। उन्होंने क्रांतिकारी स्वर्गीय बाबा राव उमराव सिंह भाटी के योगदान की सराहना की। आजादी के समय बहादुर योद्धा की तरह उन्होंने अंगेजों के खिलाफ बिगुल फूंका था। कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई दी पूर्व मुख्यमंत्री ने उस गांव की पावन भूमि को नमन किया।

इस दौरान पहला मैच खेला गया, उसमें दातावली गांव व सोरखा (नोएडा) की टीम खेली जिसमें 16 रन से सोरखा टीम विजयी रही, जिसमें मैन ऑफद मैच सचिन यादव रहे। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें विभिन्न जगहों से हिस्सा लेंगी। इस मौके पर देवा भाटी जिला पंचायत सदस्य, सुखपाल प्रधान, श्याम ठेकेदार, राकेश प्रधान, जग्गी प्रधान, सेवा राम नेता जी, लटुर राव साहब, विजयपाल भाटी, प्रदीप भाटी बी.डी.सी, मनोज भाटी, दीवान, रीशीपाल भाटी मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर बुजुर्ग की हत्या

**दनकौर,**19 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में शुक्रवार की शाम एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपित द्वारा बुजुर्ग के सिर पर तवे से कई वार कर घायल कर दिया गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया



जाता है कि पुरानी रंजिश के कारण बुजुर्ग की हत्या की गई है। घायल को उपचार के लिए बिलासपुर कस्बा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिलासपुर कस्बा निवासी बुजुर्ग अली मोहम्मद (70 वर्ष) अपनी पत्नी सद्दीकन के साथ पुलिस चौकी से मात्र 300 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क के किनारे रहता था। मृतक के दोनों बेटे कस्बे में ही अन्य स्थान पर बने मकान में रहते हैं। पुलिस का कहना है कि इसी दौरान कस्बा निवासी वसीम उनके घर में घुस गया। आरोपित द्वारा घर में रखे रोटी बनाने वाले तवे से बुजुर्ग के सिर पर कई हमले किए गए। घायल होकर बुजुर्ग वहीं जमीन पर गिर गया। लोगों ने बताया कि आरोपी वसीम और मृतक बुजुर्ग की कई दिन से कहासुनी चल रही थी। बुजुर्ग द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई थी, लेकिन पुलिस ने अनदेखा कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बिलासपुर कस्बा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति पर दो वर्ष पहले गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आशंका है कि उसी रंजिश के चलते बुजुर्ग की हत्या की गई है। उनका कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के स्वजन की शिकायत पर आरोपित वसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.एल.580, भूखण्ड संख्या-58, पाकेट-बी, क्षेत्रफल -60 वर्ग मीटर सर्वश्री संजीव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार अमित कुमार पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम व श्री राजेन्द्र पुत्र श्री हर प्रसाद, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री राजेन्द्र पुत्र श्री हर प्रसाद की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री राजेन्द्र, श्री सन्दीप पुत्र स्व० श्री राजेन्द्र, श्रीमती रामेश्वरी पत्नी स्व० श्री राजेन्द्र, श्रीमती रजनी (विवाहित), श्रीमती रेनू (विवाहित), श्रीमती मंजू (विवाहित), श्रीमती सरिता नागर (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र०, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री राजेन्द्र, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


## गमगीन माहौल में हुआ सैनिक का अंतिम संस्कार

**रबूपुरा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय तट रक्षक बल में हवलदार राकेश भाटी का आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम में सड़क हादसे के दौरान स्वर्गवास हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव मुरादगढ़ी पहुंचा तो समूचे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों में हाहाकार मच गया। गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया और अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए केंद्र व राज्य सरकार से राकेश भाटी के परिवार को आर्थिक सहायता और सम्मान दिलाने का आश्वासन दिया। अंतिम संस्कार के दौरान सेना के दर्जनों जवान, प्रशासनिक अधिकारी व सैकड़ो ग्रामीणों ने नम आंखों से सैनिक हवलदार को श्रद्धांजलि दी।

## श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**जेवर,**19 जनवरी (देशबन्धु)। कस्बे के मंगरौली रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर में शुक्रवार को साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर भक्तों द्वारा कस्बे में धूमधाम से 251 कलश की यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण



माहश्वरी द्वारा किया गया। साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा के आयोजक पं अजयराज शर्मा वैध ने बताया कि अयोध्या में 22जनवरी को होने वाले श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में शुक्रवार से मंगरौली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 22 जनवरी रामजन्म लीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास श्री वासुदेव कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में दोपहर एक बजे से 'सांयकाल तक श्रीमद भागवत कथा रोजना वर्णन किया जाएगा तथा 26जनवरी को समापन के मौके पर भक्तों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कुलदीप पंडित, सुरेन्द्र शर्मा, सुभाष गर्ग, हेमंत कौशिक, सचिन अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## वैदिक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए आचार्य रविकांत दीक्षित को मिला वाग्धारा सम्मान

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। महाराष्ट्र में वाग्धारा सम्मान 2024 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस शामिल हुए। इस दौरान महर्षि पाणिनि वेद-वेदांग विद्यापीठ के संस्थापक आचार्य रविकान्त दीक्षित के निःशुल्क वैदिक शिक्षा के लिए ग्रेटर नोएडा में चलाए जा रहे गुरुकुल एवं अन्य धार्मिक और सामाजिक कार्यों क्षेत्र में योगदान के लिए वाग्धारा सम्मान 2024 से राज्यपाल रमेश बैस के हाथों वाग्धारा की प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। पूर्व में भी आचार्य को उनके द्वारा वैदिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के अनेक सम्मान प्राप्त के चुके हैं। राज्यपाल रमेश बैस ने सम्बोधित करते हुए कहा कि



- महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश वैस ने सरस्वती के उपासकों को किया सम्मानित

सरस्वती के उपासकों के समारोह में आकर वे आनंद महसूस कर रहे हैं। सम्मान प्राप्त होने पर धन्यवाद देते हुए आचार्य रविकांत दीक्षित ने कहा कि यह उन सभी महानुभावों का सम्मान है जो गुरुकुल जैसी संस्थाओं में मनोयोग से लगे हुए हैं। भारतीय शिक्षा एवं भारतीय प्राचीन जीवन शैली हमारी मूलभूत पद्धति है और इसका अनुसरण करना हम सभी का कर्तव्य है। भावी पीढ़ी से अपेक्षा है कि कभी न कभी गुरुकुल में आए और प्राचीन पद्धति से अवगत हो। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. वागीश सारस्वत, दुर्गेश्वरी सिंह महक, कंचन अवस्थी, जयंत देशमुख, कमर हजीपुरी, मालती शर्मा व अमर त्रिपाठी ने राज्यपाल का स्वागत किया। वाग्धारा के जूरी अध्यक्ष जयंत देशमुख ने स्वागत वक्तव्य दिया जबकि डॉ वागीश सारस्वत ने वाग्धारा संस्था व समस्त सम्मानमूर्तियों का परिचय करवाया। गुरूजी को सम्मान मिलने पर गुरुकुल परिवार ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-लुक्सर की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-एल.यू.के.01267, भूखण्ड संख्या-एन-185, क्षेत्रफल-1030 वर्ग मीटर को आवंटित श्री तेजपाल सिंह पुत्र श्री रूमाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री तेजपाल सिंह पुत्र श्री रूमाल सिंह की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री सिंहराज सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, परगना-दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-850, पृष्ठ संख्या-215 से 224 पर क्रमांक 221 दिनांक 13.02.2023 को उप निबन्धक, सदर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री सिंहराज सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, परगना-दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## राममन्दिर की वास्तुकला से विद्यार्थियों को कराया गया अवगत

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में अयोध्या स्थित राम मन्दिर से संबंधित एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को राम मन्दिर की बनावट और वहां की भव्य वास्तु कला के बारे में बताया गया। इस विशेष प्रार्थना सभा के मुख्य अतिथि रहे ग्रुप कैप्टन अनिल पांडेय और उनकी पत्नी अंजली पांडे शामिल हुए। इस अवसर पर समसारा विद्यालय की मैनेजमेंट समिति ने भारत देश की धर्मनिरपेक्षता की आखंडता के लिए इस भव्य वास्तुकला की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी को जानने की आवश्यकता बताई।



## उत्कर्ष और ओम रोवर्स चैलेन्जर्स में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

**ग्रेटर नोएडा,**19 जनवरी (देशबन्धु)। जीएल बाजाज इंस्टीट्यूट में साइंस मॉडेल कंपटीशन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सरकारी स्कूलों से करीब 100 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा शामिल हुए। जूरी सदस्यों ने सभी मापदण्डों से गुरजते हुए नोएडा के उत्कर्ष और ओम का चयन किया और अब ये दोनों छात्र टीम काईजेलष् का हिस्सा बन गए है जो नासा ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज 2024 में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व। वीआरएसबी इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के 15 वर्षीय उत्कर्ष, जिनका प्रोजेक्ट इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई विदाउट फायर था वही भैरव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर नोएडा सेओम जिनका प्रोजेक्ट मार्स रोवर था। वहीं जूरी सदस्य में अर्चना, जिला साइंस कोआर्डिनेटर, एम3एम फाउंडेशन से डॉ. ऐश्वर्य महाजन, गोपाल जी, यंग चीफ साइंटिस्ट, आशीष कुमार सिंह, व जिला दिव्यांग्जन सशक्तिकरण अधिकारी मौजूद रहे।




### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-कासना की प्रस्तावित आबादी में आवंटन सख्या-एम.यू.आर.1242, भूखण्ड संख्या-139, पाकेट-सी, क्षेत्रफल-240 वर्ग मीटर को आवंटित श्री तेजपाल पुत्र श्री रूमाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री तेजपाल पुत्र श्री रूमाल सिंह की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री सिंहराज सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, परगना दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-715, पृष्ठ संख्या-45 से 64 पर क्रमांक 94 दिनांक 13.01.2022 को उप निबन्धक, सदर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री सिंहराज सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह, निवासी-ग्राम-इमलियाका, परगना-दनकौर, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


## कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण देने वालों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे। जिला अधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा परीक्षार्थियों को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने एवं समस्त उत्तीर्ण लाभार्थियों को रोजगार से जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि मिशन द्वारा प्राप्त लक्ष्य को शत् प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करें अन्यथा के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।



डीडीयूजीकेवाई से संबंधित जिन प्रदाता द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं किया गया है वो यथाशीघ्र प्रशिक्षण प्रारंभ करें अन्यथा उनके खिलाफकठोर कार्रवाई के लिए मिशन में पत्र प्रेषित किया जायेगा। साथ ही निर्देशित किया गया की बैठक में अनुपस्थित प्रदाता के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए जाएं। बैठक में जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित योजनावार प्रशिक्षण लक्ष्यों की प्रगति के सम्बन्ध में जिला अधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि कौशल विकास मिशन योजना के तहत युवक-युवतियों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण को लेकर जो भी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, उनका अधिकारीगण व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक युवक-युवतियां शासन के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम का लाभ उठा सकें।


### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट न0-01,सैक्टर-के0पी0-4,ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Tisco Employees & Welfare Society-I के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-C-4/14 at Plot No.-GH-03, Sector-Beta-I, Greater Noida Distt.-G.B..Nagar (U.P), क्षेत्रफल 126.85 वर्गमी0 Mr. Satish Kumar Arora S/o Mr. Amir Chand Arora & Mrs. Saroj Arora W/o Mr. Satish Kumar Arora के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Satish Kumar Arora S/o Mr. Amir Chand Arora की मृत्यु दिनांक-09.05.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Saroj Arora W/o Mr. Satish Kumar Arora) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Satish Kumar Arora S/o Mr. Amir Chand Arora के स्थान पर उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Saroj Arora W/o Mr. Satish Kumar Arora के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंह)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# अभिमत

*15 जनवरी को देवड़ा का पार्टी छोड़ने का फैसला इस लिहाज से लिया गया था ताकि यह दर्शाया जा सके कि इससे राहुल गांधी द्वारा मणिपुर में शुरू किए गए वॉकेथॉन को कमजोर कर सके। यह एक तरह से 2024 के चुनाव के करीब आने के साथ ही किए जा रहे षड्यंत्र के दयनीय पक्ष को दर्शाता है। फिर भी देवड़ा के कांग्रेस के बाहर निकलने में भी एक बड़ा संदेश है जो पार्टी को मजबूत करने में मदद करेगा क्योंकि यह पार्टी को बताता है कि भारत जोड़ो (एकता) और न्याय (न्याय) के अपने मार्ग पर लोगों के पुनर्निर्माण और फिर से जुड़ने के लिए वास्तव में उसे किस पर निर्भर रहना चाहिए।*

## सभी 'जाने वालों' से कांग्रेस को परेशान नहीं होना चाहिए



जगदीश रत्तनानी

**इस पृष्ठभूमि में देवड़ा को इस बदलाव के लिए दोष देने या श्रेय देने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को 'व्यवसाय विरोधी' बताते हुए पार्टी पर उनके नए हमले समझ में आते हैं। भले ही ये आरोप उनके चुनाव और शिवसेना के शिंदे गुट को वित्त पोषित करने के लिए बड़ा व्यवसाय ला सकते हैं। हालांकि वर्तमान संदर्भ में यह देखना मुश्किल है कि यह दृष्टिकोण उन्हें वोट कैसे दिलाएगा। मुरली देवड़ा की तरह मिलिंद देवड़ा खुद उद्योगपति-व्यापारी हैं।**

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस पार्टी छोड़ने को लेकर काफी राजनीतिक शोर मचा हुआ है। एकनाथ शिंदे के नाम पर बनी शिवसेना शिंदे गुट में देवड़ा शामिल हो गए हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली मूल पार्टी से अलग होकर शिंदे भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने हैं। देवड़ा का बाहर निकलना काफी हद तक एक गैर महत्वपूर्ण घटना है और शायद उनका यह कदम दक्षिण मुंबई के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी टिकट न पाने की हताशा से प्रभावित है। देवड़ा के दिवंगत पिता मुरली देवड़ा इस सीट का प्रतिनिधित्व करते थे। उसके बाद उनके बेटे को ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से दो बार हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाने पर ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना 2024 के चुनाव में उस सीट पर दावा करेगी। ऐसी स्थिति में देवड़ा के पास कुछ भी नहीं बचेगा। इस लिहाज से मिलिंद देवड़ा का जाना समझ में आता है। यह एक तरह से अपना अस्तित्व बचाने की रणनीति का हिस्सा है जो प्रासंगिक और राजनीतिक क्षेत्र में बने रहने तथा परिवार की विरासत को जीवित रखने का अंतिम प्रयास है।

इस पृष्ठभूमि में देवड़ा को इस बदलाव के लिए दोष देने या श्रेय देने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को 'व्यवसाय विरोधी' बताते हुए पार्टी पर उनके नए हमले समझ में आते हैं। भले ही ये आरोप उनके चुनाव और शिवसेना के शिंदे गुट को वित्त पोषित करने के लिए बड़ा व्यवसाय ला सकते हैं। हालांकि वर्तमान संदर्भ में यह देखना मुश्किल है कि यह दृष्टिकोण उन्हें वोट कैसे दिलाएगा। मुरली देवड़ा की तरह मिलिंद देवड़ा खुद उद्योगपति-व्यापारी हैं। ये लोग चुनिंदा व्यापारिक परिवारों के करीबी रहे हैं और अतीत में कांग्रेस के लिए सेलिब्रिटी फंड जुटाने वालों के रूप में जाने जाते हैं। मुरली देवड़ा द्वारा मंच पर लाए गए हीरा व्यापारी पार्टी के लिए चेक देने और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के साथ फोटो खिंचवाने के लिए लाइन में खड़े होते थे। मनमोहन सिंह सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री रहे मुरली देवड़ा रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के करीबी और निजी मित्र थे, जिन्होंने हितों के टकराव के मुद्दों को उठाया था, जिसे मुकेश के भाई अनिल अंबानी ने उठाया था। कांग्रेस ने तब देवड़ा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, मनमोहन सिंह ने शासन के स्पष्ट, आमने-सामने के मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया था। मुकेश अंबानी (और उदय कोटक ने अलग से) ने 2019 के चुनावों के दौरान मिलिंद देवड़ा का समर्थन किया। वैसे देवड़ा यह चुनाव हार गए थे। खुला समर्थन इस मायने में विचित्र था कि इससे वोटों में वृद्धि होने की संभावना नहीं थी लेकिन इससे यह पता चला कि ऐसे राजनीति के बैकरूम में खेलना पसंद करने वाले व्यापारिक परिवार मिलिंद देवड़ा को खुला समर्थन के लिए तैयार थे। यह तब की बात है जब वे कांग्रेस में थे और एक समय यह है जब भाजपा सबसे अच्छी तरह से वित्त पोषित पार्टी है और नई दिल्ली और महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ है।

15 जनवरी को देवड़ा का पार्टी छोड़ने का फैसला इस लिहाज से लिया गया था ताकि यह दर्शाया जा सके कि इससे राहुल गांधी द्वारा मणिपुर में शुरू किए गए वॉकेथॉन को कमजोर कर सके। यह एक तरह से 2024 के चुनाव के करीब आने के साथ ही किए जा रहे षड्यंत्र के दयनीय पक्ष को दर्शाता है। फिर भी देवड़ा के कांग्रेस के बाहर निकलने में भी एक बड़ा संदेश है जो पार्टी को मजबूत करने में मदद करेगा क्योंकि यह पार्टी को बताता है कि भारत जोड़ो (एकता) और न्याय (न्याय) के अपने मार्ग पर लोगों के पुनर्निर्माण और फिर से जुड़ने के लिए वास्तव में उसे किस पर निर्भर रहना चाहिए। यह देश भर में राहुल गांधी की चुनाव-पूर्व यात्रा का प्रमुख पाठ है।

किसी भी राजनीतिक पार्टी और विशेष रूप से कांग्रेस, जिसने सफलता देखी है और लंबे समय तक सत्ता में रही है, के जोखिमों में से एक यह है कि यह उन सभी प्रकार के कार्यकर्ताओं को आकर्षित और आत्मसात करता है जो नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए वर्षों से बढ़ते हैं। भाजपा को भी यही नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनमें से कुछ अवसरवादी, हां में हां भरने वाले और कुछ ऐसे मित्र होंगे जिनकी वैचारिक प्रतिबद्धता, मूल्यों का सम्मान करना या आम लोगों की आकांक्षाओं की समझ से कोई लेना-देना नहीं है। ये शक्तिशाली धनकुबेर अच्छी तरह से जुड़े नेटवर्कर या संकीर्ण हितों वाले लॉबिस्ट हो सकते हैं जो राजनीतिक अभयारण्य या एक राजनीतिक दल की विशालता में अपनी तरक्की के लिए एक आसान सीढ़ी की तलाश कर रहे होते हैं। उस समय तक जब तक कि पार्टी के पास सत्ता है और वे (धनकुबेर) अपने सदस्यों के राजनीतिक भाग्य को निर्धारित करने में सक्षम है। सत्ता के बिना तथा भविष्य के चुनावों के लिए धन जुटाने की क्षमता के बिना खिलाड़ियों का यह दल जल्दी से असहज हो जाता और बाहर निकलना शुरू कर देता है।

हाल के दिनों में कांग्रेस के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। यह कुछ पहलुओं में पार्टी की कमजोरी और कुछ अन्य में इसकी ताकत को दर्शाता है। कमजोरी यह है कि पार्टी इन खिलाड़ियों को पार्टी में बनाए रखने की अनुमति देती है, यहां तक कि उन्हें राजनीतिक संगठन के भीतर महत्वपूर्ण स्थान भी देती है जिसका उपयोग ये छद्म लोग अपने पैर जमाने, अपनी पकड़ मजबूत करने, अपने प्रभाव का विस्तार करने और एक नकली मुखौटे के साथ स्वीकृति प्राप्त करने के लिए करते हैं जो व्यक्ति की असलियत छिपाने के लिए पहना जाता है। कांग्रेस इनमें से कुछ दरबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए अनिच्छुक रही है। इसके कई जटिल कारण हैं, जिनमें से कम से कम यह नहीं है कि पार्टी खुद भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है और अब इसे बहुत कम छूट मिली हुई है क्योंकि यह वैसे भी सत्ता में नहीं है और प्रभाव डालने की स्थिति में नहीं है।

फिर भी, कांग्रेस अपने स्वर्णिम दिनों में भी इन अवांछित व्यक्तियों को निकालने में धीमी गति से काम करती रही है। इस मामले में भाजपा चौकस, तत्पर और बहुत स्पष्ट रही है- आप पार्टी के लिए काम करते हैं और यह न समझें कि पार्टी आपके लिए काम करती है। कुछ लोग यह तर्क देंगे जो कि गलत नहीं होगा कि भाजपा में आप एक व्यक्ति के लिए काम करते हैं और भले ही यह आलोचना सही हो, लेकिन नई ऊर्जा के साथ नए चेहरों को लाने के भाजपा के प्रयास को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

कांग्रेस को पता होगा कि पार्टी के भीतर लोकतंत्र के लिए लोगों की बात सुनना महत्वपूर्ण है लेकिन मांगों और धमकियों से भयभीत नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए, देवड़ा के बारे में कहा जाता है कि वे 2024 के चुनावों के लिए अपना टिकट खोने की आशंका के कारण जयराम रमेश के माध्यम से राहुल गांधी से जुड़ने की कोशिश की।

लेकिन अगर देवड़ा को टिकट न देना और ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से दो बार के विजेता को टिकट देना कांग्रेस और बड़े विपक्ष के हित में है, तो आखिर किया क्या जाना चाहिए? जवाब बहुत स्पष्ट है- देवड़ा को पार्टी के लिए रास्ता बनाना चाहिए और भाजपा-विरोधी ताकतों के लिए काम करना चाहिए। यहां भी उनकी क्षमता की उतनी ही परीक्षा होती जितनी अगर उन्हें टिकट मिलती तो पार्टी उम्मीदवार के तौर पर होती। यह स्पष्ट संदेश सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं तक जा सकता है। कांग्रेस तब और मजबूत होगी जब सभी कार्यकर्ता यह जान और समझ लें कि उनके सामने एक बड़ा राष्ट्रीय कार्य है जो चुनाव लड़ने के लिए अपना टिकट सुरक्षित करने से कहीं ज्यादा बड़ा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)

## बीता सप्ताह

**13 जनवरी**
- मुंबई महाराष्ट्र में नवी मुंबई में देश का सबसे लंबा पुल 21.8 कि.मी.अटल सेतु का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया।
- रक्षा मंत्रालय के अनुसार डीआरडीओ ने नई पीढ़ी की आकाश (आकाश एन जी) मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- आठ वर्ष पूर्व दुर्घटनाग्रस्त एएन-32 विमान का मलबा चेन्नई के समुद्र में मिला।

**14 जनवरी**
- मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष बनाया गया।
- हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गायिका डॉ. प्रथा अत्रे का निदन हो गया।
- यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषभ सुनक ने सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- चीन के एक कोयला खदान में हुई दुर्घटना में 10 श्रमिकों की मृत्यु हो गई।

**15 जनवरी**
- राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय याञा' मणिपुर के थौबुल से शुरु हुई।
- मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु ने भारत से अपने देश के सैन्य कर्मियों को वापस बुलाया।
- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा शिवसेना में शामिल हो गए।
- छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 3.3 तीव्रता के भूकंप के झटके पड़े।

**16 जनवरी**
- विधायकों की अयोग्यता मामले में उद्धव ठाकरे ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई।
- नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार नौ साल में 24.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले।
- ब्राजील में बाढ़ से 11 लोगों की जान चली गई।
- एंटी फंगल दवाओं के अत्यधिक उपयोग से दवा-प्रतिरोधी संक्रमण का खतरा बढ़ा।

**17 जनवरी**
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद सर्वे पर लगाई रोक।
- यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद रूस के वोरोतिश शहर में आपातकाल घोषित किया गया।
- श्रीलंका में डेंगू के 5 हजार से अधिक मामलों की पुष्टि की गई।
- तुर्किए में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई।

**18 जनवरी**
- भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मैच का नतीजा दो सुपर ओवर में भारत ने 10 रनों से जीत दर्ज की।
- ग्लोबल फायर पावर की हाल ही में जारी 2024 की सैन्य शक्ति रैंकिंग रिपोर्ट में भारत के पास वैश्विक स्तर पर चौथी मजबूत सेना है।
- 18 साल के शतरंज खिलाड़ी आर प्रगननंदा टाटा स्टील मास्टर्स के मुकाबले में वर्ल्ड चैम्पियन चीन के डिग लिरेन को हराया। पांच बार के वर्ल्ड चैम्पियन विश्वनाथ आनंद को पीछे छोड़ते हुए भारत के नंबर वन ग्रैंड मास्टर बने।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने अभ्यर्थियों की आयु सीमा 2028 तक बढ़ाई।

**19 जनवरी**
- केरल हेली टूरिज्म नीति लाने वाला पहला प्रदेश बना।
- सुश्री तोमोको तमुख जापानी कम्युनिस्ट पार्टी की पहली महिला महासचिव नियुक्त की गई।
- राम मंदिर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डाक टिकट जारी किया।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि चिकित्सक की पर्ची के बिना नहीं मिलेगी एंटी बायोटिक्स दवाइयां।

## क्यों जरूरी है लद्दाखी खान-पान की संस्कृति को बचाना?

■ बाबा मायाराम

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, कैंसर जैसी बीमारियों का संबंध भोजन व खान-पान की आदतों से जुड़ा है। प्लास्टिक डब्बाबंद फूड और कार्बोनेटेड पेय जो बाहर से आयात किए जा रहे हैं- यह सब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां सिर्फ अस्पताल से ठीक नहीं होंगी, बल्कि कृषि और रसोई से ठीक होंगी।' यह लेह (लद्दाख) के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नोर्दन ओथज़र थे।

लेह के पास रनबीरपुर गांव में दो दिनी जौ फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलोजी एंड एलायड साइंस सेंटर में गत वर्ष को हुआ था। इसका आयोजन लद्दाख आर्टस एंड मीडिया आर्गनाइजेशन, स्नो लेपर्ड कंजरवेंसी इंडिया ट्रस्ट, लोकल फीचर्स, कल्पवृक्ष और विकल्प संगम ने संयुक्त रूप से किया था। जौ (बारले) यहां की प्रमुख फसल है। जौ का सत्तू लद्दाख के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल है।

यहां की सौंदर्य की नदी सिन्धु, दूर-दूर तक फैले काले स्याह पहाड़, ऊंचाई पर थोड़ी हरियाली, कल-कल बहते बर्फीले नाले और ठंडा वातावरण बहुत ही मनमोहक था। मैं यहां करीब हफ्ते भर से ज्यादा रहा। इस दौरान मैंने एक-दो गांवों की यात्रा भी की।

कार्यक्रम की शुरूआत में कल्पवृक्ष की सृष्टि वाजपेयी ने कहा कि इस तरह के फूड फेस्टिवल की ज़रूरत इसलिए है, क्योंकि कृषि अर्थव्यवस्था बदल रही है। इससे हमें यह भी प्रेरणा मिलती है कि खुद से उगाया खाना खाएं, लोगों को आजीविका मिले, लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हो, जीवन संभलें, सामूहिक रूप से आपस में एक-दूसरे से सीखें व इसके लाभ आपस में साझा करें। इसके पहले लोक संगीतकार त्सेरिंग सोनम ने पारंपरिक रीति-रिवाज से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पहाड़ी खेती में जौ की खेती, पानी, ग्लेशियर और भूमि के महत्व को बताया। इसके बाद हमने नाश्ता किया। नाश्ते में लद्दाखी ननगे त्योदमा और कोलाक था। बाद में जौ से बना चानतुक भी खाया। इसे सब्जियों के साथ बनाया जाता है। देखामबीर, एक अन्य लद्दाखी व्यंजन है, वह काफी स्वादिष्ट था। थापू को भी सभी ने पसंद किया। लद्दाखी भोजन व खान-पान के स्टाल स्थानीय महिला समूहों ने लगाए थे, जो आसपास के गांव से आई थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जौ का संरक्षण व संवर्धन करना था। इसके बारे में लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि लुप्त हो रही जौ की प्रजातियों को बचाना जरूरी है, क्योंकि यह लद्दाख की स्वावलंबी खेती के लिए आवश्यक है। लद्दाखी खान-पान में फिर से जौ के महत्व को सामने लाना जरूरी है, जिससे देशी बीजों की खेती को कायम रखा जा सकें।

> **यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन पर न केवल जोर दिया गया, बल्कि कुछ ऐसे किसान भी आए, जो यह काम बरसों से कर रहे हैं। इस तरह के आयोजनों ने लद्दाख में बढ़ रहे पर्यटन को भी एक नई राह दिखाई है, जिसमें स्थानीय खान-पान के साथ वैकल्पिक जीवनशैली शामिल है, लद्दाख में चूंकि अभी बड़े पैमाने पर पर्यटन की शुरूआत है, इसलिए ऐसे कार्यक्रमों से सुरक्षित पर्यावरण की ओर बढ़ा जा सकता है, जिसमें जैविक खान-पान, स्थानीय समुदायो की सहभागिता, उनकी आजीविका और लद्दाखी श्रम संस्कृति सभी का संरक्षण व संवर्धन संभव है।**

उन्होंने कहा कि जौ का संरक्षण इसलिए भी जरूरी है कि इससे कृषि पारिस्थितिकी ज्ञान और पद्धतियों को भी बचाया जा सके। इस क्षेत्र में ही जौ की खपत व उपभोग हो, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। स्थानीय खेती पद्धतियों को पुनर्जीवित किया जा सके, जिससे अपशिष्ट कचरे में कमी आए और स्वास्थ्य बेहतर हो। यह भी देखा गया है कि स्थानीय पोषणयुक्त भोजन हमेशा ही डब्बाबंद भोजन से बेहतर होता है।

अगले सत्र में ताशी नामगैल, उरूगेन फूनत्सोग और डॉ. सोनम स्पालजिन ने भाग लिया। ताशी नामगैल, स्वयं देशी बीजों और स्थानीय फलों का संरक्षण करते हैं और जैविक उत्पाद की बिक्री करते हैं। उरूगैन फूनत्सोंग, पेशे से पशुपालक हैं, गया गांव के रहनेवाले हैं। डॉ. स्पालजिन, पुरातत्वविद् हैं।

उरूगेन ने बताया कि पूर्वी लद्दाख में प्रमुख रूप से पशुपालक हैं, जबकि पश्चिमी लद्दाख में खेती करनेवाले किसान हैं। जौ लद्दाख के सभी क्षेत्रों में होता है और यह धार्मिक व भौगोलिक दूरी दोनों को पाटता है। डॉ. स्पालजिन ने बताया कि जौ, सबसे पहली फसलों में से एक है, जो मनुष्य ने शुरूआत में उगाई थीं। उन्होंने कहा कि नवपाषाण काल में इसकी खेती के पुरातत्वीय प्रमाण मिले हैं।

ओडिशा से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ. देबलदेव ने देशी बीज संरक्षण पर अनुभव साझा किए। उन्होंने धान की 1500 किस्सों का संरक्षण किया है। उन्होंने कहा कि किसान व खेती को बचाने के तीन स्तंभ हैं। एक, शून्य लागत, इसमें बीज, खाद व कीटनाशक इत्यादि शामिल हैं। दो, जीन व जैव विविधता जिसमें बीजों की विविधता शामिल है। और तीसरा है स्वावलंबी खेती।

उन्होंने बताया कि पहले भारत में 1 लाख 10 हजार धान की किस्में थीं, जिनमें से अब 6 हजार शेष हैं। मक्का की मेक्सिको में 22 हजार प्रजाति थीं, जो अब 700 बची हैं। इसी प्रकार, अफगानिस्तान-तुर्की में जौ की 600 प्रजाति थीं, जो अब 32 रह गई हैं। देबलदेव ने बताया कि बीज संस्कृति में बीजों का आदान-प्रदान होता था। लद्दाख में यह परंपरा रही है, पर अब बीज कंपनियां आ गई हैं और वह बीजों का व्यापार करती हैं, मुनाफा कमाती हैं। अगर बीज नहीं हैं तो किसान स्वाधीन नहीं है।

डॉ. त्सेवांग नामग्याल ने बताया कि जौ और पौष्टिक अनाज की खेती को किस तरह पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यहां पारंपरिक तौर पर कंगनी (फॉक्सटेल) और बाजरा (प्रोसो) होता रहा है। यहां कुटू (बकव्हीट) की दो प्रजाति होती हैं- इन्हें लद्दाखी में ब्रोनक और ब्रोकर कहा जाता है। उन्होंने बताया कि कम ऊंचाई वाले क्षेत्र जैसे शाम व कारगिल में पौष्टिक अनाज और कुटू की खेती होती है।

डॉ. नामग्याल ने बताया कि पहले घर से खेत तक खाद को गधे ढोते थे। बकरी का खाद खेत को उर्वर बनाने के लिए बहुत जरूरी है। कृषि के साथ पशुपालन भी जरूरी है। लेकिन अब खाद्य संप्रभुता नहीं है, ज्यादातर चीजें बाहर जा रही है। सेब, खुबानी स्थानीय लोगों को खाने को नहीं मिलते हैं, बाहर चले जाते हैं।

जापान में रहनेवाले लद्दाखी मूल के स्करमा गुरमेत ने बतलाया कि वे कुटू के नियमित ग्राहक हैं, लद्दाख का कुटू ज्यादा स्वादिष्ट व पौष्टिक हैं, जापान की बनिस्बत। जापान ने लद्दाख में कुटू के उत्पाद को उगानेवाले प्रोजेक्ट को आर्थिक मदद दी है। अधिक ऊंचाई वाले दो गांव साबू और सक्ति में इसकी सफलतापूर्वक खेती की जा रही है। जबकि पारंपरिक रूप से तराई वाले इलाकों में उगाया जाता है।

डॉ. नार्दन ओथज़र ने बतलाया कि पहले लद्दाखियों को हृदयरोग, मधुमेह, कैंसर आदि बीमारियां नहीं होती थीं। लोग खेतों में उगाया हुआ भोजन करते थे, लेकिन आजकल बाहर से आयातित डब्बाबंद फूड का जमाना है। खान-पान की आदतों में बदलाव के कारण ही ऐसी बीमारियां हो रही हैं। इसलिए खान-पान की आदतों में सुधार करना होगा।

पर्यावरणविद् आशीष कोठारी ने खाद्य सुरक्षा और खाद्य संप्रभुता के अंतर को समझाया। खाद्य सुरक्षा, भोजन की सुनिश्चितता से होती है जबकि खाद्य संप्रभुता भोजन से जुड़े सभी पहलुओं पर स्थानीय समुदाय के नियंत्रण से होती है। बीज, ज़मीन, और पानी इत्यादि सभी पर, और खेती से जुड़े पारंपरिक ज्ञान पर भी किसानों का नियंत्रण जरूरी है। उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां की दलित महिलाओं ने अन्न स्वराज का अनूठा काम किया है। पहले वहां भुखमरी व कुपोषण था, लेकिन पिछले 3 दशक में तस्वीर बदल गई है। वहां की महिलाओं ने मिलकर 75 गांव में पुराने देसी बीज बचाए हैं, पौष्टिक अनाजों की खेती की है। अब उनके पास बीज बैंक में 75-80 किस्में हैं, जिनमें पौष्टिक अनाज, दाल व अन्य किस्में शामिल हैं। अब वे जरूरतमंदों को मुफ्त राशन और बीज बैंक में बीजों का आदान-प्रदान करती हैं। उनकी खाद्य सुरक्षा है, और अन्न स्वराज भी है। क्योंकि वे बीज, ज़मीन, पानी और पारंपरिक ज्ञान के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं है। इस तरह उन्होंने बिहार के केडिया गांव, नागालैंड के नॉर्थ ईस्ट नेटवर्क, और कर्नाटक के वनस्त्री का उदाहरण भी दिया, जहां लोगों ने आत्मनिर्भर खेती की ओर कदम बढ़ाया है।

भोजन और कृषि उद्यमियों के सत्र में युवा उद्यमियों ने उनके अनुभव साझा किए। इसमें डोलमा, सोनम आंगमो, रिगजेन यांगडोल, त्सेतान दोरजे, और थिनलेस नुरबो ने हिस्सा लिया। इस सत्र में यह बिन्दु उभरकर सामने आया कि सबसे पहले लद्दाखी लोगों की भोजन की जरूरतें पूरी होनी चाहिए, इसके बाद अगर अतिरिक्त अनाज बचता है तो बाहर भेजना चाहिए। लद्दाखी लोगों को छोटे उद्यमियों का सम्मान करना चाहिए, उनको प्रोत्साहित करना चाहिए।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों की भागीदारी आकर्षण का केन्द्र रही। सोनम आंगडस और त्सेरिगं सोनम ने लोकगीत गाए। जंगल और कृषि पर गीतों ने समा बांधा। इन गीतों में भोजन, कृषि और संस्कृति का संबंध बताया। इनमें आसमान, बादल, सूरज, चांद, तारे, ग्लेशियर, झील और वन्यप्राणी, पालतू पशु सभी का समावेश था। कथावाचक मोरूप नामगैल ने केसर सागा की कहानी सुनाई।

फेस्टिवल में फूड स्टाल, संगीत, फिल्म, फोटो प्रदर्शनी इत्यादि भी शामिल थी। इसके अलावा, यहां लद्दाख के जेपो घास से टोकरी बनाना, मिट्टी के खिलौने बनाने की गतिविधियां भी हुईं। टोकरी को यहां लद्दाखी में त्सेपो कहा जाता है।

कुल मिलाकर, इस पूरी पहल ने जौ, कुटू, बाजरा व पौष्टिक अनाजों जैसी पारंपरिक खेती की ओर ध्यान खींचा है। इस आयोजन में युवा सामाजिक कार्यकर्ता व युवा उद्यमियों की भागीदारी व सक्रियता ने भी आशा जगाई है। महिला समूहों ने न केवल पारंपरिक खान-पान को जरूरी बताया बल्कि उन्होंने लद्दाखी भोजन के कई व्यंजन बनाए व सिखाए भी। यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन पर न केवल जोर दिया गया, बल्कि कुछ ऐसे किसान भी आए, जो यह काम बरसों से कर रहे हैं। इस तरह के आयोजनों ने लद्दाख में बढ़ रहे पर्यटन को भी एक नई राह दिखाई है, जिसमें स्थानीय खान-पान के साथ वैकल्पिक जीवनशैली शामिल है, लद्दाख में चूंकि अभी बड़े पैमाने पर पर्यटन की शुरूआत है, इसलिए ऐसे कार्यक्रमों से सुरक्षित पर्यावरण की ओर बढ़ा जा सकता है, जिसमें जैविक खान-पान, स्थानीय समुदायो की सहभागिता, उनकी आजीविका और लद्दाखी श्रम संस्कृति सभी का संरक्षण व संवर्धन संभव है। यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## झारखंड में हेमंत के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन भाजपा से निपटने को तैयार

■ अरुण श्रीवास्तव

सीट साझा करना चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन झारखंड के इंडिया ब्लॉक के नेताओं के लिए, आदिवासियों और गरीबों के हितों का समर्थन करने और उनकी पहचान और कल्याण के लिए लड़ने के लिए मंच का उपयोग करना प्राथमिक मिशन है। एक-दो सीटों को छोड़कर, विपक्षी नेता सीट बंटवारे के जटिल मुद्दे को सुलझाने में सफल रहे हैं और अब इसे औपचारिक रूप से सार्वजनिक करने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी के आगमन का इंतजार कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और झारखंड कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा, 'आगामी बैठक महत्वपूर्ण है। लेकिन प्राथमिक उद्देश्य लोगों को प्रभावित करने वाली उच्च बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति जैसे मुद्दों को संबोधित करना है।' इंडिया ब्लॉक के जन्म से पहले ही, राज्य के आदिवासियों और गरीबों के भगवा शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरा विपक्ष एक साथ आया है। गठबंधन का गठन केवल इसे राजनीतिक रूप देने की एक कवायद रही है।

श्री सहाय ने कहा कि गठबंधन के नेता एकजुट हैं और वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका आत्मविश्वास इस बात से पैदा हुआ है कि विपक्ष ने अपना समर्थन आधार नहीं खोया है। उनके लिए 2019 का लोकसभा चुनाव महज एक भटकाव जैसा था। भाजपा ने राष्ट्रवादी हौव्वा खड़ा किया है, लेकिन उन्हें यकीन है कि इस बार राम मंदिर को लेकर उतनी तीव्रता नहीं होगी। 2019 के चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहे थे। भाजपा-आजसू गठबंधन ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत हासिल की थी।

> **एक बार जब गठबंधन सरकार सत्ता में आई, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उसके अन्य नेताओं के सामने प्राथमिक कार्य 'विनाशकारी और धार्मिक कट्टरपंथियों' के खिलाफ लड़ने के लिए आदिवासी एकता का निर्माण करना था। भाजपा नेतृत्व ने आदिवासियों को जाति और उपजाति के आधार पर बुरी तरह विभाजित कर दिया है। दरअसल सोरेन ने अफसोस जताया था कि 'आज हम विभाजित और असंगठित हैं, यही कारण है कि मणिपुर में आदिवासी उत्पीड़न का विषय झारखंड के मुंडा लोगों का विषय नहीं बन रहा है'।**

यह मीडिया ही है जो जानबूझकर सीट बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा भ्रम पैदा कर रहा है। ऐसी अफवाह है कि कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित किया है कि वह 14 में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वरिष्ठ विपक्षी नेता इसे खारिज करते हैं। उनके अपने तर्क हैं। राज्य में केवल 14 सीटें हैं। वे कैसे कह सकते हैं कि कांग्रेस नौ सीटों पर दावा कर रही है? इसका क्या मतलब है? क्या वे यह कहना चाहते हैं कि प्रमुख दल झामुमो और अन्य घटक दल लाइन में बैठकर चुनावी लड़ाई देखेंगे?

जमीनी राजनीतिक परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस रांची, खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, धनबाद और हजारीबाग में अपने उम्मीदवार उतारेगी। राजद चतरा और पलामू से अपने उम्मीदवार उतारेगी। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वें शहादत दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कहा, 'अगर सीटों का बंटवारा सही तरीके से हुआ, तो इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा देगा। उन्हें 2019 में की गई गलतियों को दोहराने से बचना होगा। उस चुनाव में जेवीएम गठबंधन का हिस्सा थी, लेकिन जीतने के बाद उसके नेता बाबूलाल मरांडी भाजपा में शामिल हो गये। फिर भी सीपीआई (एमएल) ने बगोदर (गिरिडीह) पर दावा ठोक दिया है। उसने न सिर्फ अपनी दावेदारी पेश कर दी है बल्कि 15 दिनों की यात्रा निकालकर 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। दीपांकर ने कहा, 'हमने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को बता दिया है कि अगर वे कोडरमा सीट जीतना चाहते हैं, तो उन्हें इसे सीपीआई (एमएल) को देना चाहिए।' तीन बार के विधायक शहीद महेंद्र सिंह के बेटे विनोद सिंह पहले से ही कोडरमा लोकसभा सीट के एक हिस्से, बगोदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य मुहैया कराना है। रेलवे और बसें अच्छे से चलें, ये सरकार का काम है, लेकिन अब भाजपा इसे धर्म से जोड़ रही है। विपक्ष की एकजुटता केवल भाजपा को हराने की जरूरत के कारण नहीं है। इसके बजाय यह इस तथ्य से भी प्रेरित है कि इसने आदिवासी गांवों में आतंक फैलाया है, कथित नक्सलियों के प्रति पुलिस को उन पर अत्याचार करने के लिए प्रोत्साहित किया है और गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़प ली हैं। दीपांकर ने कहा कि पार्टी ने महेंद्र सिंह से लेकर महात्मा गांधी के शहीद दिवस 16 जनवरी से 30 जनवरी तक जनसंघर्ष यात्रा शुरू की है।

इंडिया ब्लॉक के नेताओं का आरोप है कि भाजपा ने ग्राम सभाओं को निष्क्रिय कर दिया है। विनोद ने कहा, 'महेंद्र सिंह ने जंगलों, सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और ज़मीनों को गुंडों और माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए ग्राम सभाओं का गठन किया था। लेकिन पिछली भाजपा सरकार ने शोषकों को राज्य में अपना काम चलाने में मदद करने के लिए ग्राम सभाओं को नष्ट कर दिया।'

एक बार जब गठबंधन सरकार सत्ता में आई, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उसके अन्य नेताओं के सामने प्राथमिक कार्य 'विनाशकारी और धार्मिक कट्टरपंथियों' के खिलाफ लड़ने के लिए आदिवासी एकता का निर्माण करना था। भाजपा नेतृत्व ने आदिवासियों को जाति और उपजाति के आधार पर बुरी तरह विभाजित कर दिया है। दरअसल सोरेन ने अफसोस जताया था कि 'आज हम विभाजित और असंगठित हैं, यही कारण है कि मणिपुर में आदिवासी उत्पीड़न का विषय झारखंड के मुंडा लोगों का विषय नहीं बन रहा है'।

सोरेन की तरह, उनके विपक्षी सहयोगियों का भी मानना है कि आदिवासियों को एक लाइन पर सोचना होगा और पारंपरिक मतभेदों के बावजूद एकजुट रहना होगा। विचारधारा और धर्म हमारी एक विरासत है और हमारा लक्ष्य भी एक होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें यह समझने की जरूरत है कि हमारी समस्याएं भी एक हैं। मैं चाहता हूं कि विभिन्न आदिवासी समूहों के बीच आपसी संवाद शुरू हो।'

सोरेन के इस रुख ने भाजपा नेतृत्व को पूरी तरह से परेशान कर दिया है। दरअसल अमित शाह का लगातार झारखंड दौरा अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका। मोदी और शाह ने राज्य भाजपा नेताओं को कुर्मी और मुंडा समुदाय को अपने पक्ष में करने का निर्देश दिया था। लेकिन वे सफल नहीं हुए। अपने प्रयास में विफल होने के बाद, मोदी और शाह ने अंततः सोरेन और अन्य नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का उपयोग करने की रणनीति का सहारा लिया। सोरेन, जिन्होंने बार-बार मोदी सरकार पर ईडी, सीबीआई और आईटी जैसी संघीय एजेंसियों का उपयोग करके उनकी सरकार को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया है, ने आदिवासियों से ऐसी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का भी आह्वान किया है। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में रहने वाले 13 करोड़ से अधिक आदिवासियों से भी अपील की थी, 'समय आ गया है कि हम एकजुट हों और ऐसी ताकतों के खिलाफ लड़ें जो हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण करना चाहती हैं और हमारी पहचान और संस्कृति को अपमानित करना चाहती हैं।'

रघुबर दास के भाजपा शासन के दौरान, बड़े व्यापारिक और कॉर्पोरेट घरानों ने उद्योग स्थापित करने के लिए आदिवासियों की भूमि के बड़े हिस्से का अधिग्रहण कर लिया है। अडानी ने बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति के लिए गोड्डा में अपना बिजली संयंत्र स्थापित किया। यह सच है कि उद्योगों, परियोजनाओं, बांधों और खदानों के कारण विस्थापित होने वाले लगभग 80प्रतिशत लोग आदिवासी हैं, लेकिन उनका क्या हाल है इसका पता लगाने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं किया गया। विकास परियोजनाएं आदिवासियों के हित के विरुद्ध थीं।

सोरेन द्वारा भाजपा और खासकर मोदी सरकार के शोषणकारी तंत्र के खिलाफ सख्त रवैया अपनाना मोदी और शाह द्वारा उन्हें ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से परेशान करने का मुख्य कारण रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि मोदी और शाह के दमनकारी कदम विपक्ष को मजबूर करने में सफल होने के बजाय विपक्ष को एकजुट कर रहे हैं। इस बार वे भाजपा को उसकी सही जगह दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हेमंत के अड़ियल रवैये और लगातार सात बार ईडी के समन का जवाब देने से इनकार करने से विपक्ष का हौसला और बढ़ गया है। मोदी के आधिपत्य को चुनौती देने के लिए हेमंत कितने प्रतिबद्ध हैं, यह उनके इस कदम से भी स्पष्ट है कि उन्होंने राज्य सरकार से यह प्रस्ताव पारित करवाया कि कोई भी एजेंसी सीधे उसके किसी भी अधिकारी को नहीं बुला सकेगी। उन्हें मुख्य सचिव को अनुरोध भेजना होगा। इसका मूल्यांकन और चर्चा उच्च स्तरीय बैठक में की जायेगी।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## नाटो दशकों में सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास करेगा आयोजित

**ब्रूसेल्स,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। नाटो के सुप्रीम अलाइड कमांडर यूरोप क्रिस्टोफर कैवोली ने कहा कि नाटो दशकों में अपना सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित करने के लिए तैयार है, जिसमें लगभग 90,000 सेनाएं भाग लेंगी। %एक्सरसाइज स्टीडफास्ट डिफेंडर 2024% नामक यह अभ्यास अगले सप्ताह शुरू होने वाला है और मई तक चलेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दो दिवसीय नाटो सैन्य प्रमुखों की बैठक के बाद ब्रूसेल्स में गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कैवोली ने कहा कि नाटो के सभी 31 सदस्य और स्वीडन युद्धाभ्यास में भाग लेंगे।

# देश विदेश

# गुटेरेस ने की ईरान-पाकिस्तान तनाव कम करने के लिए मदद की पेशकश

**संयुक्त राष्ट्र,** 19 जनवरी (वार्ता) संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान और ईरान के बीच मौजूदा तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोनों देशों से तनाव कम करने का आग्रह किया है तथा उनके सभी मुद्दों को शांतिपूर्वक हल करने में मदद करने की पेशकश की है।

'डॉन' अखबार में शुक्रवार को प्रसारित एक रिपोर्ट के मुताबिक महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने महासचिव की यह बात उस समय कही जब उनसे ईरान और पाकिस्तान के बीच इस सप्ताह के हमलों और जवाबी हमलों पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा, वह (श्री गुटेरेस) ईरान और पाकिस्तान के बीच इस तनाव तथा रॉकेट के आदान-प्रदान से होने वाले नुकसान को लेकर बहुत चिंतित हैं। हमने दोनों पक्षों के हताहत होने की रिपोर्ट देखी है।

यह पूछे जाने पर कि महासचिव इस तनाव के बढ़ने को लेकर कितने चिंतित हैं तो संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने कहा, वह दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करते हैं ताकि आगे किसी भी तनाव से बचा जा सके।

तनाव को आगे बढ़ने से बचने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री दुजारिक ने कहा, ईरान और पाकिस्तान के बीच किसी भी सुरक्षा मुद्दे, किसी भी मुद्दे तथा चिंताओं को शांतिपूर्ण तरीकों से, बातचीत के माध्यम से, सहयोग के माध्यम से, संप्रभुता के सिद्धांतों, राष्ट्रीय अखंडता और अच्छे पड़ोसी संबंधों के आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए।

श्री दुजारिक ने कहा कि महासचिव ने ईरानी विदेश मंत्री से फोन पर बात की और वह मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मिल सकते हैं तथा गाजा के अलावा यह उन मुद्दों में से एक हो सकता है जिस पर वह चर्चा कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की तरह, यूरोपीय संघ ने भी कहा कि वह पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्र पर हमले के बाद



पश्चिम एशिया और उसके बाहर हिंसा की बाढ़ को लेकर बहुत चिंतित है।

यूरोपीय संघ के प्रवक्ता पीटर स्टैनो ने कहा, पाकिस्तान, इराक और ईरान सहित ये हमले अब यूरोपीय संघ के लिए अत्यधिक चिंता का विषय हैं क्योंकि वे देशों की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करते हैं एवं उनका क्षेत्र पर अस्थिर प्रभाव भी पड़ता है।

भारत के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपनी टिप्पणी में तटस्थ रहते हुए कहा है, यह ईरान और पाकिस्तान

**ईरान और पाकिस्तान के बीच किसी भी सुरक्षा मुद्दे, किसी भी मुद्दे तथा चिंताओं को शांतिपूर्ण तरीकों से, बातचीत के माध्यम से, सहयोग के माध्यम से, संप्रभुता के सिद्धांतों, राष्ट्रीय अखंडता और अच्छे पड़ोसी संबंधों के आधार पर संबोधित किया जाना चाहिए :- एंटोनियो गुटेरेस, महासचिव, संयुक्त राष्ट्र**

के बीच का मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, आतंकवाद के प्रति हमारा रुख बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने का है। हम उन कार्रवाइयों को समझते हैं जो देश अपनी आत्मरक्षा में करते हैं।

तालिबान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पड़ोसी देशों को विवादित मुद्दों को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल करना चाहिए।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा, इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान का विदेश मंत्रालय इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के बीच हालिया हिंसा को चिंताजनक मानता है तथा दोनों पड़ोसी देशों से संयम बरतने का आह्वान करता है।

रूस के विदेश मंत्रालय ने ईरान और पाकिस्तान से अधिकतम संयम दिखाने और कूटनीति के माध्यम से अपने मतभेदों को हल करने का आह्वान किया। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर उन लोगों के हाथों में खेलने का जोखिम उठाएं जो क्षेत्र को अराजकता में डूबते हुए देखना चाहते हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रतिनिधि मारिया जखारोवा ने एक बयान में कहा कि दोनों देश शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का हिस्सा हैं, एक ऐसा समूह जिसकी स्थापना में रूस ने मदद की थी। उन्होंने कहा, यह खेदजनक है कि यह मित्रवत एससीओ देशों के बीच हो रहा है जिनके साथ हम साझेदारी संबंध विकसित कर रहे हैं।

## सुडोकू 6442

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 20 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 9

### राशिफल

मेष -दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ -आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

कर्क -आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह -परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या -आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा। संतान की चिंता रहेगी।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। किसी बात को लेकर कन्फ्यूजन बना रहेगा।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। आप नए काम करने के लिए उत्साहित होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## कांगो में बाढ़ के कारण 23 की मौत

ब्राज़ाविल, 19 जनवरी (एजेंसियां)। कांगो गणराज्य में भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ से कम से कम 23 लोगों की मौत हुयी है। सरकारी प्रवक्ता थिएरी मौंगल्ला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये मौतें लिकौला, क्यूवेट और नियारी क्षेत्र में हुयी हैं। एक अद्यतन आकलन के अनुसार, देश के



12 में से नौ प्रांत विशेषकर कांगो नदी की सीमा से लगे क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से कुल मिलाकर, 336,560 लोग प्रभावित हुये और 6,178 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाढ़ के कारण 26 स्वास्थ्य सुविधायें, 120 विद्यालय और लगभग 64,000 घर नष्ट या क्षतिग्रस्त हुये हैं। इस आपदा का सामना करते हुए, सरकार ने दो अरब अरब सीएफए फ़्रैंक (लगभग 33.2 लाख अमेरिकी डॉलर) की राशि के साथ एक राष्ट्रीय एकजुटता कोष बनाया है और योगदान प्राप्त करने के लिये बैंक खाता खोलने को अधिकृत किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बाढ़ के बाद देश में बड़े पैमाने पर जलजनित बीमारियों के फैलने के खतरे की चेतावनी पिछले हफ्ते दी थी। डब्ल्यूएचओ द्वारा उद्धृत विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार 2022-2023 में औसत से दोगुनी बारिश हुयी है। स्थानीय मीडिया ने डीआरसी अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया है कि कांगो नदी की दाहिने किनारे की सहायक नदी, उबांगी नदी में जल स्तर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। कांगो नदी (कांगो गणराज्य की राजधानी ब्रेज़ाविल और पड़ोसी लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) की राजधानी किंशासा को अलग करती है) का जल स्तर समुद्र तल से 6.2 मीटर ऊपर पहुंच गया है। यह 1961 के बाद उच्चतम स्तर है। उस समय कांगो नदी का जलस्तर 6.26 मीटर का रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। उल्लेखनीय है कि डीआरसी सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि डीआरसी में हाल ही में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 300 लोग मारे गये हैं।

## इजरायल का दावा, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' अभियान का उपप्रमुख मारा गया

येरूशलम, 19 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को दावा किया कि गाजा पट्टी पर हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' अभियान का उपप्रमुख मारा गया है। आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर कहा, इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के वरिष्ठ सदस्य, वाएल अबू-फनौना को गुरुवार को, दक्षिणी कमान के नेतृत्व में वायु सेना के हवाई हमले के दौरान मार गिराया गया। इजरायली सेना ने अबू-फनौना पर इजरायल के खिलाफ रॉकेट हमलों के वीडियो प्रसारित करने और इजरायली बंधकों के बारे में जानकारी का प्रचार-प्रसार करने का आरोप लगाया है। उसने कथित तौर पर इस्लामिक जिहाद मूवमेंट के भीतर कई पदों पर कार्य किया, जिसमें उत्तरी गाजा में आंदोलन के कमांडर खलील बहतिनी के सहायक का काम भी शामिल था। आईडीएफ ने बताया कि उसकी थल सेना और नौसेना बंधक फिलिस्तीनी इलाके में संयुक्त अभियान जारी रखे हुए हैं और कथित आतंकवादी ठिकानों पर हवाई हमले कर रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि गाजा में इजरायली बमबारी में 24,600 से अधिक लोग मारे गये हैं और 61,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## भारी बर्फबारी के चलते जर्मनी के सबसे बड़े हवाई अड्डे पर 320 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**बर्लिन,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। जर्मनी के सबसे बड़े फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर बर्फबारी के चलते 320 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार सुबह हवाई अड्डे के प्रबंधक फ्रापोर्ट एजी ने घोषणा की कि फ्लाइट्स में व्यवधान और रद्द होने की आशंका है। फ्रापोर्ट के प्रवक्ता ने गुरुवार देर रात कहा, टेक-ऑफ और लैंडिंग अब फिर से संभव है। भारी बर्फबारी के कारण बुधवार दोपहर से फ्लाइट्स बाधित हो गई है। फ्रापोर्ट एजी ने कहा कि ऑपरेशन्स शुक्रवार तक सामान्य हो जाना चाहिए। जर्मन मौसम सेवा (डीडब्ल्यूडी) ने बताया है कि गुरुवार दोपहर को हल्की से मध्यम बर्फबारी के बाद, अब हेस्से राज्य में, जहां फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डा स्थित है, अगले कुछ दिनों में मौसम सामान्य हो जाएगा।

## हमास की कैद में सबसे कम उम्र का बंधक एक साल का हुआ, इजरायलियों ने मनाया जन्मदिन

**तेल अवीव,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। हमास की कैद में सबसे कम उम्र के बंधक केफिर बिबास के परिवार ने उसका पहला जन्मदिन दुखद तरीके से मनाया। केफिर बिबास को उसके माता-पिता यार्डन और शिरी और चार साल के भाई एरियल के साथ 7 अक्टूबर 2023 को किबुत्ज नीर ओज से हमास आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। गुरुवार को तेल अवीव में होस्टेज स्क्वायर पर एक बड़ी भीड़ उमड़ी, जिसमें कई लोगों ने केफिर के लिए नारंगी गुब्बारे पकड़ रखे थे। वहां एक बड़ी स्क्रीन भी थी जिसमें दिखाया गया था कि गाजा में बंधकों को कितने दिनों तक रखा गया है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में गली टार्शन्स्की (13), जिसे हमास ने पकड़ लिया था और 29 नवंबर 2023 को एक सप्ताह के युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में रिहा कर दिया गया था, उसने लिखा, प्यारा केफिर जन्मदिन मुबारक हो। हम आपके सुरक्षित और शीघ्र लौटने का इंतजार कर रहे हैं और हम केक और उपहारों के साथ जश्न मनाएंगे, जैसे एक साल के बच्चे को मनाना चाहिए।%%हमास की कैद से लौटे बच्चों ने जन्मदिन मनाने के लिए ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। चार वर्षीय उड़िया ब्रोडच, जिसका उसके माता-पिता के साथ अपहरण कर लिया गया था और 26 नवंबर, 2023 को रिहा कर दिया गया था, ने लिखा- जन्मदिन मुबारक हो, आप जल्द ही घर लौटें। एमिली हैंड (9) का भी अपहरण कर लिया गया था और बाद में 26 नवंबर को रिहा कर दिया गया, उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद है कि आप जितनी जल्दी हो सके वहां से निकल जाएंगे। मैं इस भावना को समझता हूं क्योंकि मैं भी वहां था। आपको प्यार भेज रहा हूं। समारोह के दौरान शिरी बिबास के चचेरे भाई यिफ़त ज़ाइलर ने कहा, किसी भी अपहृत को कैद में जन्मदिन नहीं मनाना चाहिए। हम बच्चों और उनके परिवारों को इस भावपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद देते हैं और निर्णय लेने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे इन इच्छाओं को समझें कि हर बंधक के पीछे एक पूरी दुनिया है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि केफिर जिंदा है या नहीं। हमास ने दावा किया है कि केफिर, उनके भाई और मां इजरायली हवाई हमले में मारे गए थे। लगभग 50 दिन हमास की कैद में बिताने और युद्धविराम समझौते के दौरान रिहा होने वाली एक बंधक नीली मार्गालिट ने खुलासा किया कि वह यार्डन, बिबास के साथ थी जब हमास के आतंकवादियों ने उसे बताया कि उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे मारे गए हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि बिबास परिवार के संबंध में हमास द्वारा किए गए दावों की पुष्टि नहीं की गई है।

## आज का इतिहास

1817-'कलकत्ता हिन्दू कॉलेज' की स्थापना हुई।
1840-डच राजा विलियम द्वितीय की ताजपोशी।
1871'टाटा समूह' को खड़ा करने वाले चार लोगों में से एक रतनजी टाटा का जन्म।
1892-पहली बार बास्केट बॉल खेला गया।
1940-भारतीय अभिनेता और राजनेता कृष्णम राजू का जन्म।
1945-भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का जन्म।
1957-भारत की पहली 'परमाणु भट्टी अप्सरा' का उद्घाटन हुआ।
1968-इराक के राष्ट्रपति आरिफ़ हटा दिये गए।
1971-अरुणाचल प्रदेश और मिज़ोरम का उदय 'केंद्रशासित प्रदेश' के रूप में हुआ।
1988-भारत रत्न सम्मानित महान स्वतंत्रता सेनानी ख़ान अब्दुलगफ़्फ़ार ख़ान का निधन।
1993-बिल क्लिंटन द्वारा अमेरिका के 42वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार ग्रहण।
2001-जार्ज बुश जूनियर अमेरिका के राष्ट्रपति बने, ग्लोरिया आरोया फिलीपींस की राष्ट्रपति बनीं।
2005-भारतीय अभिनेत्री परवीन बॉबी का निधन।
2006-नासा ने प्लूटो के बारे में और जानकारी के लिए न्यूहोराइजन यान को प्रक्षेपित किया।
2007-अफ़ग़ानिस्तान में सीमान्त गांधी के नाम पर संग्रहालय स्थापित किया गया।
2008-बॉलीवुड अभिनेता देवानंद को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया।

**आयोजन** नेपाल के जनकपुर से 500 से अधिक सजी हुई उपहार टोकरियां अयोध्या भेजी गईं

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का नेपाल से बड़ा कनेक्शन!

**काठमांडू, 19 जनवरी (आईएएनएस)। अयोध्या 22 जनवरी को राम मंदिर में बहुप्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयार हो रही है। इस भव्य आयोजन के साथ नेपाल का एक बड़ा कनेक्शन भी जुड़ा हुआ है। नेपाल के जनकपुर से 500 से अधिक सजी हुई उपहार टोकरियां अयोध्या भेजी गईं। जनकपुर को सीता मां का जन्मस्थान माना जाता है। नेपाल ने अपने नागरिकों से 22 जनवरी को आरती और विशेष पूजा करने के साथ-साथ उस दिन शराब और मांसाहारी भोजन की बिक्री रोकने का आह्वान किया है।**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय द्वारा भेजे गए एक पत्र के अनुसार, नेपाली पुजारी, आचार्य दुर्गा प्रसाद गौतम 22 जनवरी को विशेष धार्मिक समारोह का नेतृत्व करेंगे।

गौतम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सैकड़ों हजारों हिंदू भक्तों के सामने वैदिक मंत्रों का पाठ करेंगे। 25 वर्षीय राम मंदिर के पुजारी हैं और अप्रैल 2020 से इससे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, अप्रैल 2020 में भूमि पूजन के बाद से मैं सभी धार्मिक कार्यों से जुड़ा रहा हूं। मैं भगवान राम की सेवा कर खुश हूं। इस बीच, जनकपुर में राम-जानकी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत राम तपेश्वर दास को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। महंत राम तपेश्वर दास और उनके उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास, जो इस कार्यक्रम में शामिल होंगे,



को विशेष स्थान दिया जाएगा क्योंकि वे सीता के जन्मस्थान से हैं। विश्व हिंदू परिषद नेपाल चैप्टर के अनुसार, काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी रावल गणेश भट्ट, जिन्हें मुउल भट्ट के नाम से भी जाना जाता है, को भी आमंत्रित किया गया है। जनकपुर उप महानगर शहर ने सभी निवासियों से 22 जनवरी को हर घर और राम-जानकी मंदिर में दीये जलाकर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने का आह्वान किया है। इसी तरह, बीरगंज मेट्रोपॉलिटन सिटी ने 22 जनवरी को मांसाहारी भोजन और शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। उसी दिन शहर के घड़ियारवा पोखरी में समारोह होगा। इससे पहले, दो बड़े शालिग्राम, एक जीवाश्म पत्थर या अमोनाइट, नेपाल में गंडकी नदी की सहायक नदी काली गंडकी के तट से एकत्र किए गए थे और अयोध्या भेजे गए।

## वर्ग पहेली 6442

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. प्रवेश, साथ रहना, मिलना, एकत्र होना, शामिल होना
३. युद्धसंबंधी
५. अधिकतर
६. जो बुरी तरह टूट-फूट गया हो
७. पृथ्वी के नीचे का एक लो
९. तारने या उद्धार करने वाला, विष्णु,शिव
१०. अफ़वाह, जनश्रुति
१२. जो आसानी से मिल जाए, आसान
१३. देर, देरी
१४. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१६. समाधान, एक कृषि उपकरण
१८. जंगलों में पैदा होने वाला
२०. मजेदार
२१. चिढ़, घृणा (उर्दू)
२३. अपने जीवन में बीती घटनाओं का विस्तृत वृत्तांत

**ऊपर से नीचे:-**
१. साथ चलने वाला, साथी
२. जिसमें दर्द या पीड़ा की अनुभूति न हो
३. मामूली, जो विशेष न हो
४. उत्कोच
५. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
८. करीब-करीब
१०. सूचित करना, बताना
११. प्रतिद्वंद्वी (उर्दू)
१२. भोर, प्रभात
१३. वायुयान
१४. शुभ, भला, पवित्र (उर्दू)
१५. रेल का सिंग्नल
१७. सेना, फौज (उर्दू)
१८. वृद्धिकारक
१९. जन्म देने वाली
२२. सिंहासन (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6441

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | शि | २ कां | त | ■ | ■ | ३ अं | ध | ४ का | र |
| त | ■ | ति | ■ | ५ कु | त्सि | त | ■ | र | ■ |
| ६ प | स्थ | र | दि | ल | ■ | ७ रि | स्थ | क | ८ र |
| दी | ■ | ति | ■ | ९ दे | हां | त | ■ | ■ | सा |
| ■ | १० अ | त | ११ ए | व | ■ | ■ | १२ वि | मु | ख |
| ■ | म | ■ | कां | ■ | १३ त | था | पि | ■ | न |
| १४ स | ला | १५ म | त | ■ | त्स | ■ | १६ न | १७ फा | ■ |
| वि | ■ | हा | ■ | १८ सु | म | १९ न | ■ | स | ■ |
| २० न | क्का | रा | ■ | ग | ■ | २१ वा | र्ता | ला | २२ प |
| य | ■ | २३ ज | ग | म | गा | ना | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### यूक्रेन कीव और ल्वीव से हवाई यातायात फिर शुरू करने पर विचार कर रहा

कीव, 19 जनवरी (एजेंसियां)। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख रोस्टिस्लाव शूरमा का कहना है कि यूक्रेन राजधानी कीव और पश्चिमी शहर ल्वीव से हवाई यातायात फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन ने 24 फरवरी 2022 को नागरिक विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था, जिस दिन रूस ने कीव के खिलाफ युद्ध शुरू किया था। रोस्टिस्लाव शूरमा ने कहा, हम यूक्रेन में हवाई यातायात बहाल करने के लिए बहुत गहनता से काम कर रहे हैं। हम निश्चित रूप से इसे लागू करने की पूरी कोशिश करेंगे। यूक्रेनी हवाई क्षेत्र में उड़ानों के लिए प्रतिबंध हटाने के लिए अनुमानित समयरेखा दिए बिना, अधिकारी ने जोर देकर कहा, हवाई यातायात यूक्रेन की व्यापार और निवेश गतिविधियों का एक मौलिक रूप से महत्वपूर्ण तत्व है। रोस्टिस्लाव शूरमा ने आगे कहा कि यूक्रेन पर हवाई यातायात का नवीनीकरण उड़ानों की फिजिकल सुरक्षा सुनिश्चित करने की यूक्रेन की क्षमता और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों, स्वतंत्र नियामकों और बीमा कंपनियों के निर्णयों पर निर्भर करेगा।

# प्रादेशिकी

## तकनीकी संस्थानों की प्रशासकीय परिषद की मंत्री ने ली बैठक

**देहरादून।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रदेश में स्थित तकनीकी संस्थानों से सम्बन्धित प्रशासकीय परिषद की 34वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की गयी। मंत्री ने कहा कि 33 वीं बैठक की पुष्टिकरण के आधार पर डॉ.ए.के. गौतम नन्ही परी सीमान्त इंजीनियरिंग कॉलेज, पिथौरागढ़, के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर मा. उच्च न्यायालय, नैनीताल में अभियोग चलाये जाने तथा डॉ. सरीश चन्द्रवंशी, सहायक प्रो. जी.बी.पन्त इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नालॉजी, पौड़ी के विरुद्ध उच्च न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी को विभागीय अनुमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

# मत्स्य संपदा व गोट वैली प्रोजेक्ट बने गेम चेंजर : बहुगुणा

**देहरादून,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने अपने विभाग के कार्यों को लेकर जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने पशुपालक, दुग्ध पालकों को बेहतर सुविधाएं देना अपनी प्राथमिकता बताई।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पशुपालन विभाग में तीन नई योजनाएं शुरू की गई हैं। इनके अंतर्गत गोट वैली प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसके अलावा 13 जिलों में प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि पांच बकरियों के लिए लोन लेने पर अगले चरण में 11 बकरियां विभाग देता है। इसके अलावा पोल्ट्री वैली योजना को भी शुरू किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अभी तक 1941 किसानों ने इस योजना का फायदा उठाया है। पशु पालन विभाग के तहत पशुओं की एम्बुलेंस को भी शुरू किया गया है। जिसमें अभी तक चार हजार से ज्यादा कॉल प्राप्त हुई हैं। मंत्री ने बताया कि किसान क्रेडिट योजना के तहत डेढ़ लाख रुपए दिए जाते हैं, जिसके तहत 84,606 किसान क्रेडिट कार्ड बने हैं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पशुपालन विभाग के तहत पहले कोई फंड नहीं रहता था। अब मुख्यमंत्री लाइव स्टॉक मिशन के तहत फंड जमा है। इसके अलावा गंगा गाय योजना में अब किसान को दो गाय या दो भैंस भी दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि पहले पांच गाय का प्रावधान था। लेकिन किसानों की मांग पर सरकार ने ये फैसला लिया है। मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड पहला राज्य बना है जिसने भूसे पर 50 फीसदी सब्सिडी दी है। इसके अलावा राज्य में दिसम्बर में दूध के उत्पादन में 25 फीसदी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 13 जिलों में दुग्ध संघ में दुग्ध उत्पादन बढ़ा है। मंत्री ने बताया कि सरकार बायो गैस प्लांट शुरू करने जा रही है। जिसके लिए किसानों से गोबर भी खरीदा जाएगा। दुग्ध संघ में कुछ कर्मचारी वित्तीय अनियमितताओं में शामिल थे, जिनके खिलाफ हमारी सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है।



■ उत्तराखंड पशुपालन विभाग लाया तीन नई योजनाएं

■ पशुपालन मंत्री ने बेहतर सुविधाएं देना के लिए गिनाई अपनी प्राथमिकता

### आईटीआई पास आउट की शुरुआती सेलरी बढ़ी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि स्किल डेवलपमेंट विभाग में हमने कई काम किए हैं। पहले आईटीआई से पास आउट बच्चों को आठ से 10 हजार रुपए वेतन शुरू में मिलता था। अब सरकार की कोशिश के चलते कम्पनियों को आईआईटी में प्रशिक्षण देने के चलते 25 हजार के करीब शुरुआती वेतन मिलने लगा है। मंत्री ने बताया कि तीन साल के लिए 3000 हजार बच्चों को टाटा के साथ भी एमओयू प्रशिक्षण के लिए किया गया है। आईटीआई के बच्चों की मांग पर ड्रेस कोड चेंज किया गया। बच्चों को ड्रेस भी मुफ्त दी जाएगी। सीएम से इस सम्बंध में बात की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईटीआई के बच्चों को भी विदेश में भेजने की शुरुआत की गई है। अभी तक 16 बच्चों को जापान भेजा गया है, जबकि सात बच्चों के कॉल लेटर आने वाले हैं।

### मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना शुरू

देहरादून। मंत्री ने बताया कि फिशरीज में भी कई योजनाओं के तहत काम हो रहा है। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना शुरू की गई है। हमारी सरकार ने क्लस्टर फार्मिंग पर जोर दिया है। एक्वा पार्क भी प्रदेश में बनने जा रहा है। ये सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में बनने जा रहा है। मत्स्य पालकों को दी जाने वाली बिजली पर अब कमर्शियल दर नहीं लगेगी। इसके साथ ही घरेलू दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि किसानों को प्रति यूनिट 3 ।5 रुपए की बचत हो रही है। इसके अलावा गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को हमारी सरकार ने प्राथमिक पर रखा है।

# '23 जनवरी तक सुलझे उत्तराखंड का सीमा विवाद'

**लक्सर,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के हिम्मतपुर बेला गांव और उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के चखेरी गांव के बीच सीमा पर भूमि विवाद को 23 जनवरी की दोपहर 12 बजे तक हल करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए दोनों जिलों के जिलाधिकारियों को संबंधित एसडीएम के नेतृत्व में टीमें गठित कर मौके पर पैमाइश के साथ पिलर लगवाने का काम करना है। हाईकोर्ट के आदेश पर बिजनौर जिला प्रशासन ने टीम गठित करके पैमाइश का आदेश भी जारी कर दिया है। यह विवाद उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से चला आ रहा है।

जानकारी के मुताबिक, बिजनौर जिला के हिम्मतपुर बेला गांव और लक्सर तहसील के गांव चखेरी के किसानों के बीच बीती 23 सालों से भूमि के स्वामित्व का विवाद चल रहा है। कई बार हुई पैमाइश के बाद भी कोई हल नहीं निकल पाया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरप्रीत सिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया समेत अन्य के बीच सुनवाई के बाद हरिद्वार डीएम और बिजनौर डीएम को एक आदेश दिया था। जिसमें कोर्ट का आदेश था कि दोनों जिलों के जिलाधिकारी संबंधित तहसीलों के एसडीएम के नेतृत्व में टीम बनाकर दोनों राज्यों की सीमा पर बसे गांवों का सीमा विवाद सुलझाएं। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस विवाद को सुलझाने के लिए 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई खत्म होने के बाद दोनों राज्यों के बीच यदि जरूरत हो तो पिलर भी लगाए जाएं। सीमा निर्धारित करते वक्त अगर याचिकाकर्ता का अवैध कब्जा पाया जाता है तो उसे भी हटाने का काम करें। गुरप्रीत सिंह की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि दोनों प्रदेशों की सीमा विवाद के कारण उत्तराखंड सरकार की करीब 120 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा है। इस जमीन की बाजार कीमत दस करोड़ रुपए है।



### कई बार हो चुकी पैमाइश

गौर हो कि इन दोनों गांवों के सीमा विवाद के निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश के बिजनौर और हरिद्वार जिले की लक्सर तहसील की टीमें कई बार संयुक्त रूप से पैमाइश कर चुकी है, लेकिन रिकॉर्ड का मिलान न होने से हर बार यह मामला अटका जाता है। बता दें तीन साल पहले पैमाइश के दौरान मौके पर गोली भी चल चुकी है। वहीं, अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के बाद मामला सुलझने की उम्मीद जगी है।

**सार संक्षेप**

## दून में बनेंगे दो फोर लेन एलिवेटेड हाईवे

**देहरादून।** राजधानी में सीटी मोबिलजेशन प्लान के तहत दो बड़े एलिवेटेड हाईवे बनाए जा रहे हैं। ये दोनों बड़े हाईवे शहर के बीच में बहने वाली रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर बनाये जाएंगे। दोनों एलिवेटेड हाईवे को लेकर आज लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडे ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी सचिव ने बताया रिस्पना नदी से इस हाईवे पर एंट्री होगी। इसकी एक एंट्री सर्वे चौक पर भी दी जाएगी। बता दें राजधानी दून की दो प्रमुख नदियां रिस्पना व बिंदाल पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड का पीडब्लू डी सचिव पंकज कुमार पांडे ने निरीक्षण किया। इस दौरान पंकज पांडे ने बताया प्रमुख दो नदियों पर बनने वाली एलिवेटेड रोड का सर्वे हो चुका है। रिस्पना से जो एलिवेटेड रोड बनेगी वह नांगल तक जाएगी। इसमें फोरलेन रोड प्रस्तावित है। यह रोड नदी के अंदर अंदर से बनाई जाएगी। साथ ही इसमें दो एग्जिट प्वाइंट भी दिए हैं। पहला एग्जिट रायपुर से सर्वे चौक के पास दिया गया है। दूसरा एग्जिट नागल के पास आईटी पार्क के पास होगा। बिंदाल नदी पर प्रस्तावित एलिवेटेड रोड का भी सर्वे हो चुका है। इसके साथ ही पानी के बहाव की जो समस्या है उसके लिए सिंचाई विभाग और आईआईटी कानपुर से इसमें मदद ली जा रही है। इसके साथ ही इस प्रोजेक्ट में जो भी लैंड या लोगों के घर आएंगे उसका भी सर्वे हो चुका है। पंकज कुमार पांडे ने बताया यह पूरा प्रोजेक्ट साढ़े पांच हजार करोड़ की लागत से बनेगा। जिस पर जल्द काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा दून में एलिवेटेड हाईवे बनने से ट्रैफिक की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## एसीएस राधा रतूड़ी ने किया सचिवालय का औचक निरीक्षण

**देहरादून।** अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शुक्रवार को सचिवालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जहां-जहां उन्हें अव्यवस्था दिखाई दी तो उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई और सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री अनुभागों के कार्यालयों को 15 फरवरी तक अपनी सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के साथ ही रिकॉर्ड मेंटनेस, साफ-सफाई, पुराने एवं अनुपयोगी सामानों एवं फाइलों के ऑक्शन तथा वीडिंग की डेडलाइन दी है। राधा रतूड़ी ने अगले 15 दिनों में सचिवालय के मुख्यमंत्री अनुभागों में अभियान चलाकर अनुपयोगी सामानों एवं फाइलों की वीडिंग, ऑक्शन एवं साफ-सफाई, सौन्दर्यीकरण का कार्य पूरा करने की सख्त हिदायत दी है। एसीएस ने वीडिंग की व्यवस्था को प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुक्रवार को सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री अनुभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की व्यवस्था, रिकॉर्ड मेंटनेस, साफ-सफाई आदि का जायजा लेते हुए एसीएस रतूड़ी ने सम्बन्धित अधिकारियों को अनुभागीय कार्यालयों को कार्मिकों के लिए गरिमापूर्ण वर्क इनवाइरमेंट बनाने के साथ ही कार्य संस्कृति में सुधार की भी नसीहत दी।

## सुडोकू 6442 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 |

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्तराखंड में रहेगी छुट्टी

### 22 जनवरी को स्कूल कॉलेजों में भी अवकाश घोषित

**देहरादून,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने भी श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर छुट्टी का आदेश जारी कर दिया है। इस दौरान प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थाएं बंद रखने के आदेश हुए हैं तो वहीं सार्वजनिक कार्यालय और कोषागार को आधे दिन के लिए बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।



उत्तराखंड में धामी सरकार ने भी अब श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए छुट्टी के आदेश जारी कर दिए हैं। इस दौरान आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि राज्य में जहां सभी स्कूल और कॉलेज पुरी तरह से बंद रहेंगे। वहीं राजकीय कार्यालय, संस्थान, औद्योगिक प्रतिष्ठान के साथ ही बैंक और उपकोषागार आधे दिन के लिए बंद रखने के आदेश हुए हैं। इस तरह सभी सरकारी कार्यालय और कोषागार दिन में ढाई बजे तक बंद रहेंगे।

जबकि इसके बाद कार्यालय में सार्वजनिक कार्य होगा। उत्तराखंड में भी केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टी को लेकर आदेश जारी होने के बाद ऐसी ही आदेश की उम्मीद लगाई जा रही थी और सरकारी कर्मचारी भी सरकार द्वारा इस पर जल्द फैसला लिए जाने का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में आखिरकार शुक्रवार सुबह इससे जुड़ा आदेश शासन ने जारी कर दिया है। सचिव सामान्य प्रशासन दीपेंद्र कुमार चौधरी की तरफ से यह आदेश जारी हुआ है।

इससे पहले केंद्र सरकार भी सभी सरकारी कार्यालय में आधे दिन की छुट्टी किए जाने से जुड़ा आदेश एक दिन पहले ही जारी कर चुकी है। उधर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी छुट्टी का आदेश जारी किया हुआ है और अब उत्तराखंड सरकार ने भी इस पर कदम बढ़ाते हुए आदेश जारी किया है।अयोध्या में श्री राम मंदिर परिसर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर धार्मिक आस्था को देखते हुए घरों में पूजा-अर्चना के लिए राज्य सरकार की तरफ से यह फैसला लिया गया है।

# भारतीय सीमा के पास नेपाल में बस खाई में गिरी, 15 यात्री घायल

**पिथौरागढ़,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में धारचूला के पास नेपाल सीमा में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां भारतीय सीमा से सटे नेपाल के दार्चुला जिले में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में करीब 15 यात्रियों के घायल होने की खबर है। घायलों में एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बस नेपाल में दार्चुला के खलंगा से महेंद्र नगर की ओर जा रही थी। तभी बीच रास्ते में शुक्रवार 19 जनवरी सुबह बस महाकाली नगर पालिका पांच फोहोर संकलन केंद्र खेट्टे वगर में डंपिंग जोन के सामने अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गहरी खाई में गिर गई।जिला प्रहरी कार्यालय दार्चुला के सूचना अधिकारी ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस में 15 यात्री घायल हो गए। घायलों में एक की हालत अति गंभीर व दो यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य 13 यात्री सामान्य घायल बताए जा रहे हैं, घायलों का इलाज जिला अस्पताल दार्चुला में किया जा रहा है। भारत की सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी जिले के लामा लेकम क्षेत्र में एक टिप्पर अनियंतत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया, हादसे में चालक व परिचालक घायल हो गए थे। उपचार के दौरान क्लीनर ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवस नेपाल के बैतड़ी जिले में एक टिप्पर मैलोली से पाटन को जा रहा था। पाटन से कुछ किमी पूर्व मैलोली लामा लेकम से हतरंगा जाने वाली सड़क के सामने अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।



वाहन के खाई में गिरते ही नेपाल प्रहरी और स्थानीय लोगों ने घायल चालक गंभीर टम्टा, उम्र 24 वर्ष निवासी मैलोली और क्लीनर रोहित दयाल को खाई से निकाला। क्लीनर रोहित दयाल 19 वर्ष निवासी मैलोली की हालत गंभीर थी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। नेपाल प्रहरी नंदराज जोशी ने बताया कि क्लीनर रोहित दयाल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। नेपाल प्रहरी हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# जनवरी माह में अब तक 122 सालों में सबसे कम बारिश हुई

**शिमला,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। हिमाचल में चालू जनवरी माह में वीरवार अब तक 122 सालों में सबसे कम बारिश हुई है। जनवरी माह में प्रदेश में सामान्य से 99.7 फीसद कम बारिश हुई। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 1901 के बाद जनवरी 2024 में प्रदेश में सबसे कम बारिश हुई है। बारिश व बर्फबारी न होने की वजह से प्रदेश के मैदानी जिले कोहरे के आगोश में हैं, साथ ही पावर प्रोजेक्टों में बिजली का उत्पादन कम हो गया है, पर्यटन पर भी इसकी मार पड़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के मैदानी जिलों के कुछ भागों में दो दिनों तक कोहरा व शीतलहर का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के सभी भागों में 24 जनवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। जबकि 20 जनवरी तक ऊना और कांगड़ा ,बिलासपुर और मंडी जिले के अलग.अलग स्थानों पर शीतलहर व जमीन पर पाला पडने की स्थिति जारी रहने के आसार हैं।आगामी दो दिनों के दौरान बिलासपुर , ऊना , नूरपुर ,पांवटा साहिब व धौलाकुआंद्ध ,बद्दी और नालागढ़ के अलग.अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाने की संभावना है। ऐसे में सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से 1901 के बाद से सबसे कम वर्षा वाले शीर्ष 10 सालों का आंकड़ा जारी किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक 2024 (18 जनवरी तक) सामान्य से 99.7 फीसद कम बारिश हुई है। 1966 में 99.6, 2007 में 98.5,1902 .92.4,1986 में 91.4,2018 -90.5,1916 में .87.8,1936 में 86.5,1963 में 83.5,1998 में 83.4 तथा1914 में सामान्य से 81.4फीसद कम बारिश प्रदेश में जनवरी माह में हुई।

बारिश कम होने की प्रदेश में बिजली उत्पादन 85 फीसदी तक घट गया है। बीते लंबे समय से बारिश और बर्फबारी नहीं होने से नदियों में घटे जलस्तर के कारण बिजली परियोजनाओं में उत्पादन मात्र 15 फीसदी तक ही हो रहा है। इस सीजन के दौरान आमतौर पर प्रदेश में बिजली उत्पादन 40 फीसदी तक होता रहा है।

# भाजपा के दुष्प्रचार को मीडिया में प्रभावी ढंग से उठाया जाना चाहिए : गिल

**शिमला,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश लोकसभा चुनावों के लिए नियुक्त मीडिया कॉर्डिनेटर अमृत गिल ने कहा है कि मीडिया की सशक्त भूमिका को देखते हुए भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार को मीडिया में प्रभावी ढंग से उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रिंट,इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया सहज रूप में सभी लोगों को उपलब्ध है इसलिए इन तीनों माध्यमों पर लोगों को पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों की पूरी जानकारी भी दें।

आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रवक्ताओं व मीडिया पेनोलिस्टो की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमृत गिल ने कहा कि सभी को मीडिया के समक्ष पूरी तैयारी व तथ्यों की जानकारी के साथ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशों के तहत ही मीडिया के समक्ष कोई भी विषय रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों का विशेष उल्लेख किया जाये।

अमृत गिल ने कहा कि भाजपा आज जिस प्रकार तानाशाही से काम कर रही है वह बहुत ही चिंता की बात है। आज लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। सदन के अंदर विपक्ष को बोलने नही दिया जाता। उन्होंने कहा कि देश की गंभीर समस्याओं बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी जैसी जटिल समस्याओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए भाजपा लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। अमृत गिल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा का मकसद देश मे लोगों को हर स्तर पर न्याय दिलाने का है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी इस यात्रा के उद्देश्यों का उल्लेख प्रमुखता से किया जाना चाहिए।



अमृत गिल ने कहा कि प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियां व भावी योजनाओं की भी लोगों को प्रमुखता से जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले साल आई भयंकर प्रारकृतिक आपदा ने प्रदेश को कभी न भूलने वाले जो जख्म दिए वह बहुत ही दुखदाई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान न तो केंद्र सरकार ने प्रदेश की कोई आर्थिक मदद की और न ही प्रदेश के भाजपा नेताओं ने कोई सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के नकारात्मक रवैये की भी लोगों को पूरी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने बैठक में मौजूद प्रवक्ताओं से प्रदेश भाजपा के इस दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए लोगों को भाजपा की कारगुजारियों की भी जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने आपदा प्रभावित लोगों की जो मदद की है वह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने सभी प्रवक्ताओं से आपस मे पूरा तालमेल रखते हुए भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का कड़ाई से जवाब देने को भी कहा।

# अपने रिजल्ट के लिए आये हैं जेओए आईटी के अभ्यर्थी : जयराम

**शिमला,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री ऐसा कह रहे है कि वह भर्तियों के रिजल्ट निकालना चाहते है लेकिन कैबिनेट के मंत्री उनका सहयोग नहीं कर रहे हैं इसलिए अभ्यर्थी उनसे भी अपनी पीड़ा कहें तो एक मुख्यमंत्री के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण बयान कोई नहीं हो सकता हैं। जेओए आईटी के अभ्यर्थी अपने रिज़ल्ट के लिए सचिवालय के बाहर धरना दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार और उनके मंत्रिमंडल के बीच सहमति बनाने के लिए नहीं। कुल्लू के ढालपुर मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने यह बातें कहीं। ग़ौरतलब है कि अपने परीक्षा परिणामों को घोषित करने के लिए शिमला में सचिवालय के बाहर डटे जेओए आईटी के अभ्यर्थियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उनसे मुलाक़ात के दौरान कहा कि वह लंबित परिणाम जारी करना चाहते हैं लेकिन कैबिनेट के मंत्री रोड़ा अटका रहे हैं। इसलिए सभी अभ्यर्थी उनसे भी अपनी पीड़ा ज़ाहिर करें।



■ जिस कैबिनेट से एक लाख रोजगार देने की गारंटी दे रहे थे उसी कैबिनेट पर रोड़े अटकाने का आरोप लगा रहे

■ वर्तमान हालात से यह साफ़ हो गया है कि सरकार के बस में नहीं है प्रदेश संभालना

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर मोर्चे पर फेल है। जो हालत इस समय प्रदेश के है उससे यह साफ़ हो चुका है कि प्रदेश संभालना कांग्रेस सरकार के बस की बात नहीं है। आज कांग्रेस की हठधर्मिता के कारण प्रदेश के युवा सड़कों पर भटकने को मज़बूर हैं। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद भी सरकार परिणाम न जारी करके प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस कैबिनेट की पहली बैठक में एक लाख नौकरियां देने की गारंटी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दी गई थी आज उसी कैबिनेट पर पुरानी भर्तियों के रिजल्ट रोकने, युवाओं को रोज़गार देने में रोड़ा अटकाने का आरोप लग रहा है। एक साल में कोई भी सरकार आज तक इतनी अलोकप्रिय नहीं हुई थी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षित माफिया आज प्रदेश की उद्योग नगरी में तांडव मचा रहे है जिसके कारण प्रदेश के उद्योग पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में जा रहे हैं। क्या इसी तरह से प्रदेश का विकास होगा। क्या प्रदेश में आम आदमी से लेकर उद्योगपतियों का जीना दूभर कर देना ही मुख्यमंत्री के व्यवस्था परिवर्तन का नारा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपदा राहत के नाम पर प्रदेश सरकार ने अपनी एक पाई नहीं लगाई है और जो भी सहयोग केंद्र से आया है उसकी जमकर बंदरबांट हुई है। आपने चहेतों को बिना नुक़सान के ही तीन-तीन लाख की किस्त दे दी गई जिनका नुक़सान हुआ उनकी रिपोर्ट भी नहीं लग पाई।

# वनाग्नि रोकथाम के लिए गंभीरता से कार्य करें: डीएम

**नई टिहरी,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। वनाग्नि रोकथाम के लिए एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी व वन विभाग को अपने-अपने क्षेत्र में आग की घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटी गठित कर उनकी जिम्मेदारी तय करें। जिससे क्षेत्र में वनाग्नि घटनाओं को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में हर सीजन में आग अधिकतर लगती है उन क्षेत्रों में आवश्यक तैयारी के साथ ही गंभीरता से कार्य करना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए सभी उपकरणों को सक्रिय रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस व्यक्ति द्वारा जंगलों व अन्य स्थानों में आग लगाई जाती है उसके विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में

### ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटी गठित कर उनकी जिम्मेदारी तय करें

वनाग्नि के प्रति लापरवाही बरती जाएगी उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये कि जंगलों के आस-पास के विद्यालयों में आग जैसी घटनाएं होती हैं तो उसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम में दें। जिससे विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रखा जा सकेगा। जिलाधिकारी ने डीएफओ गढ़वाल को वनाग्नि सप्ताह के दौरान कार्यशाला का आयोजन कर उसमें लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएफओ गढ़वाल स्वन्पिल अनिरूद्ध, डीएफओ सिविल एवं सोयम केएन भारती, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में ठंड से झोपड़ी में सो रहे बुजुर्ग ने तोड़ा दम

**फर्रुखाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। बीती रात झोपड़ी में सो रहे बुजुर्ग नें झोपड़ी में ही दम तोड़ दिया। सुबह जानकारी होनें पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि कड़ाके की ठंड के चलते वृद्ध की हदयगति रुकनें से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी 60 वर्षीय वृद्ध बलिस्टर सिंह बीती रात अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। सुबह जब सात बजे उनकी पत्नी उर्मिला उन्हें उठानें गयीं तो वह बेहोश मिले। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी राजेपुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक नें वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी उर्मिला का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष कामिल खान, तहसीलदार कर्मवीर व लेखपाल श्याम बाबू नें मौके पर जाकर जांच की।

# श्रीरामलला के दर्शन को देश में उत्साह : योगी

**लखनऊ/अयोध्या,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के तत्वावधान में श्रीरामजन्मभूमि पर प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में 22 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होना है। इसे लेकर संपूर्ण अयोध्या धाम, उत्तर

■ **मुख्यमंत्री ने अयोध्या में प्रशासनिक रूप से व्यवस्थाओं को लेकर की समीक्षा**

प्रदेश व देश में उत्साह का माहौल है। कई शताब्दियों के बाद आने वाले इस पल के दर्शन कर श्रद्धालुओं को अंत: करण से आनंद की अनुभूति होगी। यह भारत के विश्वास व लोक आस्था, गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। सीएम ने विश्वास जताया कि अभी तक जैसे सभी कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुए हैं, वैसे ही 22 जनवरी का कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। जनता व आमजनमानस के सहयोग, संतों के आशीर्वाद और रामलला की कृपा से इसे सकुशल संपन्न करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समारोह की दृष्टि से अयोध्या में प्रशासनिक रूप से बाहर क्या व्यवस्थाएं हुई हैं। इसकी समीक्षा भी की गई है। योगी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन व प्रदेश सरकार के



भारत के विश्वास, लोकआस्था व गौरव की पुर्नप्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी : **योगी आदित्यनाथ**

मंत्रियों ने पहले से ही सभी व्यवस्थाओं की तैयारी कर ली है। बेहतर तालमेल के जरिए लोकल स्तर पर न्यास से समन्वय, सुविधा, ट्रैफिक, सुरक्षा आदि के जरिए 22 जनवरी के ऐतिहासिक कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। शेष बचे कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के बाद भी तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से श्रीरामलला के दर्शन के लिए जो भी कार्य योजना तैयार होगी, उसके अनुसार राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर पूरा सहयोग करेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग दे रही है।

टेंट सिटी, धर्मशाला, होटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी व प्रयागराज समेत अन्य शहरों से आने के लिए बेहतर ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी को दिक्कत न हो। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग व उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वहीं हमारे मन में भी है। मेरी अपील है कि बेहतर तालमेल व समन्वय से दर्शन हो पाएगा। अयोध्या में किसी को भी परेशानी न होगी। भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों व राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। सीएम ने अनुरोध किया कि हम सभी का दायित्व है कि अव्यवस्था की स्थिति न बने। योगी ने अपील की कि बिना प्रोग्राम के न आएं।

## अयोध्या से रूफ माउंटेड सोलर बोट का परिचालन शुरू

**लखनऊ/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। इसमें शुक्रवार को एक और अध्याय जुड़ गया। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत नव्य अयोध्या परियोजना बेहद सफल हो रही है। इसी परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी को सौर व स्वच्छ ऊर्जा नौका परिवहन तथा इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से रोल मॉडल के तौर पर स्थापित करने की दिशा में सीएम योगी ने नए अध्याय की नींव रखी। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या आए हैं। इस क्रम में उन्होंने उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बोट के परिचालन को लेकर तमाम तकनीकी पहलुओं के निरीक्षण के साथ ही इनलैंड वॉटरवेज के विकास के लिहाज से अयोध्या में हो रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बटन दबाकर बोट संचालन की शुरुआत की तथा सरयू नदी में बोट पर सवार होकर नदी किनारे बने फ्लोटिंग जेटी व फ्लोटिंग बोट चार्जिंग स्टेशन का भी जायजा लिया।

# श्रद्धालुओं के उपचार के लिए आयुष विभाग ने की चिकित्सकों की तैनाती

**लखनऊ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। रामनगरी अयोध्या में आयोजित कार्यक्रमों को देखते हुए आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए योगी सरकार की ओर से प्रबंध किए जा रहे हैं। इस संबंध में आयुर्वेद निदेशालय द्वारा अयोध्या एवं आस-पास के जनपदों में आयुष चिकित्सा सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं के उपचार के लिए पर्याप्त संख्या में होम्योपैथ, आयुर्वेद, यूनानी अस्पतालों तथा ओपीडी के माध्यम से मरीजों का उपचार किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उपचार एवं अन्य सुविधाओं को सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डा दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बताया कि अयोध्या तथा आस-पास के जनपदों जैसे बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोण्डा, सुल्तानपुर तथा अमेठी में 201 आयुर्वेद चिकित्सक, 146 चिकित्साधिकारी तथा 140 फार्मासिस्ट, 158 होम्योपैथ चिकित्सक तथा 132 चिकित्साधिकारी एवं 156 फार्मासिस्ट के अलावा 32 यूनानी चिकित्सक एवं 25 चिकित्साधिकारी तथा 21 फार्मासिस्ट तैनात किए गए हैं। ये सभी चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफ श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ दयालु ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में 22 जनवरी, 2024 को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए आयुष विभाग द्वारा विभिन्न जनपदों के प्रमुख स्थलों पर आयुष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर, बस्ती में 3-3 कैम्प, गोण्डा में 4, सुल्तानपुर में 2 तथा अमेठी में 2 कैम्पों की स्थापना की गई है। इन कैम्पों में पर्याप्त संख्या में चिकित्साधिकारी तथा फार्मासिस्ट लगाए गए हैं। इन कैम्पों में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई हैं। आयुष मंत्री ने बताया कि इन स्थापित 07 जनपदों के कैम्पों के माध्यम से अयोध्या में 1500, बाराबंकी में 400, अम्बेडकरनगर में 890, बस्ती में 1100, गोण्डा में 1409, सुल्तानपुर में 300 तथा अमेठी में 100 मरीजों का उपचार किया गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में तुलसी उद्यान, छोटी देवकाली, कनक भवन में कैम्प स्थापित किए गए हैं।

**अस्पतालों, स्थापित कैम्पों में पर्याप्त स्टाफ एवं औषधियों की उपलब्धता बनाए रखने के कड़े निर्देश**

## सार संक्षेप

### एसडीएम एवं सीओ ने की धरना प्रदर्शनकारियों से वार्ता, मानी मांग



**मवाना।** सपेरा जाति के लोगों ने प्रमाणपत्र बनवाने की मांग को लेकर को तहसील मवाना में चल रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाने पर गुरुवार को तहसीलदार आकांक्षा जोशी के सामने परिवार सहित आत्महत्या करने की चेतावनी दी थी जिससे शुक्रवार को एसडीएम अखिलेश यादव एवं सीओ सौरभ सिंह मय फोर्स धरनार्थियो के पास पहुंचे और वार्ता की। एसडीएम अखिलेश यादव ने वार्ता करने पर पांच लोगों का प्रमाणपत्र जारी करने का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करने को कहा। आरोप है कि शासनादेश जारी के बाद स्थानीय प्रशासन उनके बच्चों के प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा है जिससे उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। आंदोलित सपेरा जाति के लोग परिवार संग ठंड में पूरी रात तहसील परिसर में गुजारने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि जब तक जाति प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाएंगे तबतक धरना जारी रहेगा और परिवार संग आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। सपेरा जाति के लाभार्थियों ने जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने से क्षुब्ध बैगा जाति के लोगों ने 16 जनवरी से तहसील में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। तभी से अपनी मांगों को लेकर रातभर आंदोलित लोग ठंड की रात में तहसील में गुजार रहे हैं। शुक्रवार को भी धरना जारी है।

### स्मार्ट मीटर की रेडियोएक्टिव फ्रीक्वेंसी की टेस्टिंग अनिवार्य

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनियों को मीटर में लगने वाले टेलीकॉम प्रोडक्ट मॉडम आईओटी गेटवे ट्रैकिंग डिवाइस पर 1 जनवरी से 1 अप्रैल 2024 बीच मैंडेटरी टेस्टिंग एंड सर्टिफिकेशन ऑफ टेलीकॉम इक्विपमेंट के निर्देश जारी किये है। यह कदम स्मार्ट मीटर से निकलने वाली रेडियोएक्टिव फ्रीक्वेंसी का आमजनमानस पर पड़ रहे नाकारात्मक प्रभाव का अध्ययन कर उसे कम करने में सहायक होगा। उपभोक्ता परिषद द्वारा इस लंबे समय से स्मार्ट मीटर निर्माता कंपनियों द्वारा चाइनीज चिप व मॉडम लगाकर घटिया गुणवत्ता वाले मीटरों के निर्माण का मुद्दा उठा रही थी। परिशद द्वारा जनमानस के स्वास्थ पर रेडियोएक्टिव फ्रीक्वेंसी का नाकारात्मक प्रभाव का हवाला देकर इनकी गुणवत्ता में सुधार की मांग कर रही थी।

### रामलला के दर्शन करेंगी मेनका

**सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुलतानपुर सांसद मेनका गांधी 20 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रख्यात संत रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात कर कथा में शामिल होंगी। उसके बाद हनुमानगढ़ी धाम तथा श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन करेंगी तथा प्राणप्रतिष्ठा के दिन सुलतानपुर स्थित तीर्थराज धोपाप में होने वाले कार्यक्रमो में शामिल होंगी। 20 जनवरी को गांधी तीन दौरे पर आ रही हैं। 20 जनवरी को दिल्ली से सुबह पांच बजे चलकर दोपहर एक बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। गांधी सीधे भक्तमाल की बगिया, परिक्रमा मार्ग पहुंचकर महान संत जगतगुरु डॉ.रामभद्राचार्य महाराज से भेंट मुलाकात कर कथा में शामिल होंगी।

# एमपीएसग्रुप में रामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा आयोजित

**मेरठ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल समूह की ओर से श्री राम जन्मभूमि पर श्री रामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मेरठ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा की प्रासंगिकता को समझाते हुए छात्रो से श्रीराम के चरित्र एवं आदर्शों का अनुसरण करने का आवाह्न किया। इस शुभ अवसर पर मेरठ पब्लिक स्कूल की मेन विंग शाखा राम नाम की ध्वनियों से गुंजायमान हो गई, इस पावन वातावरण की भव्यता को और बढ़ाते हुए राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठित होने की प्रसन्नता को अभिव्यक्त करते हुए विद्यालय छात्राओं द्वारा मन को अभिभूत करने वाला स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के संगीत समूह ने राम भजनों से वातावरण को राममय कर दिया। इस विशेष अवसर पर प्रधानाचार्य अलका श्रीवास्तव गौड़ द्वारा एक विशाल दिए में राम ज्योत प्रज्वलित कर भगवान श्री राम के आदर्शों को प्रत्येक जन के मन में प्रज्वलित करने की कामना की गई।



# डीएवी में पानी की पाठशाला आयोजित

**मेरठ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। डीएवी पब्लिक स्कूल में 'भारत विकास परिषद' द्वारा 'पानी की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद राजेंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों को राम नाम का पटका पहनाकर तथा नई ऊर्जा क्या प्रतीक नई पौध, शॉल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। इस दौरान जल पुरुष राजेंद्र सिंह, जागरूक नागरिक संगठन के सचिव गिरीश शुक्ला, डीएवी हापुड़ के प्रधानाचार्य डॉ. विनीत त्यागी ने तत्पश्चात परंपरा का निर्वाह करते हुए दीप प्रज्वलन किया गया। जल संरक्षण हेतु विद्यार्थियों ने जागरूकता प्रदान करते हुए प्र.ति के मनोरम चित्रों की व्याख्या अपने गीत 'जैसे सूर्य की किरण' के माध्यम से किया। नदी के जल की सुंदरता को .श्यात्मकता देते हुए कक्षा दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने नदी की सुंदरता को नृत्य के माध्यम से चरितार्थ किया। जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों में स्वरचित कविता तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।





■ **मुख्य अतिथि ने जल संरक्षण के प्रति छात्रों को किया जागरूक**
■ **कविता तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित**

पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा नवमी के अरहान खान को प्रथम निहारिका वशिष्ठ को द्वितीय तथा हिजा अंसारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्वरचित कविता में कक्षा नवमी के आरव लोहिया को प्रथम, कनव कंवर को द्वितीय तथा अभिषेक वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता विद्यार्थियों को 'भारत विकास परिषद' की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण अत्यावश्यक है। धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी होता है।

जल पृथ्वी द्वारा मनुष्य को दिया गया अनमोल उपहार है। जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जल पुरुष श्री राजेंद्र सिंह जी ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण संबंधी कुछ विशेष तथ्यों से अवगत कराया।

## आजमगढ़ में हवाला कारोबार से जुड़े पांच गिरफ्तार

**आजमगढ़,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की मुबारकपुर थाने की पुलिस ने हवाला कारोबार से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 50 लाख रुपए नकद बरामद किये। पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल ने शुक्रवार को बताया कि यह सभी हवाला से जुड़े कारोबारी कूट रचित आधार कार्ड के जरिये का हवाला कारोबार करते थे। उन्होने बताया कि मुबारकपुर के थाना प्रभारी राजेश कुमार व उप निरीक्षक तुलसी प्रसाद अपनी पुलिस टीम के साथ साथियों अंडरपास के पास चैकिंग कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर बम्हौर अंडरपास के पास उक्त वाहन का इंतजार करने लगे।

# ठंड से परेशान गरीबों के प्रति संवेदनहीन है भाजपा सरकार का रवैया : अखिलेश

**लखनऊ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि कड़ाके की ठंड और शीतलहर से परेशान गरीबों के प्रति सरकार संवेदनहीन रवैया बनाये हुए हैं।

यादव ने एक बयान में कहा कि शीत लहर और भीषण ठंड से आम जनता त्रस्त है। तापमान लगातार गिर रहा है। सर्दी का सितम जारी है। लेकिन सरकार ने ठंड और सर्दी से बचाव के लिए कोई भी उपाय नहीं किया है। न कहीं अलाव जल रहे हैं और न रैन बसेरों की व्यवस्था है। गरीबों का बुरा हाल है। सर्दी और ठंड से लोग बेबस हैं।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं और कई सामाजिक संगठनों ने गरीबों को कंबल बांटे लेकिन सरकार की तरफ से कहीं कोई कंबल वितरण और सर्दी से बचाव का कोई प्रभावी कार्य नहीं हुआ। सरकार गरीबों को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार चरम पर है। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है। इलाज के अभाव में मरीजों की जान जा रही है। सरकार की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। हालत लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। भाजपा सरकार ने सब व्यवस्थाओं को बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार गरीब विरोधी, किसान विरोधी, नौजवान विरोधी है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को उसके अहंकार का जवाब देगी।



■ **सरकार ने ठंड और सर्दी से बचाव के लिए कोई भी उपाय नहीं किया**

## अध्यक्ष पद पर हुआ चुनाव गैरकानूनी

**मवाना,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। शुक्रवार को भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा मवाना के कुछ अभिकर्ताओं ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुरुवार को अध्यक्ष पद पर हुआ चुनाव को गैर कानूनी तरीके से किया गया है। उन्होंने चुनाव अधिकारी से चुनाव को निरस्त कराने की मांग की है। बताया कि 17 जनवरी को अभिकर्ताओं द्वारा अध्यक्ष का चुना जाने का तरीका ठीक नहीं हैं। जिसका विपक्षी अभिकर्ताओं ने जमकर विरोध किया एवं मीटिंग का बहिष्कार किया।

■ **दोबारा कराने की मांग**

वहीं अध्यक्ष पद के चुनाव को दोबारा सभी यूनियन अधिकारी एवं अधिकारिताओं के बीच कराने की मांग की।

# भाकियू संघर्ष समिति के जिला मीडिया प्रभारी बने वसीम अहमद

**मेरठ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) ने मुंडाली थाना क्षेत्र के अजराड़ा निवासी वसीम अहमद को मेरठ जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में भारतीय किसान यूनियन के नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी वसीम अहमद को यूनियन की सेवा व जारी निर्देशों के लिए तुरंत प्रभाव से अमल करने के आदेश जारी किए हैं। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष इरकान चौधरी ने नियुक्ति की पुष्टि की है।

जिसके बाद वसीम अहमद को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर मिली नियुक्ति से जिले के कई किसानों व पत्रकारो ने स्वागत किया है, और उम्मीद जताई है कि पद की गरिमा को बनाए रखने व किसानों व पत्रकारो की आवाज उठाने के साथ साथ किसानो की सुरक्षा का जिम्मा भी उठाएंगे। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर को किसानों और बागवानों से लगातार मिल रहे समर्थन के बाद क्षेत्र के किसान और भी ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। नवनियुक्त



जिला मीडिया प्रभारी वसीम अहमद ने कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा जो किसान विरोधी तीन अध्यादेश पूर्व में जारी किए थे। जिनको रद्द करने के बजाय सरकार ने पूंजीपतियों के दबाव में आकर अड़ियल रवैये को अपनाया था। जिस कारण वर्षों तक कानूनों के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न बार्डर पर किसानों को बैठना पड़ा था।

**तैयारी** *रूद्रा कालेज में छह को लगेगा नि:शुल्क रोजगार मेला*

# हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर देना प्राथमिकता : डा. उर्मिला

**मेरठ,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार की चाह रखने वाले युवाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में 6 फरवरी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ के साथ मिलकर जॉब फैस्ट 'दिशा-2024' का आयोजन आईटीआई, साकेत में कर रहा है। ग्रुप की प्राचार्या डा. उर्मिला मोरल ने बताया कि इस जॉब फैस्ट में देश की जानी-मानी 50 से भी ज्यादा कम्पनियॉं विजिट कर करीब 3000 से जायदा बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।

जिसके लिए मेरठ के अलावा आस-पास के स्कूल एवं कालेजों के करीब 5000 से ज्यादा 10वी, 12वी, बीटैक, एमबीए बीबीए, बीए बीकॉम, बीसीए, डिप्लोमा, आईटीआई एवं ग्रेजूऐट बेरोजगार युवक रोजगार के लिए भाग्य आजमाएंगे। उन्होने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से अनुरोध किया कि वे इस जॉब फैस्ट में प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

■ **बेरोजगार युवाओं के लिए फिर खुलेंगे द्वार : डा. मनोज**
■ **क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के साथ मिलकर किया जा रहा आयोजन**



डॉ. उर्मिला मोरल : प्राचार्या



डॉ. मनोज शर्मा : निदेशक



प्रवीन शर्मा: ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट हैड

संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स एक मात्र ऐसा संस्थान है जहां छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जाते है, इसी लिए यहां के छात्र-छात्राओं को कम्पनियों द्वारा अधिक पसन्द किया जाता है क्योकि यहां के छात्र हर लिहाज से कंपनी के लिए फिट होता है, कम्पनी को ऐसे ही युवाओं की आवश्यकता होती है जो कि मल्टी टास्कर होने के साथ-साथ कम्युनिकेशन में भी माहिर हो। रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ट्रेनिंग एवं प्लेसमैंट अधिकारी प्रवीन शर्मा व संस्थान के अकैडमिक कॉर्डिनेटर संजीत सिंह ने बताया कि यह जॉब फैस्ट पूर्णत: निशुल्क है एवं कोई भी युवा चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो, किसी भी स्टेट का हो, प्रतिभाग कर सकता है। इस जॉब फैस्ट में प्रतिभाग करने के लिए तत्काल इस लिंक https://sewayojan-up-nic-in/IEP/registration-asp पर अपना पंजीकरण करे। उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रतिभागी का, किसी कारण इस लिंक पर पंजीकरण नही हो पाता तो प्रतिभागी 6 फरवरी को जॉब फैस्ट में अपना पंजीकरण करा सकता है। इसके अलावा आप जॉब फैस्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहें तो मोबाइल नंबर 91 8630286566 एवं 91 9719597004 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कर्मचारियों पर केस दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया ने महत्वपूर्ण पत्रावली गायब करने वाले ब्लॉक कमालगंज के पटल सहायक इशरत अली एवं पत्रवाहक रमेश चंद्र कटियार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि ग्राम पंचायत खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज के ग्राम प्रधान शशिलता एवं सचिव ग्राम पंचायत वृजेश यादव के विरुद्ध ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों में वित्तीय अनियमितता की शिकायती प्रार्थना पत्र पर जांच की कार्यवाही पूर्व मे की गयी थी। जांच आख्या प्राप्त होने पर पाई गई कमियों के आधार पर ग्राम प्रधान शशिलता एवं सचिव ग्राम पंचायत वृजेश यादव से आरोपों के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण चाहा गया था।

### डिंडीगुल, तेजपुर और पुणे में हवाई अड्डों पर फिल्माए गए 'फाइटर' के सीन

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत आगामी एक्शन फिल्म 'फाइटर' को भारतीय वायुसेना के जवानों की मदद से लड़ाकू जेट और हेलीकॉप्टरों से वास्तविक स्थानों पर फिल्माया गया है। रोमांचकारी दृश्यों को तेजपुर में वायु सेना स्टेशन, डिंडीगुल, आंध्र प्रदेश में वायु सेना अकादमी और पुणे में वायु सेना स्टेशन पर फिल्माया गया है। असम की हरी-भरी घाटी में बसे वायु सेना स्टेशन तेजपुर में इसे बड़े पैमाने पर फिल्माया गया, यहां फिल्म के कुछ सबसे गहन लड़ाकू जेट दृश्यों को शूट किया गया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही जबरदस्त चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म के गानों को भी दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है ।

# श्रीहरि विष्णु ने देवताओं को शक्ति देने के लिए अपने ही अवतार में राम की जन्मभूमि पर की थी तपस्या

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,**19 जनवरी (देशबन्धु)। यह कितना सुखद है कि अपने ही अवतार रामलला की जन्म भूमि पर तपस्या, लीला करने के लिए स्वयं तीनों लोक के स्वामी श्रीहरि विष्णु लालायित रहते हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम अपने नए घर में

- **अपने सात रूपों में अयोध्या धाम में विराजते हैं तीनों लोकों के स्वामी**
- **अद्भुत व चमत्कारी शक्तियों से आच्छादित हैं सप्तहरि स्थान**
- **पुण्यहरि स्थान पर जलस्नान व मृतिका लेपन से दूर हो जाता है चर्मरोग व पीलिया**

जा रहे हैं तो रामनगरी अयोध्या को स्वर्ग से भी सुंदर सजाया गया है। पूरी दुनिया में राम को जानने, मानने वाले आनंदित हैं और सन् 24 की 22 जनवरी अमर होने जा रही है। इसी अयोध्या में विष्णु सात स्थानों पर विराजते हैं जिन्हें सप्तहरि के नाम से जाना जाता है। अयोध्या में राम से जुड़े हर स्थलों के विकास की योजना प्रदेश व केंद्र सरकार ने न सिर्फ बना रखी है बल्कि इस पर काम भी प्रारंभ हो चुका है। अयोध्या के तमाम कुंड व धार्मिक स्थल अभी तक उपेक्षित पड़े थे। इनमें से सप्तहरि स्थान के दिन बहुरने वाले हैं। कार्ययोजना में डेड़



करोड़ से लेकर और बड़ी राशि खर्च होनी है। अयोध्या से लेकर रामेश्वरम तक रामवन गमन मार्ग की दूरी साइकिल से तय करने वाले अभिषेक सांवत ऐसे स्थानों के जीर्णोद्धार के लिए योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते नहीं थकते हैं। श्रीगुप्तहरि, श्रीचक्रहरि, श्रीविष्णुहरि, श्रीचंद्रहरि, श्रीधर्महरि, श्रीविल्हवरि, श्रीपुण्यहरि इन सात स्थानों पर भगवान विष्णु अपने अतिविशिष्ट विग्रह रूप में मौजूद हैं। इनका माहात्म्य रुद्र तंत्र के अयोध्या कांड मे वर्णित है। मान्यता है कि राक्षसों के खिलाफ देवताओं को शक्ति प्रदान करने के लिए भगवान विष्णु ने गुप्तार घाट के पास तपस्या किया था और वहीं पर श्रीगुप्तहरि विग्रह मौजूद है। तभी से अयोध्या में दैवीय शक्तियां



रहने लगीं। राममंदिर से पंद्रह किमी दूर राजा दशरथ की समाधि स्थल के पास ही श्री विल्वहरि स्थान है जहां पर लोग शनि की बाधाओं से मुक्ति पाने के लिए आते हैं। पसप्तहरि के इन स्थानों में एक स्थान श्री पुण्य हरि है जो की चमत्कारिक है। भरतकुंड से पूर्व रसूलाबाद के खानपुर ग्राम में स्थिति यह भगवत धाम धार्मिक दृष्टि से अनजाना सा है लेकिन यहां का चमत्कार लोगों को खींच लाता है। रविवार व एकादशी को इस स्थान का विशेष महत्व है। यहां के कुंड में जल स्नान करने व मिट्टी के लेपन से चर्मरोग में लाभ होता है व पीलिया रोग से मुक्ति मिल जाती है। स्थानीय निवासी राजेश चौबे व लोकेश तिवारी ने इसकी पुष्टि किया है।

# कालीन पर उकेरे रामायण प्रसंग राम मंदिर की भव्यता पर लगाएंगे चार चांद

**लखनऊ/भदोही,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की भदोही जिला जेल में बंदियों द्वारा कालीनों पर उकेरी गई रामायण प्रसंग की उत्कृष्ट कृतियां अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर की शोभा में चार चांद लगाएगी। जिला जेल अधीक्षक राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी गौरांग राठी की विशेष पहल पर कारागार बंदियों द्वारा निर्मित श्री राम-सीता दरबार व श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर आधारित विभिन्न आकृति विषयक वॉल हैंगिंग कारपेट को तैयार किया गया है। एक कालीन में नवनिर्मित अयोध्या के दिव्य व भव्य मंदिर को कारागार बंदियों ने अपने हाथों से जीवन्त उकेरा है, तो एक दूसरे वॉल हैंगिंग में वीरोचित धनुर्धारी प्रभु राम की आकृति को दर्शाया गया है। वहीं एक वाल हैंगिंग में 'कण कण में श्री राम अयोध्या' अंकित प्रभु राम का छायाचित अंकित है। एक चित्र में वनवासी राम और सीता का आत्मीय मिलन है, तो दूसरे चित्र में भक्त हनुमान और प्रभु श्रीराम के आत्मीय स्नेह को दर्शाया गया है। एक आकृति



में धर्म ध्वज पताका सहित जय श्री राम अंकित बजरंगबली का शंख बजाते हुए अंकन किया गया है।

उन्होंने बताया कि कारागार बंदियों ने अपने हुनर कला कौशल का परिचय देते हुए रामायण के विविध प्रसंगों को ताने-बाने में उकेर दिया है। सभी राम कथा विषयक वॉल हैंगिंग कालीन जीवंत लग रही है। जो श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक व मानवीय संदेशों को जनमानस में प्रकाशित करती है।

कारागार अधीक्षक ने बताया कि अंग्रेजी नववर्ष एक जनवरी 2024 से ही लगभग 15 बंदी बुनकरों ने 17 दिन में दिन-रात लगाकर यह सात विशिष्ट क्वालिटी के श्रीराम विषयक वॉल हैंगिंग तैयार किए हैं। बंदी बुनकरों ने बहुत तन मन से इस काम को किया और आत्मीय सुकून महसूस किया कि इसी बहाने उन्हें प्रभु राम की सेवा करने का अवसर मिला।

उन्होंने बताया कि तैयार की गई उक्त कृतियों को विशेष आरक्षित वाहन में अयोध्या भेजा जा रहा है जो 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में कालीन नगरी के बुनकरों की थिरकती उंगलियों की उत्कृष्ट कारीगरी का नमूना मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रदर्शित करेगी।



# 'कर्मा कॉलिंग' में अपनी भूमिका की तैयारी के लिए नम्रता सेठ ने सुने गाने

**मुंबई,** 19 जनवरी (एजेंसियां)।'कर्मा कॉलिंग' में कर्मा तलवार की भूमिका में पूरी तरह से फिट होने के लिए की गई गहन तैयारी के बारे में बताते हुए अभिनेत्री नम्रता सेठ ने कहा कि उन्होंने अपने किरदार से भावनात्मक रूप से जुड़ने के लिए गानों की एक प्लेलिस्ट तैयार की।भावनात्मक उथल-पुथल से भरा और एक मजबूत मकसद से प्रेरित कर्मा तलवार का किरदार शो का सबसे जटिल किरदार है और उसमें कदम रखना नम्रता के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।नम्रता ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि कर्मा के लिए चरित्र की तैयारी बहुत गहन थी, यह चरित्र निभाना बहुत ही चुनौतीपूर्ण था। हालांकि, वह बहुत कुछ सह चुकी है और उसमें बहुत कठोरता है। संतुलन पाने के लिए नम्रता ने प्रत्येक दृश्य को समझने के लिए बहुत सारी पढ़ाई की और निर्देशक रुचि नारायण के साथ कई चर्चाओं में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन के हर मोड़ पर क्या महसूस कर रही थी, यह समझने के लिए बहुत गहन भावनात्मक काम किया गया। अभिनेत्री ने कहा कि मैंने खूब संगीत सुना। मैंने उन गानों की एक प्लेलिस्ट बनाई थी, जो मुझे कर्मा से भावनात्मक रूप से जोड़ती थी। सेट पर जाते समय, मैं लगातार उन गानों को सुनती थी। आर.ए.टी फिल्म्स द्वारा निर्मित इस सीरीज में रवीना टंडन, नम्रता सेठ, वरुण सूद के साथ-साथ गौरव शर्मा, वलूशा डिसूजा, एमी ऐला, विराफ पटेल, पीयूष खाती प्रमुख भूमिका में हैं। कर्मा कॉलिंग 26 जनवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# मुंबई से पैदल निकली मुस्लिम युवती का महोबा में अभूतपूर्व स्वागत

**महोबा,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन की लालसा ले महाराष्ट्र से पैदल अयोध्या के लिए निकली एक मुस्लिम युवती के वीरभूमि महोबा पहुंचने पर रामभक्तों ने जोरदार अभिनंदन किया गया। इस दौरान यहां भजन कीर्तन के साथ नगर परिक्रमा की गई।

सिर में हिजाब, हाथों में भगवा ध्वज ओर राम भजन करते हुए यहां पहुंची शबनम में लोगों ने भक्ति रस में सराबोर मीराबाई के स्वरूप को देखा ओर अपना प्यार लुटाया। जगह.जगह पुष्प वर्षा करते हुए उसका फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया गया। मुंबई के नसेज इलाके की निवासी 20 वर्षीय शबनम मध्य प्रदेश के रास्ते होकर 28 दिनों में कोई 1350 किलोमीटर का रास्ता तय करके अपने तीन अन्य मित्रो के साथ यहां पहुंची है। अनवरत पैदल चलने के कारण उसके पैरों में न सिर्फ सूजन आ गई है बल्कि



छाले भी पड़ गए है। फिर भी उसके उत्साह में कोई कमी नही आई है। अयोध्या पहुंचने के लिए हरएक बाधा को पार करने का जज्बा लेकर घर से निकली शबनम पूरे रास्ते मिले लोगों के प्यार से खासी उत्साहित नजर आई।उन्होंने कहा कि वह जिस क्षेत्र में रहती है वहां विभिन्न धर्मों के लोग निवास करते है। वे सभी एक दूसरे के मजहब का न सिर्फ सम्मान करते है बल्कि त्योहारों में जोश-खरोश से शामिल होते है। सर्वधर्म समभाव में आस्था रखने के कारण उसने हिन्दू धर्म और उसके पैगम्बरों को भी पढ़ा है। भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप ने उसे बहुत प्रभावित किया है। श्रीराम ने अयोध्या से लंका तक का सफर पैदल तय किया था। इसी से प्रेरणा को लेकर उसने अयोध्या पैदल जाकर मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मलित होने और प्रभु के दर्शन की ठानी थी। शबनम ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश मे उल्लास का माहौल है। राम को किसी एक मजहब में नहीं बांधा जा सकता है। इसको मजहबी चश्मे से देखने वाले संकीर्ण विचारों से ग्रसित है। किसी की आस्था को चोट पहुचाना ठीक नही है। वह किसी भी प्रकार के फतवे की परवाह नहीं करती। मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखने के बावजूद उसे पूरे सफर में जिस प्रकार हिन्दू भाइयों सहयोग मिला है उसने उसके होशलों को बढ़ाया है। इसके चलते पूरे रास्ते उसे किसी प्रकार का कोई डर भी महसूस नहीं हुआ।

# कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज में हुई पहली सफल प्लास्टलिक सुर्जरी

**बुलंदशहर,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। नवनिर्मित कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कल्याण सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक मरीज की प्लास्टिक सर्जरी की गई है।आपको बता दे कि सड़क दुर्घटना में एक 21 वर्षीय युवती के पैर में चोट लग जाने के करना वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसको परिजनों द्वारा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज बुलंदशहर को रेफर किया गया। नवनिर्मित कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल मनीषा जिंदल ने बताया की जनपद के एक प्राइवेट हॉस्पिटल से 21 वर्षीय घायल मरीज मेडिकल कॉलेज में रेफर होकर आई थी। जिसके पैर में काफी चोट थी फैक्चर भी था पर की हालत ज्यादा ख़राब थी। लेकिन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर संजय मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को पैर की प्लास्टिक सर्जरी की गई। और प्लास्टिक सर्जरी पूर्ण रूप से सफल रही। और बताया कि यह सर्जरी आयुष्मान कार्ड के तहत की गई। जिसके चलते मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत ही किया गया है।





# अन्नपूर्णा देवी, पंडित बिरजू महाराज को दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** 19 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रमों में अन्नपूर्णा देवी जी (अम्मा जी) और बिरजू महाराज को गायन-वादन के साथ श्रद्धांजलि दी गयी।


दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत श्री त्रिभुवन महाराज की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुई, जिसके बाद बिरजू महाराज की शिष्या सुश्री विधि शर्मा की मनमोहक गायन प्रस्तुति दी और पंडित योगेश सैमसी ने तबला वादन किया। बिरजू महाराज के ज्येष्ठ पुत्र जय किशन महाराज ने इस मौके पर कहा कि माता-पिता को श्रद्धांजलि देना हर बार एक खास एहसास होता है, क्योंकि वे सिर्फ हमारे माता-पिता नहीं थे, वे हमारे शिक्षक भी थे। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने हमें न केवल हमारी कला को समृद्ध किया बल्कि बेहतर जीवन जीने का तरीका भी सिखाया था। उन्होंने कहा कि चारों ओर देखने पर यह स्पष्ट हो गया है कि अम्मा और बाबू (अन्नपूर्णा देवी-बिरजू महाराज) दोनों की विरासत निर्विवाद थी। हम हमेशा उस विरासत को आगे बढ़ाने और उसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। यह सिर झुका हुआ है क्योंकि हमने हमेशा के लिये उनके जीवन का सम्मान किया है। उनके स्थायी प्रभाव ने शास्त्रीय कला की दुनिया को आकार देना जारी रखा और उन मूल्यों को हमारे सामने रखा जो उनके बच्चों और पोते-पोतियों के माध्यम से आगे गूंजते रहे। इस मौके पर अन्नपूर्णा देवी जी के नाम पर वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की गई। इस वर्ष की योग्य छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता तृषा गुलाटी रहीं।

स्विस शोधकर्ताओं की टीम ने पहचाना

# लॉन्ग कोविड में सेल डैमेज का क्या है कारण

**लंदन,** 19 जनवरी (एजेंसियां)। स्विस शोधकर्ताओं की एक टीम ने पहचाना है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा, लंबे समय तक रहने वाले कोविड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सार्स-सीओवी-2 वायरस से संक्रमित अधिकांश लोग गंभीर बीमारी के बाद ठीक हो जाते हैं। हालांकि, संक्रमित लोगों में कुछ को लंबे समय तक चलने वाले लक्षण विकसित होते रहते हैं। लॉन्ग कोविड के कारण अभी भी अज्ञात हैं, और कोई नैदानिक परीक्षण या उपचार नहीं हैं।

